वर्ष 19 | अंक 110 | पृष्ठ 12

देवघर

मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024

मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक

# श्वेत पत्र

आपकी बात सच के साथ





पेज 12 : न्यूज़ीलैंड ने पहली बार...


www.shwetpatra.co.in | देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित | E-mail : shwetpatra10@gmail.com


# भारत-चीन लद्दाख में पेट्रोलिंग के नए सिस्टम पर सहमत

● एलएसी से सैनिक पीछे हटा सकते हैं दोनों देश ● गलवान जैसा टकराव को टाला जा सकेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिक्स समिट में शिरकत से पहले भारत और चीन के बीच बड़ा समझौता हुआ है। दोनों देश लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर पेट्रोलिंग के लिए सहमत हो गए हैं। इससे पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझ सकता है और टकराव में भी कमी आ सकती है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को इस समझौते की जानकारी दी। उन्होंने




बताया कि पिछले कई हफ्तों से भारत और चीन के अधिकारी इस मुद्दे पर बातचीत कर रहे थे। सेना के अफसर भी बातचीत में शामिल थे।

पेट्रोलिंग के नए सिस्टम पर सहमति के बाद दोनों देश सेनाएं पीछे हटा सकते हैं। देपसांग प्लेन डेमचोक में सैनिकों को पेट्रोलिंग पॉइंट्स पर जाने की इजाजत अभी नहीं है। यहां सेनाएं अभी मौजूद हैं। पेट्रोलिंग का नया सिस्टम इन्हीं पॉइंट्स से संबंधित है। इससे 2020 के गलवान जैसे टकराव को टाला जा सकता है।

### 2020 में गलवान में हुआ था चीन-भारत की सेना में टकराव

लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून 2020 को भारत-चीन के सैनिकों के बीच खूनी झड़प हुई थी। इसी के बाद दोनों देशों के बीच विवाद गहराया।

**आर्मी चीफ ने कहा था- हमें लड़ना भी है, सहयोग भी करना है-** 1 अक्टूबर को भारत के आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था कि चीन के साथ भारत के हालात स्थिर हैं, लेकिन ये सामान्य नहीं हैं, काफी संवेदनशील हैं। चीन के साथ हमें लड़ना भी है, सहयोग करना है, साथ रहना है, सामना करना है और चुनौती भी देनी है। उन्होंने कहा था कि भारत और चीन के बीच अप्रैल से अब तक कमांडर लेवल की 17 बैठकें हुई हैं। इन बैठकों में हमने कई मुद्दों पर चर्चा की है।

**जिनेवा में विदेश मंत्री ने कहा था- चीन से विवाद का 75 प्रतिशत हल निकला-** जयशंकर ने कहा था कि समस्या का समाधान ढूंढने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में टंकी काटते समय धमाका, जिंदा जली महिला

**वाराणसी (एजेंसी)।** वाराणसी में सोमवार दोपहर कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। तेज धमाके के साथ लगी आग में एक महिला जिंदा जल गई। परिवार के अन्य लोग झुलस गए। हादसा गोदाम में सीएनजी की टंकी को गैस कटर से काटते समय हुआ। सीएनजी की टंकी में गैस भरी थी। तभी गोदाम मालिक ने कटर चलाना शुरू कर दिया। कटर की चिंगारी से गैस ने आग पकड़ ली। गोदाम आग का गोला बन गया। धमाके की आवाज 2 किमी तक सुनाई थी। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। आग पर काबू पाया। एक घंटे की आग में गोदाम का सारा सामान भी जलकर राख हो गया। पुलिस ने अधजले शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।



### सीएम नीतीश ने डीजीपी के आगे जोड़े हाथ

**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के डीजीपी आलोक राज के सामने हाथ जोड़ लिए। उन्होंने डीजीपी से हाथ जोड़ते हुए कहा कि जल्द नियुक्ति करा दीजिए। अगले साल चुनाव होना है, ऐसे में 6 महीने में पुलिस बहाली पूरी कर लीजिए।




पुलिस विभाग के कार्यक्रम में नीतीश कुमार खुले मंच से डीजीपी के सामने हाथ जोड़कर उनसे अपील करने लगे। डीजीपी की तरफ हाथ जोड़ते हुए सीएम ने कहा कि जल्दी से और भी नियुक्ति करा दीजिए, पुलिस में महिलाओं की संख्या 35 फीसदी करिए। सीएम सोमवार को बापू सभागार में नव नियुक्त दरोगा को नियुक्ति पत्र बांटने पहुंचे थे। जहां अपने भाषण के दौरान उन्होंने डीजीपी के आगे हाथ जोड़ लिए।

### 24 अक्टूबर को ओडिशा के तटों से टकराएगा साइक्लोन दाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंडमान सागर से उठा चक्रवाती तूफान दाना 23 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी पहुंच जाएगा। 24 अक्टूबर को यह ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तट से टकराएगा।



मौसम विभाग ने साइक्लोन के लैंडफॉल की जानकारी नहीं दी है। अनुमान है कि यह पुरी से टकरा सकता है। तूफान का दाना नाम सऊदी अरब ने दिया है। दाना का मतलब उदारता होता है।

### महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 4 नक्सली ढेर

**गढ़चिरौली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है, जहां पुलिस ने चार नक्सलियों को मार गिराया। मीडिया सूत्रों ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से इसकी पुष्टि की है।

## फ्लाइट्स में बम की धमकी पर एक्शन लेगी सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि फ्लाइट्स में बम की धमकियों से निपटने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की योजना बनाई जा रही है। धमकी देने वालों को नो-फ्लाई लिस्ट में डाला जाएगा। एविएशन सिक्योरिटी नियमों के साथ ही सिविल एविएशन एक्ट, 1982 में संशोधन की भी योजना बनाई जा रही है।

**अब तक 100 धमकियां मिल चुकीं**

वहीं, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के महानिदेशक जुल्फिकार हसन और सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने भी सोमवार को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन से मुलाकात की। करीब आधे घंटे चली, लेकिन बैठक का ब्योरा अभी सामने नहीं आया है।

गृह मंत्रालय ने फ्लाइट्स में बम की धमकियों के संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और बीसीएएस से डिटेल रिपोर्ट मांगी थी।

### आतंकी पन्नू ने दी एअर इंडिया में विस्फोट की धमकी

**अमृतसर (एजेंसी)।** अमेरिका में रह रहे सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एअर इंडिया में बम विस्फोट की धमकी दी है। आतंकी पन्नू ने वीडियो जारी कर 1984 के सिख दंगों का बदला लेने की बात कही। उसने लोगों को एअर इंडिया में सफर न करने की सलाह दी।



पन्नू ने कहा- नवंबर में 1984 में हुए सिख दंगों की 40वीं बरसी है। 1984 में 13 हजार से अधिक सिख, महिलाओं और बच्चों को मार दिया गया। आज भी दिल्ली में विधवा कॉलोनी है। ये पूरी घटना भारतीय हुकूमत द्वारा की गई थी।

### सपा सांसद राम गोपाल यादव ने सीजेआई को अपशब्द कहे

कहा- अभी भी उन्हें मंदिर और बाबरी मस्जिद दिख रहा है



**मैनपुर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के महासचिव राम गोपाल यादव ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा- जब मुर्दों को जिंदा करे हो, तो वो भूत बन जाते हैं। कहां हैं वो? अब भी मंदिर और बाबरी मस्जिद दिख रहा है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार (20 अक्टूबर 2024) को कहा था कि उन्होंने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के समाधान के लिए भगवान से प्रार्थना की थी। सीजेआई ने कहा कि अगर आस्था हो तो भगवान कोई भी रास्ता निकाल देते हैं।

### दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की किरण बना, आशा का संचार कर रहा : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में वैश्विक स्तर पर भारत के उदय के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि 21वीं सदी 'भारत की सदी' क्यों है, देश किस तरह तेजी से आगे बढ़ रहा है और दुनिया भर के निवेशक भारत के सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने को लेकर कैसे उत्साहित हैं। एनडीटीवी वर्ल्ड को लॉन्च करते हुए पीएम मोदी ने भारत के विकास की गति और गति के बारे में बात की। प्रधानमंत्री ने कहा भारत की तेज वृद्धि - दुनिया में सबसे तेज - और देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण को देखते हुए, कई वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत के विकास के पूर्वानुमान को अपग्रेड किया है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया भर के निवेशक भारत के विकास पर उत्सुकता से नज़र रख रहे हैं और सबसे तेजी से बढ़ते बाजार में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक उभरती हुई शक्ति करार देते हुए सोमवार को कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है, वह उम्मीद की एक किरण बना है तथा आशा का संचार कर रहा है। समाचार चैनल एनडीटीवी की ओर से आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि भारत हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है और इसका पैमाना अप्रत्याशित है।

**विधानसभा चुनाव**

### दूसरे चरण की आज जारी होगी अधिसूचना

**रांची (एप्र)।** राज्य विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की अधिसूचना मंगलवार को जारी होगी। इसके साथ झारखंड की बाकी बची 38 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन शुरू हो जाएंगे। इन 38 सीटों में 3 अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं, तो आठ अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए। दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन का दौर शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार 29 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। एक नवंबर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण की वोटिंग 20 नवंबर को होगी। 23 नवंबर को झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर मतगणना कराई जाएगी। झारखंड में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया 25 नवंबर को पूरी हो जाएगी। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने 15 अक्टूबर को विधानसभा आम निर्वाचन झारखंड 2024 के कार्यक्रम की घोषणा की थी। साथ ही पूरे झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। पहले चरण की अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की गई थी। 25 अक्टूबर तक पहले चरण के लिए नामांकन होंगे। झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीटें हैं। लंबे समय तक नक्सलवाद से त्रस्त इस राज्य में पहली बार सिर्फ 2 चरणों में वोटिंग हो रही है।

## गांदरबल के गगनगीर इलाके में आतंकी हमला

● डॉक्टर समेत 6 मजदूरों की मौत, 3 बिहार के ● लश्कर के संगठन टीआरएफ ने ली जिम्मेदारी

### रेकी के बाद टनल साइट पर की थी फायरिंग

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में रविवार देर रात हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। मीडिया सूत्रों ने सोमवार को बताया कि टीआरएफ चीफ शेख सज्जाद गुल इस हमले का मास्टरमाइंड था।

गांदरबल के गगनगीर इलाके में श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे की टनल कंस्ट्रक्शन साइट पर आतंकियों ने फायरिंग की। हमले में बड़गाम के डॉक्टर शहनवाज मीर और पंजाब-बिहार के 6 मजदूरों की जान चली गई।



### हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा : अमित शाह

इस जघन्य और कायरतापूर्ण हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें हमारे सुरक्षाबलों की ओर से कठोरतम जवाब का सामना करना पड़ेगा। इस दुख की घड़ी में मैं मृतकों के परिवारों के साथ हूं।

**हमला कायरतापूर्ण :** राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर का हमला कायरतापूर्ण और अक्षम्य अपराध है। आतंकियों का यह दुस्साहस जम्मू-कश्मीर में निर्माण का क्रम और लोगों का विश्वास कभी नहीं तोड़ पाएगा। इस लड़ाई में पूरा देश एकजुट है।

**मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं:** सीएम ने गैर-स्थानीय मजदूरों पर कायरतापूर्ण हमला बहुत दुखद है। ये लोग इलाके में एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे। मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं।

### योगी सरकार को सुप्रीम झटका

मदरसा छात्रों का सरकारी स्कूलों में दाखिले वाले आदेश पर रोक

**लखनऊ (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मदरसा छात्रों को लेकर बड़ा आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने 21 अक्टूबर सोमवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण




आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा जारी निर्देशों के अमल पर रोक लगा दी, जिसमें यूपी सहित कई राज्यों से गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में शिफ्ट करने का आग्रह किया गया था। आज यह मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष आया, जिसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे।

## चंद्रबाबू बोले- लोग ज्यादा बच्चे पैदा करें

● जिनके 2 से ज्यादा बच्चे, भविष्य में वही चुनाव लड़ेंगे ● आंध्र में कई जिले ऐसे, जहां सिर्फ बुजुर्ग

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य में लोगों की बढ़ती औसत उम्र चिंता का विषय है। परिवारों को कम से कम दो या उससे ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए। आने वाले समय में जिनके दो या उससे ज्यादा बच्चे होंगे, वहीं स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे। राज्य सरकार इसके लिए जल्द ही कानून बनाएगी। नायडू ने आगे कहा कि आंध्र प्रदेश के कई जिले ऐसे हैं, जहां गांवों में सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। साउथ के राज्यों में फर्टिलिटी रेट लगातार गिरता जा रहा है। देश में औसत प्रजनन दर जहां 2.1 है, वहीं साउथ स्टेट्स में यह आंकड़ा गिरकर 1.6 तक पहुंच गया है। छ्रू ने कहा, पहले वह पॉपुलेशन कंट्रोल की बात करते थे लेकिन अब स्थिति बदल गई है।

**बूढ़ा हो रहा भारत, युवा आबादी घट रही-** केंद्र की यूथ इन इंडिया-2022 रिपोर्ट के मुताबिक 2036 तक देश की 34.55 करोड़ आबादी ही युवा होगी, जो अभी 47 प्रतिशत से ज्यादा है।



**स्टालिन बोले- लोग 16 बच्चे पैदा करने की कहावत पर लौट सकते हैं-** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि लोकसभा सीटों के परिसीमन से कई लोग 16 बच्चे पैदा करने की तमिल कहावत पर लौट सकते हैं। लेकिन जो भी हो, तमिल लोगों को अपने बच्चों के तमिल नाम ही रखना चाहिए। स्टालिन चेन्नई में 31 जोड़ों के शादी समारोह में पहुंचे थे। यहां ही उन्होंने बयान दिया।

स्टालिन ने ये भी कहा कि बीते समय में हमारे बड़े-बूढ़े नवदंपतियों को 16 प्रकार की संपत्ति अर्जित करने का आशीर्वाद देते थे, जिसमें शोहरत, शिक्षा, संपत्ति, वंशावली शामिल हैं। अब लोग संपन्नता के लिए छोटे परिवार में विश्वास करने लगे हैं।

**क्या होता है फर्टिलिटी रेट-** नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के मुताबिक, भारत में हर महिला औसतन दो या उससे ज्यादा बच्चे को जन्म देती है। हालांकि इनमें से कई बच्चे ऐसे हैं जो 18 साल तक जीवित नहीं रहते। वहीं कुछ महिलाएं बच्चे पैदा नहीं कर पातीं।

### बढ़ते प्रदूषण के बीच दिल्ली-एनसीआर में लागू हुआ ग्रैप-2

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में सर्दियों के बढ़ने के साथ ही प्रदूषण भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इस बीच दिल्ली में ग्रैप-2 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। एक्यूआई लेवल 300 से ज्यादा होने पर सीएक्यूएम ने आदेश जारी किया। मंगलवार सुबह 8 बजे से ग्रैप-2 लागू होगा। इस आदेश के लागू होते ही दिल्ली-एनसीआर में डीजल जनरेटर पर रोक लगेगी।



#### क्या है जीआरएपी?

ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा बनाया गया एक योजना है। इसके अंतर्गत प्रदूषण के स्तर के अनुसार विभिन्न चरणों में पाबंदियां लगाई जाती हैं। जैसे-जैसे प्रदूषण बढ़ता है, वैसे-वैसे जीआरएपी के चरण भी बढ़ते हैं।

## एक नजर

### संघ ने सिविल सर्जन का किया स्वागत

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ के पदाधिकारियों ने सिविल सर्जन से मुलाकात की और बुके भेंट कर उनका




जिला में स्वागत किया। इस मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए वे हमेशा से प्रयासरत रहे हैं और भविष्य में भी उनका सहयोग संगठन को मिलता रहेगा। सभी चिकित्सक सेवा भाव से ड्यूटी करें और कार्य स्थल पर उपस्थित रहें। मौके पर राज्य उपाध्यक्ष डॉ. शरद कुमार, जिला सचिव सह उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ. प्रभात रंजन, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अम्बरीष ठाकुर मौजूद थे।

### धनबाद स्टेशन से 12 लीटर बियर व अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद रेलवे स्टेशन पर सोमवार को ऑपरेशन सतर्क के तहत, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और केंद्रीय खुफिया ब्यूरो (सीआईबी) की संयुक्त टीम ने प्लेटफार्म संख्या 02 पर गश्त के दौरान एक युवक को 12 लीटर बियर और अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। युवक, जिसकी पहचान मुकुल कुमार (23 वर्ष), निवासी पहाड़पुर, चंदौल, गया, बिहार के रूप में हुई, थैले और बैग के साथ खड़ा था। आरपीएफ ने उसे संदेह के आधार पर पूछताछ की, तो वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन वहां तैनात जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसकी बैग की जांच में 24 बोतल बियर (प्रत्येक 500 मि.ली.) और 1 बोतल मैकडॉवेल 'नम्बर वन रम (180 मि.ली.) बरामद हुई। कुल 12.18 लीटर शराब और बियर की कीमत लगभग ?2800 थी। जब उससे वैध कागजात मांगे गए, तो उसने कोई दस्तावेज नहीं दिखाया और अपनी गलती स्वीकारते हुए माफी मांगी। उसने बताया कि वह झारखंड से शराब और बियर खरीदकर बिहार में ऊँचे दामों पर बेचता था। आरपीएफ ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर युवक को गिरफ्तार कर लिया, और बरामद माल को मद्य-निषेध विभाग, धनबाद को सौंप दिया गया। मामले की जांच जारी है।

### शहीद पुलिस कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद (एप्र)।** पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर अपने कर्तव्य के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियो को सोमवार को पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि



दी गई।इस अवसर पर एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को नमन किया।मौके पर एसएसपी ने शहीदों के परिजन को सम्मानित किया और उनका दुःख बांटने की कोशिश की। एसएसपी ने कहा कि अपने कर्तव्य के दौरान देश के लिए शहीद होना गौरव की बात है। हालांकि शहीदों की क्षति को भुलाया नहीं जा सकता है।मौके पर डीएसपी धीरेंद्र नारायण बंका, डीएसपी नौशाद आलम, एसडीपीओ आशुतोष सत्यम, डीएसपी सुमित कुमार,एसडीपीओ रजत मणिक बाखला,डीएसपी अरविंद सिंह, डीएसपी संजीव कुमार,डीएसपी शंकर कामती,प्रचारी प्रवर प्रथम अवधेश कुमार समेत कई पदाधिकारी व जवान मौजूद थें।


### कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने अजीज शाह बाबा के मजार पर की चादर पोशी

**लोयाबाद (एप्र)।** लोयाबाद में हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा के 87वें वार्षिक उर्स पाक के मौके पर, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने रविवार की शाम बाबा के मजार पर चादर पोशी की। इस दौरान, उन्होंने बाबा से राज्य और क्षेत्र की भलाई के लिए दुआ मांगी। लोयाबाद मुस्लिम कमिटी की ओर से उन्हें पगड़ी बांधकर और बेच लगाकर सम्मानित किया गया। चादर पोशी के समय, जलेश्वर महतो ने कहा कि उनका बाबा के दरबार से पुराना संबंध है और यहाँ की आस्था महत्वपूर्ण है। वे हर साल उर्स के उत्सव में बाबा का आशीर्वाद लेने आते हैं। उन्होंने बताया कि बाबा का दरबार विभिन्न धर्मों के लिए एकता का प्रतीक है, जहाँ सभी समुदाय के लोग एकत्र होते हैं।कमिटी के जनरल सचिव असलम मंसूरी ने भी कहा कि अजीज शाह बाबा का संबंध सभी धर्मों के लोगों के साथ है। उर्स पर्व के बाद भी लोगों का आना यहां जारी रहता है। इस अवसर पर कमिटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, महामंत्री असलम मंसूरी, और लोयाबाद चेम्बर के अध्यक्ष राजकुमार महतो समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### जसीडीह रेलवे स्टेशन पर हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**देवघर (का.प्र)।** जसीडीह रेलवे स्टेशन पर दो देसी कट्टा और कारतूस के साथ जीआरपी ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सुमित सिंह है, जो पटना के पंडारक के बिहारी बिगहा का रहने वाला है। पुलिस ने उसके बैग से हथियार बरामद किया है। युवक का मामा घर देवीपुर के तिलजोरी गांव में है। सोमवार को वह मामा घर से वापस जा रहा था। स्टेशन पर पटना की ट्रेन पकड़ने के लिए खड़ा था। पुलिस को शक हुआ तो उसके बैग की तलाश ली गई, जिसमें हथियार और कारतूस मिला।

### मधुपुर पुलिस ने चुनाव को लेकर एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**मधुपुर (निसं)।** गिरिडीह मधुपुर मुख्य सड़क मार्ग के पम्पु तलाब के पास आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान पुलिस ने सड़क पर आने जाने बाइक समेत अन्य गाड़ियों की जांच की।

# 28 को सारठ विधानसभा सीट से नामांकन करेंगे रणधीर सिंह

**श्वेत पत्र / चितरा (एप्र)।**



विधायक रणधीर सिंह ने सोमवार को पैतृक गांव सहरजोरी स्थित ऑडिटोरियम हॉल में विधानसभा स्तरीय कार्यकताओं का सम्मेलन कर हजारों कार्यकताओं को चुनावी मैदान में कूद जाने का आह्वान किया। वहीं अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने लगातार दो बार उनपर भरोसा करके उन्हें क्षेत्र का प्रतिनिधि बनाया, तो उन्होंने अपने 10 साल के कार्यकाल के क्षेत्र का समग्र विकास करने में कोई कसर भी नहीं छोड़ी। आगामी 28 अक्टूबर को नामांकन का पर्चा दाखिल करने की भी पूरी तैयारी पार्टी कार्यकताओं को ही करनी है। चुनाव में नामांकन के दिन हमें संयमित और अनुशासन में रहने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी सीमा रेखा लांघने से रोकना है। वहीं नामांकन के जुटी भीड़ शक्ति प्रदर्शन होता है, इसलिए 50 हजार से कम लोग किसी सूरत में नहीं हो, इसका भी सभी कार्यकर्त्ता ध्यान रखे। सम्मेलन को कई अन्य पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने भी संबोधित किया और हर पंचायत से खुद के खर्च पर दो पहिया व चार पहिया वाहन लेकर पार्टी कार्यकताओं के साथ शामिल होने का भरोसा दिया। विधायक ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता क्षेत्र में 10 साल के दरमियान में उनके प्रयास से हुए एक-एक विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचना सुनिश्चित करें और जनता से विकास के नाम पर वोट मांगे, कार्यकताओं को लगातार तीसरी बार भी ऐतिहासिक जीत के साथ हैट्रिक जीत प्राप्त करने का मौका मिलने से कोई मां का लाल नहीं रोक सकता है। वहीं उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में जब वो राज्य के कृषि मंत्री थे, पार्टी के एक एक कार्यकर्ता को पता है कि क्षेत्र के सैंकड़ों किसानों को सरकार की किसान हित में चलाई गई योजनाओं का लाभ उनके दरवाजे तक पहुंचाने का काम किया। मौके पर बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ तिवारी, सारठ विधानसभा प्रभारी, सभी मंडल अध्यक्ष समेत करीब ढाई हजार पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कलेक्ट्रेट में नामांकन की सभी तैयारियां की पूरी

**ग्राउंड फ्लोर में सिंदरी व निरसा, प्रथम फ्लोर में धनबाद, झरिया,टुंडी व तृतीय फ्लोर पर है बाघमारा के निवार्ची पदाधिकारी का कार्यालय**




**धनबाद (एप्र)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024, को विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट में नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024 रहेगी। 30 अक्टूबर 2024 को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं 1 नवंबर 2024 को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 20 नवंबर 2024 को मतदान, 23 नवंबर 2024 को मतगणना की जाएगी।विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में नामांकन करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए जमानत की राशि 10 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए जमानत की राशि 5000 रुपए है।

#### ग्राउंड फ्लोर

38 सिंदरी विधानसभा के लिए अभ्यर्थी कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 4 में निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार तथा 39 निरसा विधानसभा के लिए कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 24 में निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

#### प्रथम फ्लोर

40 धनबाद विधानसभा के लिए अभ्यर्थी कमरा नंबर 116 में निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के लिए कमरा नंबर 108 में निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा तथा 42 टुंडी विधानसभा के लिए कमरा नंबर 112 में निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी श्री दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

#### तृतीय फ्लोर

43 बाघमारा विधानसभा के लिए अभ्यर्थी तृतीय फ्लोर पर कमरा नंबर 303 में निवार्ची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।इसके अलावा अभ्यर्थियों के लिए कलेक्ट्रेट के सामने विधानसभा वार हेल्प डेस्क और प्रत्येक फ्लोर पर बैठने की व्यवस्था की गई है।

### विस चुनाव टिकट लेकर धनबाद पहुंचे राज सिन्हा, हुआ जोरदार स्वागत



**धनबाद (एप्र)।** भाजपा उम्मीदवार राज सिन्हा को धनबाद विधानसभा से चौथी बार टिकट मिलने पर उनके दिल्ली से लौटने पर धनबाद स्टेशन पर हजारों कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा समर्थकों और कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। स्टेशन पर स्वागत के बाद, राज सिन्हा ने धनबाद में विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर फूल अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने धनबाद विधानसभा की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर रखा है, उसे गंभीरता से पूरा करने का प्रयास करेंगे। राज सिन्हा ने कहा कि यदि झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है, तो उनकी प्राथमिकता संगठित अपराध का खात्मा होगा। धनबाद की जनता को उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे आधारभूत संरचना निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि धनबाद विधानसभा क्षेत्र में सड़कों,नालियों और पानी की उचित व्यवस्था जैसी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उनका उद्देश्य क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए धनबाद के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

### सूड़ी समाज धनबाद विधानसभा के चार सीटों से लगेगा चुनाव



**धनबाद (एप्र)।** झारखंड सूड़ी समाज कल्याण समिति ने धनबाद की चार विधानसभा सीटें - निरसा, सिंदरी, टुंडी और धनबाद - पर उम्मीदवार खड़ा करने का ऐलान किया है। समिति के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मंडल ने यह जानकारी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा की। उन्होंने बताया कि भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है, लेकिन मंडल समाज को चयन प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। निरसा, सिंदरी, टुंडी और धनबाद में मंडल समाज की संख्या काफी है। इतिहास बताता है कि सिंदरी विधानसभा में फूलचंद मंडल ने जीत हासिल की थी कि वहां मंडल समाज की एक मजबूत उपस्थिति है। अब कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सूड़ी समाज चार सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगा। समिति के महासचिव ने कहा कि भाजपा ने 66 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की, लेकिन मंडल समाज से एक भी उम्मीदवार नहीं दिया, जिससे मंडल समाज में काफी नाराजगी है। प्रेस वार्ता में प्रफुल्ल मंडल, सैलन मंडल, विजय मंडल, सुनील मंडल, नुनूलाल मंडल, राजेश मंडल, और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सीआईएसएफ ने लोहा किया जब्त

**अलकडीहा (एप्र)।** बीसीसीएल के भूलन बरारी बंद रोपवे स्टोर और कार्यशाला में लाखों की मूल्यवान लौह सामग्री में से अपराधी खुलेआम चोरी कर रहे हैं। गोपनीय सूचना मिलने के बाद सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जेसीबी तथा एक पिकअप वैन से लोहा जब्त किया, लेकिन चोर भागने में सफल रहे। सूत्रों के अनुसार, लौह तस्करों का हौसला इतना बढ़ गया है कि वे अब दिन के उजाले में कोलियरी के बंद रोपवे से छोटे वाहनों और जेसीबी मशीन से लोहा निकाल रहे हैं।

# पोषण सखियां डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को करेंगी जागरूक

**आईएमए, बार एसोसिएशन के साथ भी बैठक आयोजित**



**धनबाद(एप्र)।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पोषण सखियां अपने अपने क्षेत्र में डोर टू डोर जाकर मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करेंगी। साथ ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं धनबाद बार एसोसिएशन भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आगे बढ़कर हिस्सा लेगा।इसको लेकर सोमवार को स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने झमाडा के सभागार में बार एसोसिएशन एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने न्यू टाउन हॉल में पोषण सखियों के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि विभिन्न भ्रांतियों के कारण शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कम दर्ज होता है।उन्होंने पोषण सखियों से अपने क्षेत्र के हर मतदाता से डोर टू डोर मिलकर उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने, एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताने, जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में है उन्हें मतदान के दिन मतदान केंद्र तक भेजने, पिछले चुनाव में किस मतदाता ने वोट नहीं किया और क्यों नहीं किया, उसकी जानकारी प्राप्त करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के दौरान पोषण सखियों को बताया गया कि जिनके पास वोटर आई कार्ड है परंतु उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, वे वोट नहीं दे सकते। जबकि जिनके पास वोटर आई कार्ड नहीं है लेकिन वोटर लिस्ट में नाम है, वैसे मतदाता आयोग द्वारा प्रमाणित 12 अन्य दस्तावेज से मतदान कर सकते हैं।इसके अलावा उन्हें नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल (एनएसवीपी), हेल्पलाइन नंबर 1950, वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई।बैठक के समापन पर सभी ने आगामी विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी,बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी सहित बड़ी संख्या में शहरी क्षेत्र की पोषण सखियां मौजूद थी। जबकि झमाडा के सभागार में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के झारखंड स्टेट अध्यक्ष डॉ ए.के. सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेन्द्र सहाय व अन्य लोग मौजूद थे।

### हेमंत सरकार को भ्रष्ट और लुटेरा ठहराते हुए विधानसभा चुनाव में उन्हें हटाने का रागिनी सिंह ने किया आह्वान



**झरिया (एप्र)।** भाजपा की उम्मीदवार रागिनी सिंह की जीत के लिए झरिया बिहार बिल्डिंग कार्यालय में जनता श्रमिक संघ और जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) ने एक संयुक्त बैठक आयोजित की। इस बैठक में प्रमुख रूप से उम्मीदवार रागिनी सिंह और महासचिव सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह शामिल हुए। मनीष सिंह ने अपने कोलियरी मजदूरों और संगठन के सदस्यों के साथ उम्मीदवार रागिनी सिंह का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि झरिया की वर्तमान स्थिति किसी से छिपी नहीं है। पिछले पांच वर्षों में यहां विकास नहीं हुआ,बल्कि लूट-खसोट का ही प्रचार हुआ है। सड़कें और नालियां बनती हैं, लेकिन दूसरी ओर उखड़ने लगती हैं, ये किस तरह का विकास है? ठेकेदार तो मजबूर है, क्योंकि 50 प्रतिशत कमीशन में ही चला जाता है। उम्मीदवार रागिनी सिंह ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय ही मईया योजना जैसे कार्यक्रम शुरू होते हैं, जबकि पिछले पांच वर्षों में कोई विकास नहीं हुआ। चुनाव के नजदीक आते ही विकास की बात की जाती है। ऐसे कई लोग चुनावों में आते हैं, जो भोली-भाली जनता को पानी और बिजली जैसी समस्याओं का हल देने का झूठा आश्वासन देते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने निजी पानी टैंकरों से झरिया विधानसभा के विभिन्न हिस्सों में पानी पहुंचाया है, जबकि हर घर नल जल योजना अब तक प्रभावी नहीं हो पाई है। झरिया की जनता आज भी पानी और बिजली की समस्याओं से जूझ रही है। रागिनी सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार को भ्रष्ट और लुटेरा ठहराते हुए विधानसभा चुनाव में उन्हें हटाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य की जनता झामुमो गठबंधन सरकार की नाकामी का बदला लेने के लिए तैयार है। झरिया विधानसभा चुनाव में भाजपा एक ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी और राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। सिंह परिवार हमेशा झरिया की देवतुल्य जनता की सेवा करने के भाव से आगे बढ़ता है।

### अज्ञात वाहन के धक्के से महिला की मौत

**महुदा (एप्र)।** चास सोलागीडी से कतरास जा रहे मोटरसाइकिल (संख्या जेएच 09 क्यू / 5858) को एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसके परिणामस्वरूप पति-पत्नी सड़क पर गिर पड़े और महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और महुदा राजगंज फोरलेन सड़क को जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे। महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे, साथ ही बाघमारा अंचल अधिकारी और पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो भी पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। बाघमारा अंचल अधिकारी ने दुर्घटना के मुआवजे का आश्वासन दिया, जिसके बाद सड़क जाम हटाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतिका की उम्र 47 वर्ष थी, और शाम 5 बजे तक सड़क जाम रहा, जिससे लंबे ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई।

### अंतर जिला वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, चार गिरफ्तार



**धनबाद (एप्र)।** धनबाद पुलिस ने अंतर जिला वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया है,जिससे चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह देवघर से दुमका तक फैला हुआ था, जिसे अब खत्म कर दिया गया है। पुलिस ने देवघर जिले से आठ और दुमका जिले से दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह गिरोह धनबाद को निशाना बनाकर बाइक चुराकर दूसरे जिलों में बेचता था। पुलिस ने एक सदस्य को पकड़ने के बाद धीरे-धीरे पूरे मामले की परतें खोलीं। गिरोह का मुख्य आरोपी सनातन रविदास, जो धनबाद का निवासी है, को पहले गिरफ्तार किया गया। उसके बाद संतोष रजक, सनातन मंडल और कमल हंसदा को पकड़ा गया, जिनमें से दो देवघर और एक दुमका का रहने वाला है। पुलिस ने कुल 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। सोमवार को धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से बाइक चोरी में शामिल था और डीएसपी (ला एंड आर्डर) की अगुवाई में गठित टीम ने इस सफलता को हासिल किया। उन्होंने यह भी बताया कि जिनकी बाइक बरामद हुई है, उन्हें जांच के बाद वापस कर दी जाएगी।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, मंगलवार, 22 अक्टूबर, 2024



# कामेश्वर दास देवघर से लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव, नाराय▯की बढ़ेगी मुश्किलें

- नामांकन करने के लिए शुभ दिन-तिथि का इंतजार
- भाजपा-जदयू के बीच दोस्ताना संघर्ष की भी संभावना

**श्वेत-पत्र/देवघर (का.प्र.)।**

जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कामेश्वरनाथ दास ने देवघर विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। श्वेत-पत्र से बातचीत में कामेश्वर दास ने कहा कि वे पूर्व में देवघर से विधायक रह चुके हैं। लेकिन इस बार जदयू ने संगठन के लोगों को टिकट नहीं दिया। इस कारण पार्टी को दिखाने के वे देवघर विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहे हैं। शुभ दिन और तिथि दिखा कर नामांकन करेंगे। उन्होंने यह भी संभावना जताई कि देवघर में भाजपा के साथ जदयू का दोस्ताना संघर्ष भी हो सकता है। जदयू आलाकमान इस दिशा में विचार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि देवघर के लोगों का समर्थन उन्हें मिल रहा है। इस कारण निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहा हूं और जीत को लेकर भी आश्वस्त हूं।



### एक समाज से हैं नारायण -कामेश्वर

उधर, कामेश्वर दास के चुनाव मैदान में उतरने से भाजपा प्रत्याशी नारायण दास की मुश्किलें बढ़ सकती है। क्योंकि नारायण और कामेश्वर दोनों एनडीए के नेता है। कामेश्वर के निर्दलीय चुनाव लड़ने से भाजपा का ही वोट कटेगा। नारायण और कामेश्वर दोनों एक ही समाज से आते हैं। वहीं, अगर देवघर में भाजपा-जदयू के बीच दोस्ताना संघर्ष हुआ तो मुकाबला बेहद रोचक होगा।



### 2005 में जदयू से कामेश्वर ने देवघर से जीता था चुनाव

2005 में कामेश्वरनाथ दास ने देवघर विधानसभा से जदयू की टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। उन्होंने राजद के प्रत्याशी सुरेश पासवान को हराया था। इस चुनाव में देवघर विधानसभा के कुल 145746 ने मतदान किया था, जिसमें जदयू के कामेश्वर दास को 43065 और राजद के सुरेश पासवान को 33442 वोट मिले थे।

### कामेश्वर के पिता पांच बार रह चुके हैं देवघर से विधायक

जदयू नेता कामेश्वरनाथ दास के पिता स्व. बैजनाथ दास देवघर सुरक्षित सीट से पांच बार विधायक रह चुके हैं। 1957 के बाद देवघर विधानसभा सीट सुरक्षित हो गई थी। 1967 में भारतीय जनसंघ के बालेश्वर दास ने कांग्रेस के बैजनाथ दास को 5500 वोट से हराया था। 1972 में बालेश्वर दास कांग्रेस के बैद्यनाथ दास से हार गए थे। इसके बाद बैजनाथ दास देवघर विधानसभा सीट से चार बार और जीते।

### नारायण दास हैट्रिक की तैयारी में

निवर्तमान देवघर विधायक नारायण दास को भाजपा ने तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। पहली बार नारायण दास 2014 में भाजपा की टिकट से चुनाव लड़े थे और जीत हासिल की थी। इसके बाद 2019 में भी भाजपा ने नारायण दास को ही टिकट दिया था। इस बार भी नारायण दास जीते। अगर 2024 का चुनाव नारायण दास जीतते हैं तो उनकी यह हैट्रिक जीत होगी।

## एक नजर

### एम्स में एनाटॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का सम्मेलन आयोजित

**देवघर (का.प्र.)।** एम्स में एनाटॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के बिहार एवं झारखंड चैप्टर का राज्य सम्मेलन का 12वां वार्षिक राज्य सम्मेलन



संपन्न हो गया। एम्स देवघर में शरीर रचना विभाग द्वारा आयोजित सम्मेलन में प्रतिष्ठित वक्ताओं, शोधकताओं और प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो. (डॉ.) सौरभ वार्ष्णेय ने किया। उन्होंने समाज के सामने आने वाली विकलांगताओं को दूर करने में आनुवंशिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर यिा। कहा कि आनुवंशिक कारकों को समझना, विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों के निदान और प्रबंधन में महत्वपूर्ण रूप से योगदान दे सकता है, जिससे अंततः रोगी के परिणामों में सुधार हो सकता है। कार्यक्रम में डॉ रणजीत कुमार (अध्यक्ष), डॉ उर्मिला सिन्हा (आयोजन सचिव), डॉ खुर्शीद रजा (कोषाध्यक्ष) और कार्यकारी सदस्य डॉ अजय पटेल, डॉ अर्पण हलधर, डॉ विशाखा सोनटक्के, डॉ रुचि रत्नेश, डॉ नीलम और डॉ फैजल, प्रो. (डॉ) रीमा दादा, प्रो. (डॉ) अर्चना रानी, डॉ. सबरमीत सिंह, प्रोफेसर (डॉ) रंजीत गुहा, और डॉ. आदिल असगर ने अपने नवीनतम शोध निष्कर्षों को साझा किया। सम्मेलन का उद्देश्य एनाटॉमिकल अध्ययनों और आनुवंशिक अनुसंधान के बीच की खाई को पाटना था, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि ट्रांसक्रिप्टोमिक्स में प्रगति कैसे मानव शरीर रचना और इसकी विविधताओं के बारे में हमारी समझ को बढ़ा सकती है।

### नमक को खुले डिब्बे में नहीं रखें : सीएस




**बैद्यनाथधाम(निसं)।** सदर अस्पताल के सभागार में विश्व आयोडीन न्यूनता विकार नियंत्रण दिवस का उद्घाटन कार्यशाला सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी ने किया। मौके पर जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. अभय यादव, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ प्रभात रंजन, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण कुमार सिंह, सुधांशु शेखर पांडे, राजेश कुमार राय, महेंद्र प्रसाद सिंह, शंकर दयाल दास आदि उपस्थित थे। सिविल सर्जन ने कहा कि नमक को खुले डब्बे में नहीं रखना चाहिए। नमक को गीले हाथ से ना निकले। इसके लिए सूखा चम्मच का प्रयोग करें। नमक का उपयोग भोजन बनाने की शुरूआत में नहीं करना चाहिए। खाना पकाने के अंत में उतारते समय स्वाद अनुसार नमक का प्रयोग करें। मौके पर सदर अस्पताल से जागरूकता रैली भी निकाली गई।

### मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** आरएल सर्राफ उच्च विद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह एवं राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद शरीफ अंसारी ने बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य एक सकारात्मक अवधारणा है, जो व्यक्तिगत और सामाजिक संसाधनों के साथ-साथ शारीरिक क्षमताओं पर भी जोर देती है। साथ ही छात्रों में मानसिक रोग होने के कारण, मानसिक रोग क्या होता है के बारे में विस्तार से जानकारी दी। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ अपर्णा रानी ने मानसिक स्वास्थ्य के टिप्स दिए। डेंटल सर्जन डॉ. शालिनी एवं डेंटल ह्यजेनिस्ट प्रभाकर कुमार ने बच्चों को स्वस्थ दांत रखने के लिए बताया।

### अवैध विदेशी शराब की बिक्री करते एक गिरफ्तार



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** उत्पाद विभाग ने गश्ती सह छापामारी के क्रम में देवीपुर थाना अंतर्गत ठरियारी गांव से अवैध विदेशी शराब की बिक्री करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार का आरोपी का नाम कन्हैया कुमार है। उसके पास से 12.75 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया है।

### मधुपुर में विजया सम्मेलन का आयोजन



**मधुपुर (निसं)।** नेताजी सुभाष जागृति मंच के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी बड़ी ही हर्षोल्लास के साथ विजया सम्मेलन किया गया। यह सम्मेलन कार्यक्रम नेताजी सुभाष जागृति मंच के जिला अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह के निजी आवास स्थित जिला कार्यालय में किया गया। विजय सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेताजी सुभाष जागृति मंच के केंद्रीय अध्यक्ष उदय चक्रवर्ती, केंद्रीय संरक्षक दीपू राज,जिला अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह,महिला मोर्चा अध्यक्ष नमिता दत्ता, महिला जिला महासचिव मंजरी घोष,जिला सचिव सरस्वती चक्रवर्ती, संयुक्त सचिव मुनमुन बोस, बंदना दास,वरिष्ठ सदस्या रामदासी घोष,नगर अध्यक्ष गौतम कर्मकार, सक्रिय सदस्य मनोज कुमार एवं मंच के सदस्य सह पूर्व देवघर विधान सभा प्रत्याशी चंद्रशेखर रजक आदि उपस्थित थे।

### वित्तीय साक्षरता को लेकर स्कूली बच्चों को दी गई जानकारी

**सारठ(एप्र)।** वित्तीय साक्षरता केंद्र एसबीआई देवघर के तत्वावधान में सोमवार को प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेलवरना में वित्तीय



साक्षरता एवं जन सुरक्षा योजना की जानकारी स्कूली बच्चों को दी गई। वित्तीय साक्षरता सलाहकार एनके कर्मकार ने नौवीं -दसवीं कक्षा के बच्चों से सामाजिक सुरक्षा, बैंकिंग सेवा, पेंशन योजना आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं साईबर ठगी से बचने के बारे में जानकारी दी। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विश्वनाथ पंडित, सहायक शिक्षक दिलीप कुमार राय, सीएफएल ट्रेनर अजय कुमार रवानी, गौतम कुमार मौजूद थे।

# निर्वाचन कार्यों में कोताही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई : डीसी

**डीसी ने सभी कोषांगों के नोडल अफसर के साथ की बैठक**

**देवघर (का.प्र.)।** डीसी विशाल सागर ने विधानसभा चुनाव के सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की और निर्वाचन से जुड़े कार्यों की जानकारी ली। डीसी ने निर्वाचन से जुड़े विभिन्न कार्यों को साफ-स्वच्छ, निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर कराने की बात कहीं। 20 नवंबर को होने वाले मतदान को ध्यान में रखते हुए सभी कोषांग के अधिकारियों को अपने-अपने कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। निर्वाचन कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारी-कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी के साथ ऑल वीमेन बूथ, युथ बूथ बनाने पर भी चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान कर्मियों को तिथिवार सभी को चुनाव से संबंधित पूर्ण प्रशिक्षण करवाए। मतदान कार्य मे लगे कर्मी, मतदान केंद्रों पर सुविधा, पीठासीन पदाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि के कल्याण के लिए कल्याण कोषांग गठन करने का निर्देश दिया। ईवीएम के रैंडोमाइजेसन, स्ट्रांग रूम आदि की तैयारियों पूर्ण करा लेने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। निर्वाचन से जुड़े कार्यों के लिए वाहनों की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान डीसी ने सी-विजिल से प्राप्त शिकायतों के निवारण के लिए तीन पालियों में कर्मियों को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया है।



### आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मी पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान

पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर डीसी विशाल सागर ने समाहरणालय में बैठक की। इसमें पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी से सभी को अवगत कराया। साथ ही एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया। डीसी ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची पोस्टल बैलेट कोषांग को तय समय अनुसार उपलब्ध करने की बात कही। एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में विद्युत सेवा, बीएसएनल, रेलवे, डाक सेवा, दूरदर्शन, प्रसार भारती, दूध सेवा, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सेवा, वायु सेवा, राष्ट्रीय राजपथ सेवा, अग्नि सेवा, यातायात सेवा, एंबुलेंस सेवा एवं मीडिया कर्मी शामिल हैं। डीसी ने पोस्टल बैलेट से मतदान से संबंधित सभी विभागों से एक नोडल ऑफिसर चिन्हित करने का निर्देश दिया। वैसे अधिकारी एवं कर्मचारी जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की बात कही। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा, जिसमें आवश्यक जानकारी भरकर डाक मतपत्र शाखा में जमा किया जायेगा। इसके आधार पर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए पात्र हो पाएंगे। बैठक में उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी मे आने वाले कार्यालयों के कार्यालय प्रधानों को निर्देशित किया कि वे अपने सभी कर्मचारियों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना सुनिश्चित करें। अगर किसी का भी मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है तो फॉर्म 6 भरकर अपना नाम दर्ज करें। इस प्रक्रिया के लिए ऑनलाईन वोटर हेल्पलाइन एप या वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से या 1950 पर बात कर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं और अपना इपिक नंबर प्राप्त कर सकते हैं।

## मधुपुर पुलिस ने संस्मरण दिवस पर शहीदों को किया याद



**मधुपुर (निसं)।** मधुपुर पुलिस ने सोमवार को थाना परिसर में शहीद संस्मरण दिवस मनाया। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी त्रिलोचन तमसोय समेत थाना के सभी पदाधिकारी व जवानों ने देश के आंतरिक सुरक्षा की सेवा में शहीद हुए सैनिक बल और पुलिस बल को याद किया। वहीं देश की सुरक्षा को कायम रखने के लिए जिन जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। वैसे वीर सपूतों की याद में संस्मरण दिवस मनाया गया । इस दौरान देश की सुरक्षा में अपना बलिदान देने वाले सैनिकों को याद किया गया और दो 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई । भारत-चीन सीमा में सुरक्षा के दौरान अपनी जान गंवाने वाले जवानों को भी याद किया बल के 21 मात्र 21 जवानों ने चीनी आक्रमणकारियों का डटकर मुकाबला किया तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए लड़ते हुए 10 शुरवीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया इसमें झारखंड के दो वीर जवान ठाकुर हेंब्रम और शंकर नायक थे।

### सिविल सर्जन को पत्र, समय पर वेतन भुगतान की मांग

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने सिविल सर्जन देवघर को पत्र लिखा और चार बिंदुओं पर समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि सिविल सर्जन देवघर के द्वारा जुलाई में दर्जनों लिपिक का स्थानांतरण किया गया था, लेकिन कुछ को छोड़कर अधिकतर लिपिक पुराने जगहों पर ही काम कर रहे हैं। सिविल सर्जन के द्वारा जुलाई और दिसम्बर में पुनः उन्हें नव पदस्थापित स्थान पर योगदान करने का आदेश दिया, लेकिन अभी तक सिविल सर्जन के आदेश का उन पर कोई असर नहीं पड़ा और वह पुराने जगह पर काम कर रहे हैं। इसमें सिविल सर्जन कार्यालय के कई लिपिक भी शामिल हैं। उन सभी को उनके पदस्थापित स्थान भेजा। वर्ष 2014 में करीब 77 एएनएम नियमित हुई थी, जिनके दस सालों की सेवा पूर्ण होने पर सभी को एसीपी का लाभ सुनिश्चित हो। सभी कर्मचारियों को ससमय वेतन भुगतान हो। रक्त केंद्र के सफाई कर्मी को करीब छह माह से पारिश्रमिक भुगतान नहीं होने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जल्दी पारिश्रमिक भुगतान हो।

### तम्बाकू नहीं खाने की दिलाई गई शपथ



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित प्लस-टू उच्च विद्यालय मानिकपुर में तंबाकू निषेध पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। बच्चों को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर तंबाकू निषेध पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे रोशनी प्रवीण, बंटी कुमार राम एवं प्रीतम कुमार को पुरस्कृत किया गया। बच्चों को तंबाकू नहीं खाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम स्कूल प्राचार्य अलोक कुमार,विद्या सागर, संतोष पटेल, केसरीकांत, मालेश्वर मंडल, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी अभिमन्यु दांगी, रवि चन्द्र मुर्मू मौजूद थे।

### साइबर ठगी में दो गिरफ्तार

**देवघर (का.प्र)।** जसीडीह थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में चंदन कुमार दास (कोठिया, जसीडीह) और बिलास मंडल (राजा आगर, मारगोमुंडा) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जसीडीह के फुटाबांध जंगल में छापेमारी कर दोनों को पकड़ा। जहां ये लोग फोन कर साइबर ठगी कर रहे थे। आरोपियों के पास से मोबाइल बरामद किया गया है।

## मतदाता जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना, तीनों विधानसभा में घूमेगी

**देवघर (का.प्र.)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता एलईडी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के तीनों विधानसभा में घूमेगी और मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरूक करेगी, ताकि शत-प्रतिशत मतदान हो सके। रथ का रूटलाइन पहले से निर्धारित है। मौके पर डीसी ने कहा कि एलईडी जागरूकता रथ शहर और गांव-गांव में घूम कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ईभीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी देगी। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।



### मतदान केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं की मिलेगी जानकारी

साथ ही मतदान के दौरान बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी के अलावा मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूलभुत सुविधा के तहत सभी मूलभुत सुविधा की जानकारी जागरूकता रथ के माध्यम से दी जाएगी। प्रशासन का यह प्रयास है कि 18 वर्ष पूरे कर चुके अधिक से अधिक फर्स्ट टाइम वोटर को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि वे अपने मताधिकार की ताकत को जान सके एवं मतदान के दिन वे मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व का हिस्सा बन सके। इस दौरान डीडीसी नवीन कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित अधिकारी व स्वीप कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

### पथरड्डा उच्च विद्यालय से पंखा, कम्प्यूटर समेत उपकरणों की चोरी

**स्कूल में 9 वीं बार हुई चोरी की घटनाएं**

**सारठ(एप्र)।** पथरड्डा ओपी से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय पथरड्डा में चोरी हो गई। चोरों ने कम्प्यूटर लैब से 5 केवीए का स्टेप्लाइजर, कीबोर्ड एवं कमरों में लगा सात पंखा, कम्प्यूटर समेत अन्य उपकरणों की चोरी कर ली। प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद यादव ने घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी है। मामले की जांच करने पुलिस स्कल पहुंची। स्कूल में चोरी की यह नौवीं घटना है।



### पूजा का धूप बनाने की दी गई जानकारी

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर ने चितोलौढ़िया गांव की महिलाओं को पुराने फूल, बेलपत्र, नीम के पत्ते, लेमनग्रास कपूर, गूगल, घी इत्यादि मिला कर घर में पूजा का धूप बनाना सिखाया। इसमें करीब 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में इनर व्हील क्लब की सारिका साह, सरिता अग्रवाल, कंचन मूर्ति, ज्ञानी मिश्रा, नमिता भगत, मिनी दास, सरिता रानी उपस्थित थी।

### मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार



**मधुपुर (निसं)।** बीती रात्रि रेलवे स्टेशन मधुपुर टिकट काउंटर के नजदीक सो रहे एक व्यक्ति का मोबाइल पॉकेट से निकल कर भाग रहे एक युवक को ड्यूटी में तैनात जीआरपी एवं आरपीएफ के पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों के द्वारा रंगे हाथ पकड़ लिया गया। उसके विरुद्ध कांड दर्ज कर उसे रेलवे कोर्ट में उपस्थित करने के पश्चात न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में रेल थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने बताया कि पॉकेट मार तनवीर अंसारी पूर्व में भी मोबाइल चोरी करने के आरोप में मधुपुर थाना से वर्ष 2022 में जेल जा चुका है। वहीं उनके पास से मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपी मधुपुर के आमतला भेड़वा का रहने वाला है।

## एक नजर

### नम आंखों से मां दुर्गा एवं मां लख्खी की प्रतिमा को दी गई विदाई



**अमड़ापाड़ा(एप्र)।** मुख्यालय स्थित वैष्णवी दुर्गा मंदिर में सार्वजनिक दुर्गा पूजा सह लख्खी पूजा मेला समापन होने के बाद सोमवार को मंदिर में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा एवं लख्खी मंदिर में स्थापित मां लख्खी माता की प्रतिमा को नगर भ्रमण के साथ बांसलोई नदी में विसर्जन किया गया.विसर्जन से पूर्व महिलाओं ने मंदिर पहुँचकर माँ की पूजा अर्चना की.एवं सिंदूर खेला के रस्मों को पूरा किया.महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर एवं सिंदूर उड़ा कर मां की विदाई दी.एवं बारी-बारी से भक्तो ने माँ को प्रणाम किया.इस दौरान भक्तो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया.एवं सभी प्रतिमा को नगर भ्रमण के साथ रांची रामगढ़ से आएं लवली बैंड पार्टी के धूम में नाचते और थिरकते हुए माता रानी के विसर्जन जुलूस में शामिल हुए।माता रानी के जयघोष के साथ बासलोई नदी स्थित मंदिर घाट में श्रद्धालु भक्तो ने नम आंखों से माँ को विदाई देकर विसर्जित किया। विसर्जन जुलूस में गांव के लोगों ने भक्तजनों के बीच शुद्ध पेयजल का भी वितरण किया।मौके पर उपस्थित अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ बबलू भगत,दशरथ भगत,संजय भगत,सरोज मंडल, सुनील मंडल,राज आनंद,नितेश कुमार,कन्हाई भगत,शंकर भगत, शंभूनाथ झा,संदीप ओझा, उत्तम भगत,रिंकू भगत, दीपांकर भगत के अलावे पूजा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर में मरीजों की हुई स्वास्थ्य जांच



**महेशपुर(एप्र)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में सोमवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आने वाले सामान्य मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें समुचित दवा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान सिकल सेल एनीमिया, एनसीडी स्क्रीनिंग, परामर्श के अलावे अन्य सुविधाए उपलब्ध थी। प्रभारी डा. ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रत्येक माह के 21 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में संबंधित मरीजों का उपचार कर निशुल्क दवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर डा. अपूर्व हर्ष, डा.अंजनी भगत, शैलेश कुमार, राजेश रंजन, मनीष कुमार के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### पुलिस का छापा, हजारों रुपए की शराब जब्त

**लिट्टीपाड़ा(एप्र)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर थाना क्षेत्र के पातपाड़ा गांव में रविवार देर रात को पुलिस ने छापेमारी कर हजारों रुपए का विदेशी शराब को जप्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि थाना क्षेत्र के पातपाड़ा गांव में मैनेजर साहा अपने घर में अवैध तरीके से विदेशी शराब बेच रहे हैं। सूचना पर त्वरित करवाई करते हुए एसडीपीओ के निर्देश पर थाना प्रभारी रंजन कुमार के नेतृत्व में चार सदस्य टीम का गठन किया गया। जिसमे एसआई गौतम कुमार, एएसआई हरेराम यादव, खुदीराम हेम्ब्रम अन्य पुलिस के जवान शामिल थे। टीम के द्वारा देर रात छापेमारी किया गया.छापेमारी में 35 बोतल विदेशी शराब को जप्त किया गया। थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए 35 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया गया है। हालांकि छापेमारी के दौरान अँधेरे का फायदा उठाकर गृह स्वामी मैनेजर साहा मौके से फरार होने में कामयाब रहा। वही टीम में शामिल खुदीराम हेम्ब्रम के लिखित आवेदन पर थाना में कांड संख्या 43/ 24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच किया जा रहा है।

### कदमडांगा चेकपोस्ट से 56 हजार कैश बरामद

**महेशपुर(एप्र)।** रद्दीपुर ओपी के कदमडंगा चेकपोस्ट में सोमवार को वाहन जांच के दौरान एफएसटी टीम एवं ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने एक बाइक से 56 हजार रुपये बरामद किया है। रुपए को जब्त कर ली गई है। रुपए रद्दीपुर ओपी के इच्छानगर गांव निवासी शीलू शेख का है। वह सोमवार को महेशपुर स्टेट बैंक से रुपया निकल कर शादी में देने के लिए अपने बहन का घर पश्चिम बंगाल बाइक से जा रहा था। इसी दौरान एफएसटी टीम के सुजीत कुमार मंडल ने ओपी प्रभारी के साथ वाहन जांच अभियान चलाया। और जांच के दौरान शीलू शेख के बाइक के डिक्की में रखे एक बैग से 56 हजार रुपये को जब्त कर लिया है। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि वाहन जांच के दौरान 56 हजार बरामद किया गया है। टीम रुपये जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### चांदपुर चेकपोस्ट पर 2 लाख 50, 600 रुपए कैश बरामद

**पाकुड़(एप्र)।** पश्चिम बंगाल सीमा पर पाकुड़ के चांदपुर बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान एफएसटी की टीम ने स्कॉर्पियो से 2 लाख 50 हजार 600 रुपए कैश बरामद किया है। पुलिस की मौजूदगी में टीम ने बरामद कैश को जब्त कर लिया। इस मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ने बताया कि रविवार की रात्रि अंतर्राज्यीय चांदपुर चेकपोस्ट पर एफएसटी की टीम के द्वारा पश्चिम बंगाल से पाकुड़ की तरफ आ रही स्कार्पियो वाहन की चेकिंग के दौरान ये कैश बरामद किया गया है। जिसे विधिवत जब्त किया गया है।

### मॉडल स्कूल के पास मैदान से देसी कट्टा बरामद

**पाकुड़(एप्र)।** मुफ्फसिल पुलिस ने काशिला मॉडल स्कूल के पास से रविवार की रात एक देशी कट्टा बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ने बताया कि रविवार रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर मॉडल स्कूल काशिला के पास सुनसान स्थान में स्थित एक मैदान में छापेमारी की गई थी। इस छापेमारी के दौरान चार युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें खदेड़कर पकड़ने का प्रयास किया गया। परंतु सभी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। तत्पश्चात उक्त स्थान की तलाशी लेने पर एक झोला में रखा हुआ लोहा का एक देशी कट्टा बरामद हुआ। जिसे विधिवत जप्त किया गया है। इस संबंध में थाना कांड संख्या 220/2024, धारा 25 (1-बी) ए 26/35 आर्म्स एक्ट के तहत अज्ञात 4 व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज किया गया है।

# चुनावी मुद्दा: पीजी, कानून व कॉमर्स की पढ़ाई शुरू होने के इंतजार में छात्र

## जनप्रतिनिधियों को करनी होगी पहल

**पाकुड़(एप्र)।** देश का सबसे पिछड़ा जिला और साक्षरता की सूची में सबसे निचले पायदान पर खड़ी पाकुड़ जिले के छात्रों को आज भी पीजी की पढ़ाई के लिए सौ किलोमीटर दूर दूसरे जिले में जाना पड़ता है। पीजी की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों के लिए सबसे नजदीक दुमका और साहिबगंज जिला में संचालित कॉलेज ही है। जिसकी दूरी पाकुड़ से लगभग एक सौ किलोमीटर की है। इससे एक बात तो आसानी से समझा जा सकता है कि दुमका या साहिबगंज जाकर पढ़ाई करने में कितनी परेशानियां झेलनी पड़ती होगी। आने जाने का झंझट और बाहर रहकर पढ़ाई में मुश्किलों को बखूबी समझा जा सकता है। इस







परिस्थिति में विशेष कर लड़कियां पीजी की पढ़ाई से वंचित ही रह जाती हैं। अधिकतर लड़कें भी गरीबी के चलते बाहर जाकर आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक हर साल तकरीबन दस हजार छात्र-छात्राएं पीजी की पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि पाकुड़ जिले में पीजी की पढ़ाई नहीं होने से छात्रों को कितना नुकसान उठाना पड़ रहा है। अपने भविष्य को संवारने के सपनों को पूरा नहीं कर पाते हैं। इन सब के बीच छात्रों की भावना को समझने वाला भी शायद कोई नहीं है। नेताओं ने भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया होगा। यही वजह है कि झारखंड अलग हुए चौबीस साल हो गए, लेकिन पीजी की पढ़ाई चालू नहीं हुई। इससे छात्रों में निराशा साफ तौर पर देखा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि छात्रों की निराशा को दूर करने के लिए पहल नहीं हुआ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई ने भी पीजी की पढ़ाई चालू कराने के लिए विश्वविद्यालय और राज्यपाल को पत्राचार किया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बमभोला उपाध्याय ने बताया कि पीजी की पढ़ाई चालू कराने के लिए कुलपति से मिलने और पत्राचार करने से लेकर राज्यपाल को भी लिखित रूप से अवगत कराया गया है। लेकिन आज तक कॉलेज में पीजी की पढ़ाई चालू कराने के लिए कोई भी ठोस पहल होता दिखाई नहीं दे रहा है। इसका खामियाजा पाकुड़ के हजारों छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ एक पिछड़ा जिला है और साक्षरता में भी सबसे निचले पायदान पर है। शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से पहल करने की आवश्यकता है। लेकिन जनप्रतिनिधियों ने भी इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया। पीजी के साथ-साथ कानून की पढ़ाई की भी मांग कर चुके हैं। केकेएम कॉलेज में कॉमर्स की पढ़ाई भी नहीं होती है, इसकी भी मांग की गई है।

## गुप्त सूचना पर हिरणपुर पुलिस ने मारा छापा, भारी मात्रा में शराब बरामद

**हिरणपुर(एप्र)।** पाकुड़ एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हिरणपुर पुलिस ने थानाक्षेत्र के डांगापाड़ा स्थित एक हार्डवेयर दूकान में छापेमारी कर 51 बोतल देशी व विदेशी शराब जब्त किया है। वहीं मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। मिली जानकारी के अनुसार पाकुड़ एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि डांगापाड़ा में अवैध रुप से शराब का भंडारण कर बिक्री किया जा रहा



है।जिसपर एसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी नवीन कुमार, एएसआई शुभदीप कुमार आदि ने डांगापाड़ा चौक में स्थित एक हार्डवेयर दुकान में छापेमारी की जहां पुलिस ने अवैध रूप से भंडारण किये हुए 8 किंगफिशर बियर, 6 बेड मंकी कैन बियर, 4 मैजिक मोमेंटस, 3 मैकडोवेल्स व्हिस्की, 4 रॉयल स्टेग व्हिस्की, 5 बी 7 व्हिस्की, 2 बकाडी लेमन, 19 शक्तिमान देशी शराब को जब्त किया। इसके साथ ही पुलिस ने शराब विक्रेता अजित साहा को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। जिससे पूछताछ करने पर उक्त शराब को कोई भी कागजात उसके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इस बाबत थाना कांड संख्या 60/24 में विभिन्न धाराओं में केस करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि अवैध धंधों पर पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## टीन बांग्ला छठ पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष बने उदय लखवानी, कहा-भव्य होगा आयोजन

**पाकुड़(एप्र)।** आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। अलग-अलग छठ कमिटियां छठ घाटों की साफ-सफाई और सजावट पर मंथन करने लगे हैं। बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इधर शहर के बागान पाड़ा स्थित श्री श्री हनुमान मंदिर में रविवार की रात्रि को टीन बांग्ला छठ पूजा सेवा समिति की एक बैठक हुई। जिसमें सर्व समिति से उदय लखवानी को अध्यक्ष के रूप में चुना गया। उपाध्यक्ष बापी बर्मन, सचिव रवि जायसवाल, उपसचिव जय नारायण भगत, कोषाध्यक्ष संजय भगत, उप कोषाध्यक्ष मोनू तिवारी, व्यवस्था प्रमुख जितेंद्र जायसवाल और मनोज पंडित को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से टीन बांग्ला छठ पूजा सेवा समिति के सारे सदस्यों ने निर्णय लिया कि



हर साल की तरह इस साल की टीन बांग्ला पोखर में छठ पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। वहीं छठ श्रद्धालुओं के लिए विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था की जाएगी। घाटों में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि घाट पर आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई समस्या ना हो। बैठक में मुख्य रूप से संतोष दास, चंदन राय, धर्मेंद्र जायसवाल, मनोज पंडित, जितेंद्र जायसवाल, विनय गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुभाष गुप्ता, अंकित मंडल, मनोज बर्मन तथा समिति के सारे सदस्य शामिल हुए। यह भी निर्णय लिया कि टीन बांग्ला तालाब की व्यवस्था को बेहतर बनाने का काम किया जाएगा।

## लिट्टीपाड़ा विस क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ता साहेब हांसदा का फेसबुक पोस्ट पर छलका दर्द

**पाकुड़(एप्र)।** जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में टिकट बंटवारे से भाजपा के अंदर दर्द छलक पड़ा है.महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से कद्दावर नेता मिस्त्री सोरेन ने भाजपा से इस्तीफा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा है,इधर पाकुड़ में विद्रोहियो के तेवर भी सोशल मीडिया पर दिख रहा है. लेकिन साहेब हांसदा के दर्द ने लोगों को झकझोर कर रख दिया. लिट्टीपाड़ा में साहेब हांसदा ने सोशल मीडिया पर अपने असन्तोष का दर्द उड़ेलते हुए ,आमलोगों से आगे के लिए मशवरा माँगा है।चुनावी महत्वाकांक्षा किस हद तक त्याग और टिकट न मिलने पर निराशा की पराकाष्ठा पाठक स्वयं साहेब हांसदा के शब्दों में ही टटोलें तो शायद ठीक हो। पढ़ें साहब की ददीर्ले सुर हु ब हु

---





मैं साहेब हंसदा विद्यार्थी जीवन से संघ विचारधारा के विभिन्न क्षेत्रों में मैं काम किया मैं जब स्कूल में पढ़ता था मैं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संपर्क में आया और वहां से मैं इस विचारधारा के लिए काम करना प्रारंभ किया आगे चलकर नगर मंत्री प्रदेश कार्य समिति सदस्य जिला संयोजक प्रांत के सह मंत्री जैसे दायित्वों का निर्वहन किया संगठन मंत्री रहा इसके बाद संघ के दायित्व में आया मैं प्रथम वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त किया। फिर संघ के दिशा निर्देश पर मैंने विविध संगठनों में काम किया तब जाकर भाजपा युवा मोर्चा में प्रदेश का उपाध्यक्ष बना फिर भाजपा जिला का उपाध्यक्ष बना और अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रदेश कार्य समिति का सदस्य रहा। मैंने संघ संगठन के लिए अपने घर को छोड़ा घर में अपने मां-बाप को छोड़ा घर में अपने मामा मामी जिसके गोद में मैं पला में उसको भी ठीक से देख नहीं पाया वह इसलिए कि मैं मुझे लग रहा था कि भाजपा जैसे संगठन में रहने के बाद मुझ जैसे छोटे कार्यकताओं को सम्मान मिलेगा। प्रांत के निर्देश पर मैं क्षेत्र में काम करना प्रारंभ किया प्रांत के अधिकारियों ने कहा साहब जी आप क्षेत्र में लग रहे निश्चित तौर पर आपके जैसे कार्यकताओं की आवश्यकता भाजपा को है और मैं संगठन के आदेश पर अपने घर को प्राथमिकता ना देते हुए अपने बच्चों को प्राथमिकता ना देते हुए मैं समाज के लोगों को प्राथमिकता देना प्रारंभ किया गांव घर में जाना प्रारंभ किया और संगठन के अधिकारियों की बात को अपने तन से मन से निभाना प्रारंभ किया। पर क्या पता था मैं यह भूल गया था कि मेरे पास पैसे नहीं है मैं गरीब हूं मैं एक छोटा किसान हूं मेरे पास चार चक्के नहीं है मैं एक बाइक से घर-घर जाकर घूमता रहा मुझे नहीं पता था कि पार्टी को धन बल से परिपूर्ण लोगों की आवश्यकता है उद्योगपतियों की आवश्यकता है मैं तो ठहरा छोटा सा किसान गांव का किसान और जब मौका था पार्टी को हम जैसे कार्यकताओं को सम्मान देने का तो उद्योगपति हावी हो गया पैसा हावी हो गया और हम जैसे कार्यकर्ता पीछे छूट गए। अब मैं क्या करूं मुझे समझ में नहीं आ रहा क्या मैं राजनीति छोड़ दूं क्या मैं दुनिया छोड़ दूं या मैं देश छोड़ दूं क्या करूं मुझे समझ में आ गया कि हम जैसे गरीब लोगों का पार्टी में कोई स्थान नहीं है यहां जिसके पास पैसा है जिसके पास फोर व्हीलर है जो उद्योगपति है उसी को यहां स्थान है अब मैं यह निर्णय आप लोग के समक्ष छोड़ता हूं कि मुझे क्या करना चाहिए आप जैसे बोलेंगे मैं ऐसा ही करूंगा मैं जब यह बातें आपसे कर रहा हूं मेरी आंखों से आंसू बह रहे हैं मैंने जीवन के लगभग 40 वर्ष संघ संगठन को दिया है अब मैं जाऊं तो कहां जाऊं मुझे समझ में नहीं आ रहा । मैंने लिट्टीपाड़ा में 50 वर्षों के कुशासन के खिलाफ एक-एक कार्यकताओं को जोड़ने का काम किया था आज वह कार्यकर्ता पार्टी को छोड़ रहे हैं जिस कार्यकताओं को मैंने बहुत मुश्किल से संजोया था। आज मुझे यह दर्द देखा नहीं जा रहा है मैं तड़प रहा हूं मैं क्या करूं कृपया आप सभी मेरे हित चिंतक मुझे मार्गदर्शन दें कि मैं क्या करूं.

## कांग्रेस-जेएमएम के प्रत्याशियों की घोषणा में देरी से कार्यकर्ताओं में बेचैनी

**पाकुड़(एप्र)।** पाकुड़, महेशपुर और लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट के लिए कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशियों की घोषणा में देरी से कार्यकताओं में बेचैनी है। दोनों ही पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्याशियों की घोषणा का बेसब्री से इंतजार में है। कार्यकताओं की बेचैनी इस बात से समझा जा सकता है कि सोशल मीडिया पर लगातार प्रतिक्रियाएं आ रही है। फेसबुक और व्हाट्सएप में कार्यकताओं की व्यस्तता सिर्फ और सिर्फ टिकट और प्रत्याशियों की घोषणा ही वजह बना हुआ है। कांग्रेस और झामुमो दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर नजर गड़ाए हुए हैं। किसी भी वक्त प्रत्याशी की घोषणा की उम्मीद से अपने मोबाइल को नजर से हटने नहीं दे रहे हैं। यहां वहां लगातार फोन घुमाए जा रहे हैं। पाकुड़ विधानसभा की बात करें तो आजसू पार्टी ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। अजहर इस्लाम को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। भाजपा और आजसू पार्टी में



गठबंधन है और भाजपा ने पहली बार पाकुड़ सीट आजसू के लिए छोड़ दिया है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा में गठबंधन के बीच पाकुड़ सीट कांग्रेस के खाते में गया है। कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक आलमगीर आलम के समर्थक उनके पक्ष में लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट और कमेंट कर रहे हैं। हालांकि आलमगीर आलम को टिकट नहीं मिलने की स्थिति में उनके पुत्र और कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तनवीर आलम को टिकट मिलने की आस में है। दूसरी तरफ पूर्व विधायक अकिल अख्तर भी टिकट के लिए रांची और दिल्ली का दौड़ लगा रहे हैं। उनके कांग्रेस पार्टी से भी टिकट लेने की चचाएं थी, जो आज भी बरकरार है। इस बात को लेकर अकिल अख्तर के समर्थक और आलमगीर आलम या तनवीर आलम के समर्थकों के बीच सोशल मीडिया पर लगातार कमेंटबाजी देखने को मिल रहे हैं। फिलवक्त कांग्रेस पार्टी की ओर से टिकट की घोषणा नहीं हुई है। इसको लेकर कार्यकताओं में बेचैनी है। उधर लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट के लिए भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। पार्टी कार्यकताओं में यहां भी बेचैनी जैसे हालात है। पार्टी इस बार लिट्टीपाड़ा के वर्तमान विधायक दिनेश मरांडी पर दोबारा भरोसा जताएगी या चेहरे बदलेंगे, इसको लेकर भी कार्यकताओं में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने लिट्टीपाड़ा विधानसभा से पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। पिछले 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दानियल किस्कू को प्रत्याशी बनाया था। भाजपा ने महेशपुर विधानसभा से भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है और पूर्व एसडीपीओ नवनीत हेंब्रम को मैदान में उतारा है। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। पार्टी महेशपुर से वर्तमान विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी पर दांव लगाएगी या फिर चेहरे बदलेंगे, इसको लेकर महेशपुर विधानसभा के कार्यकताओं में भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

## 75 फीसदी से कम उपस्थिति पर बोर्ड परीक्षा से बाहर हो सकते हैं छात्र



**पाकुड(एप्र)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में मिड टर्म 2024 के परीक्षा परिणाम को लेकर अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह तीसरा संगोष्ठी था, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने हिस्सा लिया। एलकेजी से सप्तम वर्ग तक के बच्चों के मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका को संबंधित अभिभावकों के बीच प्रदर्शित किया गया। आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए वर्ग अष्टम से 12 वीं तक के बच्चों के अभिभावकों के लिए भी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में अभिभावकों ने अपने बच्चों की शैक्षणिक समस्या को वर्ग शिक्षक एवं विषय शिक्षकों के समक्ष रखा। शिक्षकों ने बहुत ही शालीनता के साथ उनकी समस्याओं को सुनकर उचित दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अभिभावक अपना बहुमूल्य समय निकालकर विद्यालय जरुर आएं। उन्होंने सभी उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उनसे सुझाव तथा शिकायतें के लिए भी निवेदन किया। आगामी बोर्ड परीक्षा 2025 में वर्ग दशम एवं 12 वीं में बच्चों के बेहतर परिणाम के लिए उन्होंने अभिभावकों से निवेदन किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने सीबीएसई के नियम से अवगत कराते हुए बताया कि वर्ग दशम एवं 12 वीं के बच्चों के विद्यालय में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर सीबीएसई उन्हें परीक्षा देने से रोक भी सकती है। उन्होंने आगे बताया कि बोर्ड परीक्षा के अंक के आधार पर आपके बच्चों का कैरियर निर्धारित होता है। इसलिए बच्चों को निरंतर विद्यालय भेजें एवं विद्यालय द्वारा भेजे गए निदेर्शों का बच्चों से अवश्य पालन करवाएं। बच्चों के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं एवं उन्हें गलत संगत से दूर रखने की कोशिश करें।

## एक नजर

### गिरिडीह में भाजपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**गिरिडीह (निस)।** भारतीय जनता पार्टी के 32 गिरिडीह विधानसभा के घोषित उम्मीदवार निर्भय कुमार शाहाबादी के प्रधान चुनाव कार्यालय का



शुभ उद्घाटन भंडारिडीह के स्वर्ण कॉम्प्लेक्स में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा और भाजपा के कार्यकर्ता देश के लिए समर्पित है, और वे देश के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर में 10 वर्षों के बाद सरकार का गठन हो रहा है, सरकार चाहे जिसका भी हो लेकिन भाजपा को इस बात की संतुष्टि है कि सरकार गठन के दौरान भारत के संविधान को हाथ में लेकर शपथ लेना पड़ा, जबकि 370 हटने से पहले कश्मीर का संविधान हाथों में लेकर शपथ लेना पड़ता था, यही बीजेपी की जीत है। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष का कहना था कि राम मंदिर का मुद्दा और राम मंदिर बनाना भाजपा को चुनाव में फायदा पहुंचता है, लेकिन क्या भाजपा को कोई फायदा मिला है, नहीं, बीजेपी निस्वार्थ देशहित में कार्य करती है। और भाजपा के कार्यकर्ता भी देश सेवा समझकर देश का कार्य करता है। वही गिरिडीह विधानसभा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहाबादी ने कहा कि वर्तमान सरकार जमीन हड़पने वाली सरकार है उनके सभी नेता जमीन लूटने में लगे हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य के जनता असुरक्षित है राज्य में महिलाएं या सुरक्षित है बेरोजगारी चरम सीमा पर है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए भाजपा की सरकार आना जरूरी है और इसके लिए हमें प्रदेश में 50 से अधिक सीट जीतना है। यह चुनाव झारखंड के दसा और दिशा तय करेगी। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा की आप आज ये संकल्प यहां से ले कर जाना की आगामी 20 नवंबर को अपने साथ साथ पूरे परिवार और मोहल्ला, टोला, बस्ती का सारा वोट भाजपा के पक्ष में जाए। ताकि प्रदेश में विकास की गाड़ी एक फिर से पटरी पर दौड़ सके। इस अवसर पर भाजपा के ,जिलामहामंत्री संदीप डंगाईच, दिनेश यादव, विनिता कुमारी, हमरमिंद्र सिंह बग्गा, अजय सिंह, खिरोधर दास, राजेश गुप्ता, मोती लाल उपाध्याय, संगीता सेठ, शालनी वैश्खाईयार, सुभाष चंद्र सिन्हा, नवीन सिन्हा,मिथुन चंद्रवंशी, प्रकाश दास, राजेश शर्मा,उत्तम लाला, अनूप सिन्हा, रंजित राय, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### पशुओ के इलाज हेतु पशुपालन विभाग ने प्रखंड को उपलब्ध कराया पशु एम्बुलेंस

**दुमका (काप्र)।** पशुपालकों की सुविधा एवं पशुओं को सहजता से चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड को पशु एंबुलेंस उपलब्ध कराया है। मिली जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सा के अभाव में एंबुलेंस में चिकित्सक की जगह पारा मेडिकल स्टाफ एम्बुलेंस के साथ जाकर पशुपालकों के घर पर पशुओं का इलाज करेंगे गंभीर स्थिति में पशुओं को पशु चिकित्सालय लाने के लिए विशेष रूप से बेड तैयार किया गया है जिस पर पशु को सुलाकर उसे पशु चिकित्सालय लाया जाएगा। इसकी सुविधा प्राप्त करने के लिए पशुपालकों को 1962 नंबर पर डायल करना होगाङ्ग इस नंबर पर फोन डायल करने पर पशु एंबुलेंस पशुपालक के घर पहुंचेगा। वर्तमान समय में यह एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा में शोभा का वस्तु बना हुआ है। ज्ञात हो कि प्रखंड अंतर्गत दो प्रथम श्रेणी के पशु चिकित्सालय सरकार द्वारा खोले गए हैं जिसमें एक शिकारीपाड़ा तथा दूसरा बेनागढ़िया में अवस्थित है। प्रखंड अंतर्गत इन दोनों पशु चिकित्सालय में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी का पद सृजित है, जिसमें मात्र शिकारीपाड़ा में ही भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर डॉक्टर बालमुकुंद प्रसाद का पदस्थापन है। बेना गढ़िया में कई वर्षों से यह पद रिक्त पड़ा हुआ है। प्रखंड अंतर्गत एक प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी का भी पद सृजित है लेकिन वह भी लगभग 3 वर्षों से रिक्त पड़ा हुआ है जिसके प्रभार में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी शिकारीपाड़ा प्रभार में है। एंबुलेंस के संबंध में पशु चिकित्सक डॉक्टर बालमुकुंद प्रसाद से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि यह सुविधा पशु पालन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जिसका संचालन एनजीओ द्वारा किया जाएगा।

### 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग मतदाता घर से ही करेंगे मतदान

**दुमका ( का प्र)।** प्रखंड सभागार शिकारीपाड़ा में सोमवार को सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम के नेतृत्व में 85 वर्ष से ऊपर एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बीएलओ को चिन्हित मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराते हुए सर्वेक्षण करने के साथ साथ सूची के सत्यापन का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रखंड के सभी 112 बीएलओ सहित सभी पर्यवेक्षक उपस्थित थे। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र एवं बुकलेट सभी बीएलओ को उपलब्ध कराया गया। बताते चलें कि विधानसभा चुनाव में प्रखंड के 95,368 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 45554 पुरुष मतदाता एवं 49854 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रखंड अंतर्गत 85 वर्ष से ऊपर के 197 तथा 1176 दिव्यांग मतदाताओं की सूची तैयार की गई है, जिसका सत्यापन बीएलओ द्वारा किया जाएगो मतदान तिथि से 3 दिन पूर्व जिला स्तर से निर्धारित टीम द्वारा इन मतदाताओं के घर पर जाकर घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### गोड्डा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे हेमकांत ठाकुर



**गोड्डा (एप्र)।** आप पार्टी के पूर्व झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष हेमकांत ठाकुर ने गोड्डा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। दिल्ली से लौटने के बाद उन्होंने बताया कि आप पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व झारखंड प्रभारी दुर्गेश पाठक, राष्ट्रीय सचिव संगठन संदीप पाठक एवं राज्य सभा सांसद संजय सिंह के साथ झारखंड के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान संगठन से झारखंड में चुनाव लड़ाने का अनुरोध किया गया। आप पार्टी के सर्वोच्च पदाधिकारी ने झारखंड एवं महाराष्ट्र से चुनाव लड़ने के लिए इंकार कर दिया। इसके बाद हेमकांत ठाकुर ने गोड्डा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई, बेरोजगारी जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर वे जनता के बीच जाऐंगे।

# नाम निर्देशन को लेकर उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**गाइड लाइन का करें अक्षरशः अनुपालन**



**गोड्डा (एप्र)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर नाम निर्देशन की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा जानकारी दी गई कि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कर दिया गया है। आगामी 20 नवंबर को जिला अंतर्गत तीनों विधानसभा 16 पोड़ैयाहाट , 17 गोड्डा, 18 महागामा क्षेत्र में मतदान होना है। इसको लेकर 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। जिसके बाद अभ्यर्थियों द्वारा नाम-निर्देशन (नामांकन) का कार्य शुरू होगा। इसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुरूप नाम-निर्देशन का कार्य पूरा हो। इसको लेकर सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन कोषांग गठित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने नामांकन प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने आरओ बुक में अंकित नामांकन प्रक्रिया के निदेर्शों/एक्ट से क्रमवार अवगत करवाया। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम, फार्म वन, अधिसूचना की जानकारी सभी आंगनबाड़ी केंद्रों/पंचायत भवन/ प्रखंड झ्र अंचल कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय आदि में चस्पा करने, एनआइए एक्ट के तहत घोषित अवकाश, नाजिर द्वारा नामांकन प्रपत्र को अभ्यर्थी से आयोग द्वारा निर्धारित शुल्क प्राप्त कर उपलब्ध कराने, फार्म भरने के दौरान चेकलिस्ट, नामांकन प्रपत्र प्राप्त करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, प्रस्तावकों की संख्या, आरओ कक्ष में अभ्यर्थी समेत एक साथ कितने प्रस्तावकों का प्रवेश (मान्यता प्राप्त पार्टियों/अन रजिस्टर्ड पार्टियों/निर्दलीय), अभ्यर्थियों से नो ड्यू सर्टिफिकेट (आवास किराया, पानी विपत्र, बिजली विपत्र, टेलीफोन विपत्र आदि), अभ्यर्थियों द्वारा शपथ लेने, फोटो आदि के संबंध में जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची पदाधिकारी (आरओ), सहायक निवार्ची पदाधिकारी (एआरओ) एवं नामांकन कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों को पूरी प्रक्रिया में कहीं कोई चूक नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने को कहा गया कोई भी कार्य/निर्णय अपने मन से नहीं करना है। आरओ हैंड बुक में अंकित निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करना है। उन्होंने सभी को आरओ बुक का गंभीरता से अध्ययन करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी , अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता रितेश जयसवाल, उपनिर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सहित कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

# विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया रेंडमाइजेशन

**विधानसभा वार आवंटित किए गए ईवीएम**



**गोड्डा (एप्र)।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया । रेंडमाइजेशन के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों, नॉमिनेशन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। रेंडमाइजेशन से पूर्व राजनीतिक दलों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया समझाई गई । रेंडमाइजेशन में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 16 पौडैयाहट , 17 गोड्डा, 18- महागामा को मतदान केंद्रों की संख्या अनुसार आरक्षित सहित बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। कुल 1178 मतदान केन्द्रों के लिए 1413 बीयू, 1413 सीयू एवं 1530 वीवीपैट आवंटित किए गए। अगला रैंडमाइजेशन 04 नवम्बर को प्रस्तावित है जिसमें बूथवार ईवीएम आवंटित किए जाएंगे। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता रितेश जयसवाल, उपनिर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार , राजनीतिक दलों की प्रतिनिधिगण सहित कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## एस पी कॉलेज में व्यवसाय शोध पर वर्ग सेमिनार आयोजित

**दुमका ( का प्र)।** संताल परगना महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में व्यवसाय शोध विषय पर वर्ग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ के पी यादव ने की जबकि डॉ राजेन्द्र पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो रामवरण चौधरी, डॉ हीरा लाल राम, प्रो विनीता रानी टोप्पो, प्रो सुजीत कुमार आर्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि शोध बहते पानी की तरह होती है, शोध निरंतर होते रहने चाहिए एवं शोध से संबंधित बातों को विस्तार से समझाया। प्रो रामवरण चौधरी ने कविता के माध्यम से शोध प्रक्रिया में अध्ययन शिक्षण , चिंतन, मनन पर विशेष प्रकाश डाला। प्रो हीरालाल राम, प्रो विनीता रानी टोप्पो एवं प्रो सुजीत कुमार आर्य ने भी अपने संबोधन में शोध की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर एस के एंबेसडर ने शोध पर विस्तार से चर्चा की जिसमें हाइपोथेसिस रिसर्च प्रोसेस रिपोर्ट राइटिंग रिसर्च मेथड इत्यादि अनेक तत्वों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को शोध पत्र प्रस्तुत करने की सही प्रक्रिया को बताया। मंच संचालन विभाग के शिक्षक डॉ उपेंद्र कुमार ने किया तथा अपने संबोधन में शोध प्रक्रिया को विस्तार से बताया।

## अवैध चिप्स की गाड़ी को किया जब्त

**दुमका (का प्र)।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निदेश पर जिला खनन पदाधिकारी ने मुफसिल थाना क्षेत्र में सोमवार को अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर कार्रवाई की है।खान निरीक्षक ने वाहनों की जांच के क्रम में अवैध रूप से चिप्स-पत्थर ले जाते चार अवैध वाहनों को जप्त किया,जप्त वाहनों को मुहसिल थाने को सुपुर्द कर दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के निर्देश पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोक थाम को लेकर खान निरीक्षक बहमदेव यादव ने सोमवार को मुहसिल थाना क्षेत्र के रिंग रोड के समीप 1 बजे वाहनों की जांच की,जांच के क्रम में चार वाहन चिप्स-पत्थर ले जाते पाये गए,जिस पर वाहनों के चालक से कागजात की मांग की गयी,लेकिन चालक के द्वारा किसी प्रकार के वाहन चलान नहीं कोई कागजात उपलब्ध करवाया गया जिस के बाद खान निरीक्षक के द्वारा वाहनों को जप्त कर लिया गया एवं थाना को सुपूर्द कर दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने कहा है कि जिले में किसी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ विभाग लगातार छापेमारी कर रही है एवं दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आमजनों से भी अपील किया है कि जिले में कही भी अवैध खनन,परिवहन या भंडारण होते देखते है तो इसकी सूचना दे ताकि ऐसे कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की।

## मतदाता को किया गया जागरूक

**दुमका ( का प्र )।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार सभी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आज स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर नैतिक मतदान हेतु शपथ दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं समेत प्रखंड/अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी नैतिक मतदान करने का शपथ लिया। इसी क्रम में सहायक समाहर्ता अभिनव प्रकाश एवं पूरी स्वीप कोषांग की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, एसपी कॉलेज सहित विभिन्न स्थलों पर मतदान के संदेश से भरे पोस्टर चिपकाए गए। सड़क पर परिचालित ऑटो, रिक्शा, बस, दीवार, दुकानों इत्यादि पर यह पोस्टर चिपकाए गया। इस दौरान सभी स्थलों पर पोस्टर चिपकाए के बाद उपस्थित मतदाताओं को मतदान की जानकारी दी गई। सभी के साथ मतदाता शपथ भी लिया गया।

# छापेमारी में गांजा, देसी महुआ एवं अंग्रेजी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**महागामा (एप्र)।** महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने सोमवार दोपहर करीब साढ़े बजे प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दिया गया कि आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को मद्देनजर ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने को गोड्डा पुलिस कप्तान अनिमेष नैथानी के निदेर्शानुसार महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में महागामा अनुमंडल क्षेत्र के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा एवं शराब तस्करी कारोबार का धंधा करने वाले के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान महागामा थाना क्षेत्र स्थित जियाजोरी के समीप गठित छापेमारी टीम के द्वारा करीब 2 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। एवं एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। हनवारा थाना क्षेत्र के गठित पुलिस बल टीम के द्वारा बैजाचक गांव में अवैध रूप शराब कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी कर करीब 150 लीटर अवैध रूप से महुआ शराब जप्त किया गया। साथ ही उक्त छापेमारी टीम के द्वारा गेरूआ नदी खुर्द डुमरिया पुल के पास एक मोटरसाइकिल सवार ब्यक्ति के पास कुल 18 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त करने के साथ ही संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर बलबड्डा थाना क्षेत्र स्थित लगे कैरिया चेकपोस्ट वैरियर के पास से एक मोटरसाइकिल सवार ब्यक्ति के पास से कुल 18 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।जबकि ललमटिया थाना क्षेत्र स्थित गोढिया चौक के समीप एक झोपड़ी में छापेमारी कर अवैध रूप से तैयार किया गया देशी महुआ शराब करीब 220 लीटर बरामद किया गया। एवं सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत बरामदगी के संदर्भ में संबंधित थाना में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया। जिसमें कि महागामा थाना कांड संख्या-184/2024 धारा 20 (बी) (८) बी/ 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर घटना में शामिल अभियुक्त बलबड्डा थाना क्षेत्र स्थित विरामचक गांव निवासी स्वर्गीय राम अवतार यादव का 42 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार यादव को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत गोड्डा भेज दिया गया। एवं उनके पास से अवैध रूप से मादक पदार्थ कुल वजन 2 किलोग्राम गांजा सहित एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल पंजीकरण संख्या जेएच 17 जेड 6783 जप्त किया गया। तथा हनवारा थाना कांड संख्या 56/2024 एवं हनवारा थाना कांड संख्या 57/2024 धारा 274/275 बीएनएस एवं 47 (ए ) उत्पाद अधिनियम के तहत अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर इस घटना में शामिल अभियुक्त बैजाचक गांव निवासी स्वर्गीय मित्तन पासी का 50 वर्षीय पुत्र सत्यनारायण पासी उर्फ सत्तन पासी एवं बिहार बांका जिला कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नवादा बाजार निवासी सुरेश सिंह का 37 वर्षीय पुत्र पिंटू सिंह को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत गोड्डा भेज दिया गया। तथा ललमटिया थाना कांड संख्या 107/2024 धारा 292 बीएनएस एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया।एवं बरामद अवैध रूप से देशी महुआ शराब करीब 220 लीटर,मादक पदार्थ गांजा 2 किलोग्राम,एवं विभिन्न कंपनियों का अंग्रेजी शराब 36 बोतल सहित देशी महुआ शराब करीब 370 लीटर,तथा तीन मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। उक्त घटना में शामिल कुल 03 अभियुक्तो को गिरफ्तारी करने के साथ ही पूर्व कांड के 02 वारंटी को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत गोड्डा भेज दिया गया। एवं उक्त छापेमारी टीम में मुख्य रूप से महागामा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम, बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे, ललमटिया थाना प्रभारी मुकेश कुमार राउत, महागामा थाना जेएसआई मनोज कुमार,एवं हनवारा थाना एएसआई गंधूर उरांव,सहित अलग-अलग थाना सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट की समाप्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन



**गिरिडीह (निस)।** झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मतदाता जागरूकता हेतु इंडोर स्टेडियम, गिरिडीह में आयोजित तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के समाप्ति के उपरांत समाहरणालय सभागार में सम्मान समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वीप एक्टिविटी से संबंधित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा सभी प्रतिभागियों से मतदान पर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। खेल के महत्व और उद्देश से सभी को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि खेल को पूरा आनंद के साथ खेले और इसी सकारात्मक ऊर्जा के साथ लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लें और बढ़ चढ़ कर योगदान दें। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आर्ट एंड कल्चर, फूड फेस्टिवल, आदिवासी परिधान, इको टूरिज्म, एडवेंचर एक्टिविटी आदि से संबंधित कार्यक्रम किए जायेंगे। विभिन्न स्थानों में उक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग से जुड़ने की अपील की। साथ ही कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण/ अधिकारी/ कर्मी/ खिलाड़ी, प्रेस के बंधु आदि का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इस आयोजन में चयनित विजेता प्रतिभागी व उपविजेता प्रतिभागियों में मेंस डबल्स के तहत प्रथम पुरस्कार अभिषेक कुमार और विकास कुमार तथा रनरअप में नमन प्रियेश लकड़ा और सृजन तथा तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले दीपक कुमार और अमित तुरी है। इसके अतिरिक्त मेंस सिंगल के तहत विनर रोशन यादव और रनरअप में आदर्श पांडेय तथा तृतीय पुरस्कार डी राजवीर को प्राप्त हुआ। मिक्सड डबल के तहत विनर अमित तुरी और कृतिका कृष्णा तथा रनरअप में डी राजवीर और सोमिली तार्वे तथा महिला सिंगल के तहत विनर प्रांजल कुमारी तथा रनरअप में सोमिली तार्वे है। सभी को उपायुक्त ने सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा निर्वाचन प्रणाली में बढ़ चढ़ हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग की टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## लो परसेंटेज वाले बूथ पर चला जन-जागरूकता अभियान



**गिरिडीह (निस)।** विधानसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेविका/सहायिका/बीएलओ के द्वारा डोर टू डोर एक्टिविटी चलाया गया। इस दौरान सेविका/ सहायिका/ बीएलओ के द्वारा लो परसेंटेज वाले बूथ पर विशेष फोकस देते मतदाताओं को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली और मतदान तिथि 20 नवंबर के संबंध में जागरूक किया गया। इसके साथ ही डोर टू डोर जाकर माताओं/बहनों को बताया गया कि मतदान करना हमसभी का जिम्मेवारी भी है और कर्तव्य भी। ये लोकतंत्र का महापर्व है, उस दिन आप सभी अपने घर से बाहर निकल कर इस चुनाव में जरूर हिस्सा लें और अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही बताया गया कि मतदाता अपने मतदान केन्द्र में जाकर अथवा स्वयं वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से अपना एवं अपने परिवार के अन्य अर्हतायुक्त व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत है, का जाँच कर सकते हैं तथा सभी से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया। जन जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी योग्य मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया से जोड़ना है। कोई मतदाता छूटे नहीं इसके लिए समेकित प्रयास किए जा रहे हैं।

## सुभाषितम्

अतिसंघर्ष से चंदन में भी आग प्रकट हो जाती है, उसी प्रकार बहुत अवज्ञा किए जाने पर ज्ञानी के भी हृदय में भी क्रोध उपज जाता है। **- महर्षि वाल्मीकि**

## संविधान प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सीमित कर सकती है न्यायपालिका या सरकार?

**संविधान ने नागरिकों के मौलिक** अधिकारों को संरक्षित करते हुए इसकी जिम्मेदारी न्यायपालिका के ऊपर डाली है। इसके तहत विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के मौलिक अधिकारों से यदि किसी किस्म की कोई छेड़छाड़ करती हैं तो उसकी समीक्षा करने और मौलिक अधिकारों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की होगी। संविधान ने न्यायपालिका को विशेष अधिकार भी दिए हैं। संविधान में अनुच्छेद 14 से 18 में समता का अधिकार अनुच्छेद 19 और 20 में स्वतंत्रता का अधिकार, अनुच्छेद 23 एवं 24 में शोषण के विरुद्ध अधिकार, अनुच्छेद 25 से 28 में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार एवं अनुच्छेद 29 एवं 30 में प्रत्येक नागरिक की संस्कृति और शिक्षा के संबंध में नागरिकों को समान अधिकार दिए गए थे। संविधान ने अनुच्छेद 32 के तहत न्यायपालिका को इन की सर्वोच्चता का अधिकार दिया। संविधान के द्वारा प्रदत्त इन मौलिक अधिकारों को बदलने का अधिकार ना तो न्यायपालिका के पास है नाही विधायिका कानून बनाकर बदल सकती है और नाही कार्यपालिका मौलिक अधिकारों के हनन करने के लिए कोई नियम बना सकती है। लगभग 65 वर्षों तक न्यायपालिका ने इस पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी निर्णय लिए गए न्यायपालिका ने स्वयं संज्ञान लेकर यदि नागरिकों के मौलिक अधिकारों का कहीं हनन होते हुए दिखा तो न्यायपालिका ने तुरंत सुनवाई करते हुए कार्यवाही भी की है। न्यायपालिका कभी भी सरकार (विधायिका) अथवा कार्यपालिका के पक्ष में खड़ी हुई नहीं दिखी। न्यायपालिका ने हमेशा संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप मामलों की सुनवाई की। दोनों पक्षों को समानता के साथ सुनकर निष्पक्षता के साथ निर्णय दिए। यहां पिछले 10 वर्षों में न्यायपालिका का स्वरूप धीरे-धीरे बदलना शुरू हुआ। विशेष रूप से राम मंदिर विवाद पर जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अधिकार का उपयोग करते हुए आस्था के आधार पर राम मंदिर विवाद पर आदेश दिया, लगभग 30 वर्षों से राम मंदिर विवाद के कारण कानून व्यवस्था और राजनीतिक विवाद की स्थिति को देखते हुए सभी पक्षों ने सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को स्वीकार किया। 2019 के बाद से लगातार न्यायपालिका ने जिस तरह सरकार के पक्ष में कार्य करना शुरू किया उसके कारण नागरिकों के संवैधानिक मौलिक अधिकार और न्याय व्यवस्था को लेकर लगातार विसंगतियां सामने आने लगीं। हाल ही में गोवा में एक किताब के विमोचन के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका की भूमिका को लेकर जिस तरह से अपनी बात कही, उससे ऐसा लगता है कि न्यायपालिका ने अपने आप को सरकार का संरक्षक मान लिया है। विधायिका बहुमत के आधार पर जो भी कानून बनाती है न्यायपालिका आंख मूंदकर यह मानकर चलती है कि सरकार ने जो भी काम किया है लोकतांत्रिक सरकार होने के कारण उसे इसका अधिकार है। उन्होंने यह भी कह दिया कि न्यायपालिका संसद में विपक्ष की भूमिका नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि समाज समृद्ध और संपन्न होता है तो अदालत की सोच और भूमिका भी बदल जाती है। शीर्ष न्यायपालिका भविष्य को देखते हुए निर्णय करती है। पिछले वर्षों में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में एक ही विचारधारा के न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई। सरकार के पक्ष में अधिकांश फैसले आए। सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष को न्यायपालिका से विशेष संरक्षण मिलना शुरू हुआ इससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। न्यायालय में लिफाफा बंद जानकारी सरकार द्वारा देने पर राफेल जैसे मामले में और कई ऐसे अन्य मामले हैं जो नागरिकों की स्वतंत्रता उनके मौलिक अधिकार और सरकार के भ्रष्टाचार से जुड़े होने के बाद भी न्यायपालिका ने एक तरह से सरकार की खुलेआम मदद की है। दिल्ली सरकार को लेकर जो भी फैसले आए उसमें निर्वाचित सरकार के स्थान पर उप राज्यपाल को चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री के ऊपर बिठा दिया गया।

## चिंतन-मनन

### अंदर से खूबसुरत बनिये संसार आपकी पूजा करेगा

**स्मार्ट दिखने के लिए लोग क्या** नहीं करते ब्यूटी पार्लर जाते हैं, महंगे प्रीम पाउडर और ब्यूटी टिप्स को आजमाते हैं। सारे उपाय करने के बावजूद बढ़ती उम्र की निशानियों को उम्र की एक सीमा तक ही छिपा सकते हैं। अंत में खूबसूरती ढ़ल जाती है और जिस सुन्दरता पर लोग नाज करते हैं वह लोगों से दगा कर जाती है। इसलिए संतों और ज्ञानियों ने कहा कि रूप के धन पर इतराना नहीं चाहिए। सबसे उत्तम धन ज्ञान है और इसकी सुन्दरता दिन ब दिन बढ़ती जाती है। इसलिए बाहरी सुन्दरता को संवारने पर समय नष्ट करने की बजाय अंदर की सुन्दरता को निखारने का प्रयास करना चाहिए। व्यवहारिक जीवन में आपने देखा होगा कि किसी की सुंदरता को देखकर आपका मन चाहता होगा कि बार-बार उसे देखें। लेकिन जब आप उस रूपवान व्यक्ति के पास पहुंचते हैं उसके व्यक्तित्व को करीब से जानते हैं तो उससे नफरत होने लगती है। इसके विपरीत किसी कुरूप व्यक्ति को जब आप जानने लगते हैं उसके अंदर के गुण को समझने लगते हैं तो उस कुरूप व्यक्ति के प्रति लगाव और स्नेह बढ़ जाता है। देवी सीता के पिता महाराजा जनक के दरबार में हुई एक घटना इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। इनके शासन काल अष्टावप्र नामक एक विद्वान थे। अपने नाम के समान अष्टावप्र का पूरा शरीर टेढ़ा मेढ़ा था। एक बार यह महाराजा जनक की सभा में पहुंचे। ऊंचे आसन पर बैठे सभासद अष्टावप्र को देखकर हंसने लगे। महाराज जनक ने देखा कि सामने से अष्टावप्र पधार रहे हैं। इन्हें देखकर ही सभासद हंस रहे हैं। महाराज जनक अपने सिंहासन से उतरकर अष्टावप्र के पास पहुंचे। इन्हें आदर पूर्वक लाकर अपने सिंहासन पर बैठाया और सभासदों से कहा कि महात्मा अष्टावप्र के चरण धोने हेतु जल लेकर आएं। महाराज ने स्वयं अपने हाथों से अष्टावप्र की सेवा की और सभासदों से कहा कि आप सब मूर्ख हैं जो बाहरी सौन्दर्य को पहचानते हैं। असली सौन्दर्य को आपने जाना ही नहीं। असली सुन्दरता ज्ञान है जो महात्मा अष्टावप्र के पास है।

# गठबंधन धर्म की लाज फिर खतरे में

**राकेश अचल**

**करवा प्रधान महिलाओं के** देश में गठबंधन की लम्बी उम्र के लिए कोई व्रत करने वाला नजर नहीं आ रहा है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए एकजुट हुए तमाम राजनीतिक दल एक बार फिर अपनी-अपनी ढपली बजाते नजर आ रहे है। महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा के साथ ही तमाम विधानसभाओं और लोकसभा के उपचुनावों को लेकर गठबंधन की गांठें शिथिल होती दिखाई दे रहीं हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन ने अपनी तमाम सीटों का न सिर्फ बँटवारा कर लिया है बल्कि उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी है ,जबकि आईएनडीआईए गठबंधन अभी बैठकों से ही फारिग नहीं हो पाया है। महाराष्ट्र में भी कमोवेश यही हालात हैं। सीटों के बंटवारे और प्रत्याशियों कोई घोषणा में हो रही देर इंडिया गठबंधन को भारी पड़ सकती है ,ये जानते हुए भी हर क्षेत्रीय दल कांग्रेस से सौदेबाजी करने में लगा है। हकीकत ये है कि देश में आज ऐसा कोई क्षेत्रीय दल नहीं है जो कांग्रेस को साथ लिए बिना भाजपा को चुनौती दे सके। सौदेबाजी में कांग्रेस का कम लेकिन क्षेत्रीय दलों का ज्यादा नुक्सान होने वाला है। देश की राजनीति में अब भाजपा कोई किंवदंती नहीं बल्कि एक हकीकत है। भाजपा का एजेंडा भले ही आपको या मुझे रास न आये किन्तु ये सच है कि उसने बीते एक दशक में सत्ता में टिके रहना सीख लिया है। धीरे-धीरे ही सही लेकिन अब भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है और सत्ता के दरबार में भाजपा ने जिस तरह से अपने आपको अंगद के पैर की तरह स्थापित किया है ,उसे कोई चुनौती नहीं दे पा रहा है। अलबत्ता आम चुनावों में सबने मिलकर भाजपा की सत्ता को हिलाने की अभिनव कोशिश की थी। गनीमत है कि बिहार विधानसभा की 4 सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में आईएनडीआईए गठबंधन के बीच सीटों का बँटवारा सौहार्दपूर्ण तरीके से हो गया । यहां 3 सीटें राजद और एक सीट माकपा [ माले ] को मिली है। कांग्रेस के लिए मप्र में कोई समस्या पहले से ही नहीं थी ,लेकिन



महाराष्ट्र में सीटों का बंटवारा अभी तक अधर में है।

महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अगाडी की गाडी सीटों के बंटवारे को लेकर आगे ही नहीं बढ़ रही है । शिवसेना [ठाकरे] गुट और कांग्रेस में बात बन नहीं रही है और ऐसा लगता है कि ये गठबंधन बिखर जाएगा, लेकिन यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस को तो कोई नुक्सान नहीं होने वाला लेकिन उद्धव ठाकरे की फजीहत हो जाएगी। शरद पंवार साहब की एनसीपी भी अकेले दम पर भाजपा को रोकने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में इन तीनों प्रमुख घटकों को हिकमत अमली से फैसला करना पडेगा। अब ये महाराष्ट्र विकास अगाडी को तय करना है की वे अपने और महाराष्ट्र के हित में झुकते हैं या नहीं? महाराष्ट्र जैसी ही दशा उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों को लेकर है। यहां कांग्रेस कम से कम 5 सीटें चाहती है और समाजवादी पार्टी शायद इसके लिए राजी नहीं है /आपको याद है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन के चलते ही आम चुनावों के दौरान भाजपा के अश्वमेद्ध को उत्तर प्रदेश में रोका जा सका था, अन्यथा न सिर्फ खुद के लिए 370 सीटें हासिल करती अपितु 400 पार भी कर लेती तो कोई हैरानी न होती।

इन तमाम अटकलों के बीच इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सरगरमी बढ़ी है. कांग्रेस के आला नेता राहुल गांधी, राजद के तेजस्वी यादव सहित राजद की पूरी टीम रांची में थी. सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन में दिनभर मंथन हुआ. फिलहाल सहमति बनी है कि झामुमो के खाते में 41 से 42 सीटें जा सकती है. वहीं, कांग्रेस 28-29 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. वहीं वाम दलों को चार सीटें मिल सकती है. माले को बगोदर, निरसा और राजधनवार या सिंदरी मिल सकता है. वहीं सीपीआइ को भी एक सीट देने की चर्चा है. गठबंधन में राजद को पांच से छह सीट देने की तैयारी है।

झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन 81 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा। हम 81 सीट पर जेएमएम, कांग्रेस और राजद मिलकर चुनाव लड़े थे। इस गठबंधन में नये सहयोगी भी शामिल हुए. हैं। अब लेफ्ट पार्टी की भी भूमिका होगी. इस चुनाव में पहले चरण की बातें हुई हैं. 70 सीटों पर कांग्रेस और जेएमएम लड़ेंगे. बचे हुए सीट पर सहयोगी लड़ेंगे. कौन कहां से लड़ेगा, उसका फैसला बाद में होगा।

महाराष्ट्र में सपा हो या उद्धव ठाकरे की शिवसेना या एनसीपी यदि जरा भी हठधर्मी दिखाते हैं तो यहां भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। इंडिया गठबंधन हरियाणा विधानसभा चुनाव में गर्म दूध से जल चुका है ,इसलिए उसे अब महाराष्ट्र और झारखण्ड में छाछ भी फूंक-फूंककर पीना चाहिए। जल्दबाजी में जबान जलने का खतरा बना ही रहेगा। आज की स्थिति में विपक्ष के पाँव अपनी ताकत बढ़ाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है ,क्योंकि अब मोदी हटाओ का नारा तो 2029 में ही लगाया जा सकेगा। विपक्ष यदि अगले आम चुनाव तक एक न रहा तो भाजपा के लिए तमाम क्षेत्रीय दलों को समाप्त करना आसान हो जाएगा। २०२९ अभी बहुत दूर है। इसलिए सभी को आज की बात करना चाहिए, सुनना चाहि।

# तड़क-भड़क के साए में रामलीलाएं

**मुकेश तिवारी**

**जिस प्रयोजन को लेकर दशकों** पहले रामलीला के मंचन की शुरूआत हुई थी। बदलते दौर में उसका स्वरूप तेजी के साथ बदल रहा है। गांव कस्बों की बात छोड़ भी दें तो शहरों में इनके भव्य आयोजन की होड लगी रहती है। रामलीला के आयोजन पर भारी-भरकम राशि खर्च की जाती है वहीं दर्शकों को सम्मोहित करने के लिए तरह तरह के जतन किए जाते हैं। हकीकत तो यह है कि रामलीला के मेले जैसे माहौल में लोग भी अब रामलीला देखने कम इसकी चमकदार सेट,भारी भरकम सजावट देखने ज्यादा आते हैं ।ऐसे में रामलीलाओं का आयोजन और उसकी प्रासंगिकता कितनी सार्थक रह गई है? रामलीला के बदलते रंग स्वरूप को देखकर इसकी झलक मिल जाती है। कभी मशाल मिट्टी के तेल की चिमनियों लालटेन और पेट्रोमेक्स की रोशनी में खेली जाने वाली रामलीलाओ का स्वरूप आज पूरी तरह बदल चुका है चार दशक पूर्व की रामलीला देखने वाले लोग यदि आज महानगरों, बड़े शहरों में आयोजित होने वाली नामी-गिरामी रामलीलाओ को देखते हैं तो वे उसके बदले स्वरूप को देखकर दंग रह जाते हैं ।उन्हें विश्वास नहीं होता कि रामलीलाएं कितनी बदल चुकी है। रामलीलाओं के दौरान रामलीला परिसर पूरी तरह मनोरंजक मेलों और आकर्षक बाजार में तब्दील हो जाता हैं ।कडवा सच यह है कि जहां ज्यादातर लोग रामलीला देखने कम, सैर सपाटा और सजावट देखने ज्यादा आते हैं। करीब 400 वर्षों से रामलीलाओं के आयोजन का उल्लेख हमें मिलता है उस वक्त आवागमन के साधन ही कहां थे फिर भी रामलीला मंडलियां तमाम तरह की कठिनाइयों को सहकर इनका आयोजन करती थी ।ढोल मजीरे झांझर करताल जैसे वाद्य यंत्रों व सहज संवादों के माध्यम से दर्शकों को बांधे रखा जाता था। हालांकि लालटेन युग में आंधी पानी आ जाने पर आयोजकों की परेशानी बढ़ जाती थी। समय के साथ धीरे-धीरे टेंटों का सहारा लिया जाने लगा इसके पश्चात पंडालों की शुरूआत हुई बिजली की सुलभता से रामलीला के आयोजको को सहूलियतें मिली और सजावट का दौर प्रारंभ हो गया पहले पुरुष पात्र ही महिलाओं की भूमिका करते थे लेकिन अब बड़ी रामलीलाओं में महिलाएं ही स्त्रियों की भूमिकाएं करती हैं ।पहले रामलीला के पात्र भी कम पढ़े लिखे होते थे। उन्हें पर्दे के पीछे से संवाद सुनाए जाते थे ।लेकिन आज के कंप्यूटर युग में प्रत्येक पात्र संवाद को पूर्ण तौर पर रट डालता है। पहले प्रचार माध्यम इतने सशक्त नहीं थे तो रामलीला काआयोजन करने वाली समितिया पर्चे छपवाकर रामलीला में होने वाली प्रस्तुतियों के बारे में लोगों को बताती थी या फिर शहर कस्बे में घूम-घूम कर लाउडस्पीकर से प्रचार करती थी लोग भी मीलों पैदल चलकर बड़े उत्साह के साथ रामलीला के कार्यक्रमों का पता लगाने आते थे और अपनी रूचि के अनुसार रामलीला देखने परिवार सहित जाते थे ।लेकिन आज इतना बदलाव आ चुका है कि प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के जरिए दर्शकों को रामलीला के दौरान किस दिन कौन से प्रसंग का मंचन हो इसकी जानकारी दी जाती है। साधन संपन्न रामलीला कमेटियां तो बकायदा पत्रकार वार्ता आयोजित कर रामलीला के आकर्षणों के बारे में जानकारी देती हैं। आज की रामलीला को भव्यता प्रदान करने के लिए कितना धन खर्च किया जाता है उसकी कोई सीमा नहीं होती हर वर्ष रामलीला के मंचन पर लाखों रुपए रामलीला पर खर्च करने वाली श्री रामलीला समारोह समिति के पदाधिकारी विष्णु गर्ग , राधेश्याम भाकर संयोजक रमेश अग्रवाल बताते हैं कि रामलीला देखने आने वाले दर्शकों की अभिरुचि को देखते हुए हर साल श्री राम लीला समारोह समिति को कुछ न कुछ नया करना पड़ता है राधेश्याम भाकर ने बताया कि पिछले 77सालो से लोगो में धार्मिक भावना जागृत करने के मकसद से छत्री मंडी परिसर में रामलीला का मंचन हमारी समिति द्वारा कराया जा रहा है हालांकि पिछले कुछ सालों से छत्री मंडी परिसर के स्थान पर अब रामलीला का का मंचन फूलबाग मैदान में किया जाने लगा है। इस साल श्री राम लीला समारोह समिति द्वारा 78 वी रामलीला का आयोजन वृंदावन की नामचीन रामलीला मंडली के माध्यम से कराया जा रहा है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वृंदावन की श्री हरि बाबा राम कृष्ण लीला मंडल के द्वारा निर्देशक स्वामी रसिक विहारी जी महाराज के निर्देशन में रामलीला का मंचन किया जा रहा है ।रामलीला को आज भले ही व्यापारी अथवा पूंजीपति बढ़ावा दे रहे हैं लेकिन समूचे देश में इसके प्रचार-प्रसार में सबसे बड़ी भूमिका निभाई है मथुरा और वृंदावन की मंडलियों ने सैकड़ों वर्षो पूर्व साधनों के अभाव में मथुरा वृंदावन से लोग विभिन्न जगहों पर जाते थे और छोटे-छोटे टेंटों अथवा खुले मैदानों, धर्मशाला ओं के प्रांगण में रामलीला रासलीला का आयोजन करते थे इसके पश्चात दरभंगा बिहार की कुछ मंडलियों ने इन्हें और भी विस्तार दिया, रामलीला मंडल मुरार के अध्यक्ष बताते हैं कि हमारी रामलीला के सभी पात्र स्थानीय होते हैं उनका कहना था कि इस आयोजन में भाग लेने वाले पात्र किसी भी तरह का पारिश्रमिक नहीं लेते हैं अधिकांश पात्र अच्छे पढ़े-लिखे हैं और नौकरियां करते हैं कमेटी की एक विशेषता यह है कि वह हर वर्ष नारद मोह मनु शतरूपा, ताड़कावध, परशुराम संवाद, बाली वध, कुंभकरण वध मेघनाथ वध आदि को काफी अनूठे ढंग से प्रदर्शित करती है ।रामलीला में बढ़ती नाटकीयता के बारे में पूछे जाने पर छत्री मंडी श्री राम लीला समारोह समिति के राधेश्याम भाकर कहते हैं बदलते समाज में दर्शकों की रुचि को देखकर प्रतिवर्ष कुछ सुधार किए जाते हैं लेकिन तथ्यों से कतई छेड़छाड़ नहीं की जाती पात्रों के बारे में पूछने पर उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के कहा कि सभी पात्र अपने अभिनय में जीवंतता लाने के लिए इस दौरान सात्विक रहते हैं मुरार रामलीला समिति के अध्यक्ष एक उदाहरण देते हुए बताते हैं कुछ वर्ष पूर्व सायरा नाम की एक लड़की को हमारे द्वारा सीता का किरदार निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई तो कुछ लोगों ने आपत्ति की कि कैसे हम सीता के रूप में इनका चरण स्पर्श करेंगे लेकिन आपत्ति के बावजूद इस पात्र को नहीं बदला गया सायरा ने सीता की भूमिका में खरा उतरने के लिए इस दौरान वह शाकाहारी रही जमीन पर सोई और मयार्दा का पूर्ण तौर पर पालन किया मुरार में पिछले 115सालों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, इस तरह ऐतिहासिक शहर ग्वालियर में आयोजित होने वाली रामलीलाएं है हर साल भव्यता और आकर्षण के नए सोपान चढ़ रही हैं। नवदुर्गा सेवा समिति द्वारा दीनदयाल नगर के में भी इन दिनों राम लीला का मंचन किया जा रहा है इसके आयोजन में दीपक तोमर की अहम भूमिका रही है। हालांकि पहले के दौर की रामलीलाएं जहां तड़क-भड़क से दूर रहती थी लेकिन आज ध्वनि और प्रकाश के प्रभाव को रामलीलाओं में विशेष महत्व दिया जा रहा है मौजूदा दौर में तकनीकी पक्ष का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है इसके मूल चरित्र पर क्या फर्क पड़ा है इसके बारे में वरिष्ठ पत्रकार डॉ केशव पांडे बेहिचक बताते हैं कि भले ही रामलीलाओं में भव्यता बढ़ गई है पर पहले जैसी बात नहीं रही पहले रामलीला के घटनाक्रम को देखते हुए दर्शक दर्शक रो पड़ते थे दर्शक लोग पात्रों से अपना तारतमय जोड़कर पूरी तरह से घटनाक्रम का हिस्सा बन जाते थे लेकिन आज लोग सजावट देखने और मनोरंजन करने के लिए रामलीला देखने आते हैं रामलीला देखने आए कई दर्शक मानते हैं कि अब तो सिर्फ तड़क-भड़क ही रह गई है वरिष्ट पत्रकार डॉ सुरेश सम्राट प्रतिभा रैली बताती है कि पहले रामलीला प्रारंभ होने से पूर्व ही लोगों में उसके प्रति काफी उत्साह दिखाई देने लगता था रामलीला स्थल पर मंच के सामने सबसे आगे बैठने की होड़ लगी रहती थी पात्रों को देखकर आध्यात्मिक अनुभूति होती थी लेकिन अब तो यहां आने वालों का उद्देश्य बदल गया है।

# देश की पुरानी व इंजीनियरिंग में सबसे उत्कृष्ट संस्था है आईआईटी रूड़की

**संजय गोस्वामी**



**देश की नामचीन संस्था** आईआईटी रुड़की ने 175वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान के पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअली जुड़े ।25 नवंबर को अपना 175वां स्थापना दिवस मना रहे आईआईटी रुड़की संस्थान के इस कार्यक्रम में देश-विदेश में सेवाएं दे रहे कई पूर्व छात्रों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। इस मौके पर अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 पूर्व छात्रों को आईआईटी ने सम्मानित भी किया ।इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आईआईटी रुड़की का 175 वर्ष का ये सफर बहुत शानदार रहा है। आईआईटी तमाम क्षेत्रों में शिखर पर पहुंची है और आगे भी बेहतर करने की कोशिश जारी रहेगी। : रुड़की कॉलेज की स्थापना साल 1847 में ब्रिटिश साम्राज्य के प्रथम इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 1854 में थॉमसन कॉलेज ऑफ सिविल इंजीनियरिंग के रूप में इस कॉलेज का फिर से नामकरण हुआ। इस कॉलेज की कार्यकुशलता और क्षमता को सम्मानित करते हुए स्वतंत्र भारत में संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश) के 1948 के अधिनियम संख्या कके द्वारा इसे विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया ।नवंबर 1949 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहर लाल नेहरू ने इसे स्वतंत्र भारत के प्रथम इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकृत करते हुये इसे चार्टर प्रदान किया। 21 सितंबर 2001 को रुड़की विश्वविद्यालय से इसका दर्जा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में बदलते हुये संसद में एक बिल पास करते समय इस संस्थान को राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान घोषित किया गया। अपनी स्थापना के बाद से ही, इस संस्थान ने देश को तकनीकी जनशक्ति और तकनीकी- जानकारी प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। आज यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी संस्थानों में शुमार है और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान जारी रखे हुए है। डॉक्टरेट कार्यक्रमों के अतिरिक्त, यह संस्थान 18 विषयों में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम और इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रबंधन, वास्तुकला और नियोजन तथा मानविकी व सामाजिक विज्ञान की 57 विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है। 500 से अधिक योग्यतम फैकल्टी सदस्यों की सहायता से यह 9000 से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहा है तथा 40,000 से अधिक पूर्व छात्रों के माध्यम से देश और विदेश के कोने-कोने में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज किये हुये है। आई ।आई ।टी रुड़की ने अपनी स्थापना के 175वें वर्ष में प्रवेश किया, और अपने पूर्व छात्रों, वर्तमान छात्रों, स्टाफ सदस्यों तथा अपने अकादमिक और औद्योगिक सहयोगियों के साथ पूरे विश्व में अपनी सफलता का जश्न मना रहा है। 1847 में रुड़की इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई इसकी स्थापना के बाद से, यद्यपि यह संस्थान विभिन्न नामों से जाना गया, तो भी सदैव उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा और अनुसंधान का एक विश्व प्रतिष्ठित, प्रमुख संस्थान है जो पहले यूनिवर्सिटी ऑफ रूड़की के नाम से जाना जाता था 2001में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रूड़की दुनिया का एक मात्र संस्थान है भारत में जो भूकंप इंजीनियरिंग के बारे में इंजीनियरिंग कोर्स बहुत पहले से चालू है आर्किटेक में भी एशिया का न 1 संस्थान है यहाँ पढ़ाई इस कदर पढ़ाया जाता है कि यदि आप फेल हो जाते हैं तो इंस्टिट्यूट आपको बाहर निकाल देती है अतः यहाँ पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** करियर में लाभ और सफलता के प्रबल योग बन रहे हैं। आपकी तरक्की होगी। | **तुला** आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। |
| **वृषभ** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी तरक्की होने से मन प्रसन्न होगा। | **वृश्चिक** लाभ होगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन काफी मजबूत है। |
| **मिथुन** आज दिन रचनात्मकता से भरा होगा और आपको हर कार्य में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। | **धनु** आज दिन सतर्कता का है। आपको बिजनस में थोड़ा सा जोखिम उठाने से सफलता प्राप्त होगी। |
| **कर्क** दिन सृजनात्मक है और जो भी काम आप लगन के साथ करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। | **मकर** आज का दिन सामान्य है और पार्टनरशिप में जो भी काम करेंगे उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। |
| **सिंह** आपको धर्म आध्यात्म के मामले में कुछ वक्त पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना चाहिए। | **कुंभ** आज करियर के मामले में सफलता मिलेगी और कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। |
| **कन्या** आज कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। | **मीन** आज करियर के मामले में लाभ होगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम हितकर रहेगा। |

## राजकाज

### भारत सरकार पर भारी पड़ा पन्नू

**खालिस्तान समर्थक आतंकवादी** गुरूपतवंत सिंह पन्नू भारत सरकार के लिए भारी पड़ गया है। अमेरिका की जांच एजेंसी ने भारतीय केंद्रीय एजेंसी के एक जाँच अधिकारी के नाम हत्या रचने की साजिश का मुकदमा दर्ज किया है। अमेरिकी जांच एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप भी लगाया है। इस मामले में भारत सरकार ने सफाई दी है। विकास यादव भारत सरकार के लिए काम नहीं करते हैं। साजिश के तहत अमेरिकी अदालत में दो लोगों को आरोपी बनाया है। एक आरोपी निखिल गुप्ता पहले ही अमेरिका की जेल में बंद है। अब विकास यादव का नाम सामने आ गया है। इस छोटे से कूटनीतिक मामले को भारत सरकार के बड़बोले पन के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अन्यथा यह मामला पहले ही आसानी से निपट जाता। पन्नू इतना भारी पड़ेगा, यह नातो सरकार ने सोचा, नाही जांच एजेंसियों ने सोचा था। यह मामला इतना भारी पड़ने वाला है। इस मामले की आंच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तक पहुंच रही है।

### झारखंड में एनडीए की सीटों का बंटवारा

**झारखंड में पहले चरण का** मतदान 13 नवंबर को होना है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ने सीटों का बटवारा कर सूची जारी कर दी है। एनडीए के घटक दलों में जैसे ही सीटों का बंटवारा हुआ। उसके बाद सहयोगी दलों में खटरपटर देखने को मिलने लगी। झारखंड की 81 सीटों पर 68 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ेगी। बची हुई 13 सीटों में 10 सीट पर आजसू, दो सीट पर जनता दल यू और एक सीट पर रामविलास पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति का उम्मीदवार लड़ेगा। सीटों का बटवारा तय होने के बाद झारखंड में पार्टी के अंदर और गठबंधन के दलों की नाराजगी भी सामने आ गई है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1684 मेवाड़ के राणा राजसिंह का निधन। 1796 पेशवा माधव राव द्वितीय ने आत्म हत्या कर ली। 1873 स्वामी राम तीर्थ का जन्म। 1952 ईरान ने तेल विवाद के कारण ब्रिटेन से राजनयिक संबंध तोड़ लिए। 1953 फ्रांस ने लाओस को स्वतंत्र किया। 1956 हंगरी में लोकतांत्रिक सरकार के गठन की मांग के समर्थन में प्रदर्शन शुरू हुए। 1962 भाकड़ा नांगल नदी घाटी परियोजना राष्ट्र को समर्पित की गयी। 1969 लेबनान के प्रधानमंत्री रशीद करामी ने इस्तीफा दिया। 1977 राष्ट्रसंघ महासभा में 42 देशों ने विमान अपहरण के मामले पर विचार विमर्श का आग्रह किया। 1989 राष्ट्रकुल के 49 देशों ने दक्षिण अफ्रीका पर प्रतिबंध और कड़ा करने का समर्थन किया। 1991 केन्या ने नार्वे से राजनयिक संबंध तोड़ लिए। 1997 यूगोस्लाविया के रक्षा मंत्री ने यूरोपीय समुदाय का शांति प्रस्ताव ठुकरा दिया।

## दैनिक पंचांग

**22 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | तुला | 05.38 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृश्चिक | 07.57 ब.से |
| मंगल | कर्क में | धनु | 10.13 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.18 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 14.04 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मीन | 15.37 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.08 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 18.48 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 20.46 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कर्क | 22.59 बजे से |
| | | सिंह | 01.16 बजे से |
| | | कन्या | 03.27 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 296 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 01.30 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 05.39 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** परिघ 08.46 बजे को समाप्त। **करण** गर 13.54 बजे तदनन्तर वणिज 01.30 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 09' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872140 **जूलियन दिन** 2460605.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 18 **विशेष** स्कन्द षष्ठी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### पूर्व कृषि मंत्री सत्यानन्द झा ने पार्टी पद से दिया इस्तीफा



**जामताड़ा (एप्र)।** भारतीय जनता पार्टी के नाला विधानसभा क्षेत्र के कददेवार नेता सह पूर्व कृषि मंत्री सत्यानन्द झा ने पार्टी से बगावत कर पार्टी के पद से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने माधवचन्द्र महतो को नाला विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। प्रत्याशी घोषित होने के पूर्व सत्यानंद झा नाला विधानसभा क्षेत्र से टिकट की मांग कर रहे थे। लेकिन पार्टी ने टिकट नही दिया। जिससे नाराज सत्यानन्द झा ने पार्टी के पद से इस्तीफा देकर चुनावी मैदान में उतारने का फैसला लिया है। मीडिया से बात करते हुवे सत्यानन्द झा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने टिकट के लिए सर्वे कराया, रायसुमारी कराई, जिसमें एक नंबर पर मेरा नाम है। इसके बावजूद भी पार्टी ने मुझे टिकट नही देकर किसी अन्य को टिकट थमाया है। उन्होंने कहा कि में मंत्री भी रह चुका हूँ और किसी तरह का भ्रष्टाचार का आरोप मुझपर नही लगा है। उन्होंने भाजपा को बर्वाद पार्टी की संज्ञा दिए हैं और पार्टी छोड़ने की घोषणा करते हुवे चुनाव लड़ने का एलान किया।

### क्षेत्र भ्रमण के दौरान जामताड़ा एसपी पहुंचे नाला थाना



**नाला (एप्र)।** विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जामताड़ा एसपी एहतेशाम बकारिव पहुंचे नाला थाना। उन्होंने विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं उन्होंने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक टिप्स दिए। इस दौरान एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि थाना, चेकपोस्ट आदि का निरीक्षण किया गया। हमलोग चाहते हैं कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट है उसका अच्छे से पालन हो। चेकनाका इफेक्टिव रहे वहां 24 घंटा चेकिंग हो रही है जो भी बंगाल राज्य से प्रवेश कर रही है। सभी मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का पालन करें ताकि हमारा इलेक्शन शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सके। मौके पर नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### ट्रक ने बाइक को रौंदा बाल-बाल बचे



**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साहिबगंज हाईवे में साई होटल के समीप एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को रौंदते हुए होटल के पार्किंग में जा घुसा गनीमत रही की मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवकों को गंभीर चोट नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि ट्रक संख्या जेएच 10 सीडी 2030 धनबाद की और तेज गति से जमाताडा की और जा रहा था। वही नारोडीह निवासी मुख्तार अंसारी अपने बाइक से गेरेज जा रहा था। ट्रक तेज गति रहने के कारण अनियंत्रित होकर मुख्तार अंसारी के बाइक में टक्कर पर दी बाइक चालक बाइक को छोड़ कर भागने में सफल रहा है। वही बाइक को बुरी तरह से रौंदते हुए साई होटल के पार्किंग में घुस गया। घटना के बाद लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा वही बाइक चालक और होटल के मालिक ट्रक के मालिक से नुकसान की भारी पाई की मांग की है।मोके पर नारायणपुर पुलिस पहुंच चुकी थी।

### एएएम घोलजोड़ में जन आरोग्य समिति के गठन को लेकर हुई बैठक

**नाला (एप्र)।** एएएम घोलजोड़ में जन आरोग्य समिति के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया बबलू मुर्मू ने की। मालूम हो कि एचडब्ल्यूसी पर स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं के प्रावधान के संबंध में इसके संचालन, प्रबंधन, उपभोग और जवाबदेही सुनिश्चित करने में जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी के लिए आयुष्मान भारत जन आरोग्य समिति के रूप में एक मंच उपलब्ध कराया गया है। यह समिति जिला स्वास्थ्य समिति के घटक के रूप में कार्य करती है। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों तथा ग्रामीणों को विभिन्न जानकारियां दी गई साथ ही इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। मौके पर बीटीटी प्रदीप कर,भीएचएसएनसी के अध्यक्ष बाबुजन हांसदा, वार्ड सदस्य हेमलाल हांसदा,स्वास्थ्य सहिया मिताली मंडल, गायत्री मंडल, कल्पना हांसदा,भादु पातर, रेखा मंडल, उपासी मिर्धा, मालती मंडल सहित एएनएम, सीएचओ, सहिया साथी आदि मौजूद थे।

### महिला के साथ छेड़खानी के मामले में युवक गया जेल

**फतेहपुर (एप्र)।** बिन्दापाथर थाना क्षेत्र के एक गाँव की आदिम जनजाति महिला ने थाना क्षेत्र के बहड़ाडांगाल (मंझलाडीह) गाँव के निवासी नेपाल महतो (40) पिता आनन्द महतो के खिलाफ आवेदन पत्र दिया और पीड़िता ने आवेदन पत्र में कहा कि शुक्रवार को समय करीब शाम 5 बजे को मैं बहियार से घास काटकर घर आ रही थी। उसी दौरान आरोपी नेपाल महतो ने नीचे के खेत में घास काटते-काटते दौड़कर मेरे पास आया और गलत नीयत से धरपकड़ कर खीचकर ले जाने की प्रयास करने लगा। मेरे द्वार विरोध करने पर मेरा शरीर में पहनी साड़ी और ब्लाउज दोनों फाड़ दिया और मेरा मूँह को अपना हाथ से बन्द करके रखा था। जैसे कि में नहीं चिल्ला संकु। और आरोपी नेपाल महतो ने मुझे पकड़कर कहा कि में तुम्हें जिस काम के लिए पकड़ा है वह काम मुझे करने दो इस बात को अगर तुम्हारा पति के कान में सुनाई दिया तो तुम्हारा पति तुम्हें ले भी नहीं जाएगा। बहुत प्रयास करने के बाद आरोपी नेपाल महतो के चंगुल से अपना इज्जत बचाई। और फटी साड़ी एवं ब्लाउज में किसी तरह वापस अपना घर आई में रोते-रोते हुए अपनी चाची निरासी देवी को बताई। इस मामले में थाना कांड संख्या 77/24 दर्ज करके थाना प्रभारी बालाजी राजहँस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी नेपाल महतो को जेल भेज दिया है।

# उपायुक्त ने चुनाव संबंधित कार्यों का किया निरीक्षण



**जामताड़ा (एप्र)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय (भाप्रसे) द्वारा विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला परिषद कार्यालय स्थित 08 नाला विधानसभा क्षेत्र के नामांकन स्थल एवं नवनिर्मित आईटीडीए भवन में चुनाव से संबंधित चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने तैयारियों का लिया जायजा एवं कमियों को अविलंब दुरुस्त करने हेतु दिए गए निर्देश। उन्होंने अधिकारियों संग विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला परिषद कार्यालय स्थित नामांकन स्थल एवं नवनिर्मित आईटीडीए भवन में चुनाव से संबंधित चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने 08 नाला विधानसभा हेतु नामांकन जिला परिषद कार्यालय में किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने निवार्ची पदाधिकारी 08 नाला सह अपर समाहर्ता पूनम कच्छप से तैयारियों के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन एवं निर्देश के आलोक नामांकन प्रक्रिया से जुड़ी सभी तैयारियां को अविलंब पूर्ण कर लें। इसके अलावा जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा के अलावा हेल्प डेस्क स्थापित करने सहित अन्य बिंदुओं पर जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा नामांकन कक्ष में नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी के साथ पांच समर्थक को ही जाने की अनुमति रहेगी। उन्होंने नाम निर्देशन दाखिल करने की तिथि 22 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। वहीं नामांकन प्रपत्र की संविक्षा 30.10.2024 को होगी एवं 01.11.2024 को नाम वापसी की अंतिम तिथि एवं 20.11.2024 को जिले में मतदान संपन्न होगा। वहीं नामांकन स्थल निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने तैयारी की समीक्षा कर पाए गए कमियों को अविलंब निष्पादन हेतु आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया। कहा कि नामांकन स्थल में विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट रहेंगे। इस मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कश्यप, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## झारखंड बंगाल बॉर्डर मिहिजाम के चेकनाका पर पकड़ाया 1लाख 55हजार



**मिहिजाम (एप्र)।** जामताड़ा हेड क्वाटर डीएसपी ने सोमवार को झारखंड बंगाल बॉर्डर मिहिजाम के हांसीपहाड़ी चेकनाका पर वाहन चैकिंग के दौरान एक युवक के बैग से एक लाख पचपन हजार रुपए केश बरामद किया है। यह चेकिंग खुद हेड क्वाटर डीएसपी संजय सिंह के द्वारा किया गया। जहां झारखंड बंगाल बॉर्डर पर से एक मोटर साइकिलसंख्या डब्लू बी 38 बी ए 7188 पर सवार होकर एक युवक मिहिजाम हांसीपहाड़ी चेकनाका बोर्डर से बंगाल में घुसने ही करने वाला था कि पुलिस के द्वारा जब उसकी चैकिंग की गई तो युवक के पास एक बैग से एक लाख पचपन हजार रुपए केश मिल गए। जिसे की जब्त किया गया है। जिस युवक के बैग से कैश रुपया बरामद हुआ है। उसका नाम रोहन पाल है। जो कि पश्चिम बंगाल के सालनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव का निवासी है। वही हेड क्वाटर डीएसपी संजय कुमार सिंह ने मौके पर युवक से पूछताछ कर कैश रुपया किसका है तथा कहां से लाया जा रहा है और कहां ले जाया जा रहा था। इसके बारे में जानकारी हासिल किया। वही युवक का कहना था कि यह रुपया दुकान के तगड़ा का है जो कि मिहिजाम के विभिन्न सीमेंट दूकान से तगादा करके रूपनारायणपुर लेकर जा रहे थे।

## मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने किया इंडियन ब्लू हॉस्पिटल का उद्घाटन



**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर बाजार रोड मध्य विद्यालय के पास इंडियन ब्लू हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया।इस अस्पताल का उद्घाटन झारखंडके ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर मंत्री ने कहा कि नारायणपुर में इस प्रकार के अस्पताल की काफी जरूरत थी। इस अस्पताल के खुल जाने से वैसे मरीज जिन्हें साधारण बीमारी के लिए भी धनबाद एवं अशनसोल जाना पड़ता था, अब उनका यहीं पर इलाज संभव हो पायेगा, उन्होंने कहा कि वे भी एक डॉक्टर हैं, अगर मौका मिला तो वे भी यहां मरीजों की सेवा के लिए तैयार हैं। कहा कि आज लोग अस्पताल को पूरी तरह से व्यवसाय बना के रखे हैं, कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है, उन्होंने इस अस्पताल के संचालक से कहा कि इसमें कम से कम पच्चीस प्रतिशत बीपीएल मरोजों को साधारण खर्च पर उपचार करें। मौके पर डॉ एमएम जामा, डॉ रफीक के अलावा मफूज अंसारी, मुरारी बैद्य, गौतम बैद्य, राघवेन्द्र नारायण सिंह, असश्वनी प्रसाद, कंदर्प नारायण सिंह, कमल महतो, मुबारक अंसारी सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## जामताड़ा में पुलिस संस्मरण दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन, एसपी ने शहीद पुलिस कर्मियों को दी श्रद्धांजलि



**जामताड़ा (एप्र)।** 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस लाइन जामताड़ा में एसपी डॉ एहतेशाम वकारिब के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पुलिस लाइन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के एसपी, डीएसपी और पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ काफी संख्या में पुलिस जवान उपस्थित थे। उपस्थित अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखकर जहां पुलिस के अधिकारियों ने पुलिस के इन वीरों को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया वहीं पुलिस के जवानों ने अपने शस्त्रों को उल्टा कर पूरे सम्मान के साथ सलामी दी। इस मौके पर एसपी डॉ एहतेशाम वकारिब ने संबोधित करते हुवे बताया कि प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। जहाँ उन्हें याद किया जाता है कि किस प्रकार से देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कुबार्नी दी है। हमारे जवान शहीद हो गए हैं। उन्हीं की याद में संस्मरण दिवस मनाया जाता है। उनके शहादत से हमलोगो में एक जोश भरने का काम करते हैं। हमलोग कानून व्यवस्था बहाल रखने के लिए तत्पर हैं। झारखण्ड समेत पूरे देश में शहीद हुवे पुलिस अधिकारियों और जवानों को हमलोग याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने देशभर में शहीद हुए पुलिस जवानों की संख्या एवं उनके नाम के साथ बताया। इस मौके पर मुख्यालय डीएसपी संजय कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर कुमार ,मेजर अजीत कुमार चौबे, सार्जेंट किशोर कुमार ने भी बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भारी संख्या में सशस्त्र बल के जवान एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## बेजनाथपुर गांव में ट्रांसफार्मर खराब उपभोक्ता परेशान

**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर प्रखंड के बेजनाथपुर गांव में स्थापित 64 केबी क्षमता वाले विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने से घरों में पिछले कई दिनों से अंधकार का साम्राज्य है। ग्रामीणों के लाख प्रयास के बावजूद भी अब तक खराब विद्युत ट्रांसफार्मर की मरम्मत नहीं हो पाई। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को गर्मी समेत अन्य प्रकार की समस्याओं से रूबरू होना पड़ रहा है। पिछले7 दिनों बिजली चमकने के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ था। तभी से बेजनाथपुर गांव के सभी घरों से बिजली गायब है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रयासरत है, लेकिन स्थानीय विभागीय कर्मी की उदासीनता के कारण खराब ट्रांसफार्मर के जगह नया ट्रांसफार्मर गांव को नहीं मिला और न मरम्मत की पहल हुई।

## मुखिया संघ ने की बैठक सम्पन्न



**जामताड़ा (एप्र)।** सदर प्रखंड के सभागार में सोमवार को मुखिया संघ की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष देवीसन हांसदा ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों से आए मुखिया ने हिस्सा लिया। बताते चले की बीते माह मुखिया संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया था। इस हड़ताल से वर्तमान झारखंड सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावित हो रही थी। वही योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए झारखंड सरकार के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाए जा रहे थे। मुखिया संघ के हड़ताल पर चले जाने से कई योजनाएं प्रभावित हो रहे थे। स्थिति को देखते हुए ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आश्वासन के बाद हड़ताल को खत्म कर दिया गया था। बैठक में उनकी मांगे हड़ताल समाप्त करने के बाद भी नहीं पूरी होने को लेकर चर्चा की गई। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री के आश्वासन के बाद हम लोगों ने हड़ताल समाप्त कर दिया था, परंतु हमारी मांगे अभी तक नहीं पूरी हुई है। इसको लेकर हम सभी मुखिया संघ विचार विमर्श कर रहे हैं तथा आगे की रणनीति तैयार कर रहे हैं। वहीं बैठक में मुख्य रूप से स्टेनशीला हेमब्रम, पार्वती सोरेन, तारामणि मरांडी, रानी पावरिया, सुनीता मुर्मू, रोबोनी मरांडी, सुखेंद्र टुडू, निर्मल सोरेन, शिवधन हांसदा, मनोज सोरेन श्यामलाल सोरेन आदि मुखिया उपस्थित थे।

## पार्टी कार्यालय में भाकपा की हुई बैठक



**कुंडहित (एप्र)।** सोमवार को पार्टी कार्यालय में भाकपा कुंडहित अंचल कमेटी का एक बैठक ननी गोपाल मान्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान 27 अक्टूबर तक बूथ कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया वही कुंडहित अंचल के 15 पंचायत को 5 जोन में बांटा गया और संगठन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। सभी कामरेड को हर गांव हर घर तक जाने को कहा गया। हर बुथ को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला सचिव सह नाला विधानसभा के भाकपा प्रत्याशी कन्हाई चंद्र माल पहाड़ियां, जिला सहायक सचिव मिहिर मंडल, गौर रवानी, सुकुमार घोष, अंचल मंत्री गोपीनाथ मंडल, बादल मंडल, संजय सिंह, जयंत सिंह, निरोध घोष, परितोष घोष, सुबल घोष, संतोष घोष, बृज गोपाल घोष, कृष्णा पद घोष, हिरेन बाउरी, साधन घोष, शिशिर कर्मकार, रविचंद्रन टुडू, सत्तू लाल टुडू, सूदन मुर्मू, राधेश्याम डोम, अमर डोम, प्रदीप खां, संजय पाल, अमल चंद्र घोष के अलावे काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देवघर जिला को जोड़ने वाला सीला नदी बादडंगाल पुल तक सड़क गड्ढे ही गड्ढें ग्रामीण परेशान



**फतेहपुर (एप्र)।** फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत खिजुरिया आदिवासी टोला से देवघर जिला को जोड़ने वाला सीला नदी बादडंगाल पुल तक सड़क लगभग 3 किमी तक सड़क काफी खराब है।सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। जिससे दर्जनों गांव के लोगो को आने जाने में काफी परेसानी होता है।और समय भी लगता है। इस सड़क से सैकड़ों लोग रोजना अपने जरूरी कामकाज के लिए जामताड़ा जिले के फतेहपुर बाजार सहित स्कूल कॉलेज आते जाते है एक ओर दूसरी ओर देवघर जिला के कई गावों में लोगों का आना जाना लगा रहता है। खिजुरिया गांव के ग्रामीण का कहना हैं। हमलोगों की मांग यहीं है की खिजुरिया आदिवासी टोला से बादडंगाल सीला नदी में बना पुल तक सड़क को बना दिया जाय ताकि इस सड़क से आने जाने वाले ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। यह सड़क विगत कई साल से बदहाली का दंश झेल रही है। इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। इस सड़क से बादडंगाल, श्रीरामपुर, बास्कीडीह, सिमला आदि गाँवों लोग आना जाना इसी सड़क से करते हैं।सड़क इतनी जर्जर हो गई है कि इस पर पैदल चलना भी मुश्किल है। विद्यार्थियों को कच्ची सड़क होने से बरसात के दिनों में परेशानी होती हैं। सड़क पर साइकिल और मोटर साइकिल से चलना खतरों से खाली नहीं है। इस सड़क पर से होकर कई कई स्कूल के छात्र-छात्राएं आना जाना करते हैं। विद्यार्थियों को साइकिल से विद्यालय जाने में भी परेशानियां उठानी पड़ती है। आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस इलाके की यह एक प्रमुख सड़क है। ग्रामीण कई साल से इसकी मरम्मत की मांग कर रहे हैं लेकिन अब तक इस दिशा में अभी तक पहल नहीं की गई है।देखा जाए तो वाहन चालक इस सड़क का मुख्य सड़क के रूप में इस्तेमाल करते हैं। पिछले कई वर्ष से पक्की करण न होने से सड़क जर्जर हो चुकी है।देखने पर यह पता ही नहीं चलता कि इस मार्ग पर सड़क भी थी या नहीं। सड़क में गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। बजरी और छोटे-छोटे कंकड भी दिख रहे हैं,जो आवागमन में मुसीबत बन रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बाइक सवारों को परेशानी होती है।कई बार छोटी सवारी गड़ी ई-रिक्शा पलट गए हैं।इसके बाद भी जर्जज सड़क का निर्माण नहीं कराया गया।

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से जर्जर सड़क का पुनः निर्माण कराने की मांग की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि जल्द ही इस सड़क का निर्माण होना चाहिए।सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है।सड़क पर केवल बड़े-बड़े गड्ढे ही बचे हैं। इससे सड़क पर आम लोगों व वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। यहां तक इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। परेशान ग्रामीणों ने जर्जर हो चुके सड़क को शीघ्र बनाने की मांग की है। मौके पर विनय टुडू, रोशन माराण्डी, अनिल टुडू, राकेश मराण्डी आदि उपस्थित थे ।

## एक नजर

### बेटे ने धारदार हथियार से पिता व मां को किया घायल, इलाजरत



**उधवा (एप्र)।** साहिबगंज जिला अंतर्गत राधानगर थाना क्षेत्र के फुदकीपुर के गोहालबाडी गांव में एक बेटे द्वारा हंसवा से मारकर पिता को घायल कर देने की खबर प्रकाश में आई है। मिली जानकारी के अनुसार तफजुल शेख ( 71 ) घर के बाहर बैठा हुआ था। उसी दौरान उसके पुत्र हब्लू शेख का किसी बात को लेकर पिता के साथ कहा सुनी होते होते पिता पर धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया है। उसकी सूचना मिलते ही उसकी पत्नी सारुल बीबी ( 49 ) बीच बचाव करने आई ,तो उसे भी धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। जिससे दोनों घायलों को परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का इलाज किया। वहीं खबर लिखे जाने तक मामला पुलिस की संज्ञान में आ चुकी थी।

### तीनपहाड़ पुलिस ने गैर जमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राजमहल/ तीनपहाड़ (एप्र)।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर थाना क्षेत्र में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। क्रम में रविवार को गैर जमानतीय वारंटी 1. लोढंग ठोंगा उर्फ प्रधान सोरेन पिता हडगू सोरेन ग्राम धमधमिया थाना तीनपहाड़ जिला साहेबगंज एवं 2. अब्बास अंसारी पे0 दास मोहम्मद सा0 अयोध्या थाना तीनपहाड़ जिला साहिबगंज को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में उपकारा राजमहल भेजा गया है।

### असामाजिक तत्वों ने गुमटी में लगाया आग, सारा सामान जलकर खाक



**कुंडहित (एप्र)।** रविवार की रात्रि असामाजिक तत्वों ने कुंडहित थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड परिसर पर स्थित राम मंडल के गुमटी को आग के हवाले कर दिया। आग लगाने से गुमटी पूरी तरह जलकर खाक हो गया। सोमवार के अहले सुबह जब राम मंडल को घटना की जानकारी हुई तो वह अपना दुकान पहुंचा जहां आस पास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। लेकिन पूरा गुमटी तथा गुमटी में रखा सामान जलकर स्वाहा हो गया। आस पास के ग्रामीणों का कहना है कि घटना काफी निंदनीय है। इस दौरान गुमटी मालिक राम मंडल ने बताया कि रविवार की शाम को दुकान बंद कर घर गया। वही अहले सुबह दुकान खोलने के लिए आया तो देखा कि पूरा दुकान आग में जलकर खाक हो गया था। उन्होंने बताया इस अगलगी की घटना में उनको लगभग 30 से 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। फिलहाल गुमटी में आग लगाए जाने का यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सरकारी शराब दुकान में पुलिस का छापा, नकली शराब को किया जब्त

**तालझारी (एप्र)।** साहिबगंज जिला अंतर्गत तालझारी थाना क्षेत्र के कल्याणी महाराजपुर इमली मोड़ के पास स्थित सरकारी लाइसेंस विदेशी शराब दुकान में रविवार को करीब सुबह 9 बजे पुलिस का छापा मारने की खबर प्रकाश में आई है। वहीं छापेमारी के क्रम में सरकारी विदेशी शराब दुकान से अवैध नकली शराब भारी मात्रा में बरामद कर जब्त की गई। साथ ही नकली शराब बनाने का सामान एवं विभिन्न ब्रांड के खाली बोतल और रेफर भी बरामद हुई है।

**ग्राहक ने दिया पुलिस को सूचना ?**

सूत्रों के अनुसार ग्राहक के द्वारा अपनी आंखों से नकली शराब बनाते हुए देखा गया है। ग्राहक के अनुसार सोमवार की सुबह एक ग्राहक उक्त विदेशी शराब दुकान में शराब खरीदने के लिए गया था। वहीं ग्राहक के द्वारा दुकानदार से शराब की मांग की गई लेकिन शराब 10 के बाद देने को कहकर शराब देने से इनकार कर दिया। इसी क्रम में ग्राहक ने पेशाब करने को कहकर दुकान के अंदर घुस गया। अंदर घुसने पर शराब की गंध के कारण में रसोई घर में घुस गया और वहां देखा तो अचंभित रह गया कि वहां रसोई घर में नकली शराब बनाया जा रहा था। इसके बारे में पूछने पर दुकानदार की ओर से आनाकानी किया गया। इसको लेकर हो हल्ला होने लगी। माहौल बिगड़ता देख शराब दुकानदार भाग निकला जबकि लोगों ने इसकी सूचना तालझारी थाना पुलिस को दे दी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आ गए। मौके पर राजमहल डीएसपी विमलेश कुमार त्रिपाठी, पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, बीडीओ पवन कुमार, सीओ राम सुमन प्रसाद, उत्पाद विभाग के निरीक्षक प्रवीण कुमार राणा, एस आई सियाराम पंडित ए एस आई मनोज कुमार आजाद सहित दर्जनों पुलिस बल मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। सूत्रों की माने तो करीब लगभग लाख रुपये का नकली शराब जब्त किया है।साथ ही दुकान के कैश काउंटर से 52,690 रुपए नगद भी बरामद की गई है। गौरतलब हो कि जिस मकान में नकली शराब बनाते हुए पकड़ा गया है वह सरकारी लाइसेंसी दुकान अनिल महतो नामक एक व्यक्ति के मकान में चलता है। यहां करीब एक साल से सरकारी अनुज्ञप्ति विदेशी शराब दुकान चल रहा है। वहीं मकान के दूसरी ओर सरकारी अनुज्ञप्तिधारी देशी शराब की दुकान भी हैं।



## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**साहिबगंज (एप्र)।** विधानसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं स्वीप कोषांग के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता के प्रति बरहेट प्रखंड अंतर्गत तलबडीया बुथ नं 134 में एवं बोरियों प्रखंड के अंतर्गत बूथ नंबर 105 में पीवीटीजी मतदाताओं को जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर उम्र के अंदर मतदाताओं को स्थानीय पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं अपील किया गया कि वह अपने नजदीकी बूथ में अपना मतदान अवश्य करें एवं कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता व अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया एवं शपथ दिलाई गई कि वह मतदान के प्रति जागरुक रहेंगे एवं अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करेंगे। मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं स्थानीय लोग उपस्थित थें।

## उपायुक्त ने मतदाता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**साहिबगंज (एप्र)।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिले के 01 राजमहल, 02 बोरियों 03 बरहेट विधानसभा क्षेत्र में दुसरे चरण के 20 नवंबर, 2024 को मतदान होगा। मतदाता जागरुक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए रविवार को समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता रथ को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ 01 राजमहल, 02 बोरियो, 03 बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र क्षेत्रों में रोस्टर अनुसार मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेगी। हरी झंडी दिखाने के दौरान निर्वाचन पदाधिकारी समेत उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता- सह निवार्ची पदाधिकारी 03 बरहेट विधानसभा गौतम कुमार भगत, जिला कल्याण पदाधिकारी सह स्वीप कोषांग नोडल पदाधिकारी चित्रा यादव अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## वीएसटी, एसएसटी एवं एफएसटी की प्रशिक्षण संपन्न

**साहिबगंज (एप्र)।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग झुनू कुमार मिश्रा के उपस्थिति में विधानसभा चुनाव 2024 के कार्यों में लगें वीडियोग्राफर को उनके उत्तरदायित्व का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि यदि उनकी प्रतिनियुक्ति वीएसटी टीम के साथ होती है तो उनको किसी सभा या रैली जिसमें अभ्यर्थी के द्वारा उपयोग किए गए प्रत्येक सामग्री, चुनाव प्रचार से संबंधित वस्तु जैसे पोस्टर, पम्पलेट, झंडा, मंच का आकार, कुर्सियों की संख्या इत्यादि का इस प्रकार से वॉइस मोड में वीडियो रिकॉर्डिंग करना है, ताकि इसकी संख्या काउंट की जा सके। इसके साथ-साथ अभ्यार्थियों के द्वारा दिए गए भाषण को भी रिकॉर्ड करना है ताकि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कोई बातें यदि कहीं गई है तो उसका भी मूल्यांकन किया जा सके, यदि उनकी प्रतिनियुक्ति एसएसटी टीम के साथ होती है तो चेकनाका पर प्रत्येक वाहन को रोकने से लेकर समस्त जांच प्रक्रियाओं का रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य होगा। वहीं यदि उनकी ड्यूटी एफएसटी टीम के साथ होती है तो उनको प्रत्येक जगह पर जाने के बाद प्रत्येक जांच का इसी प्रकार से वीडियो लेना है। इसके अलावा फैसिलिटेशन सेंटर ,पीवीसी एवं होम वोटिंग प्रक्रिया का रिकॉर्डिंग लेना होता है, लेकिन यह ध्यान रखते हुए कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे, अर्थात वोटिंग कंपार्टमेंट के तरफ वीडियो नहीं लेना है, जिन मतदान केंद्रों में किसी वीडियोग्राफर की ड्यूटी होगी वहां भी मतदान की गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए ही वीडियो रिकॉर्ड करना है।

## पत्थर चिप्स लदा हाइवा को किया गया जब्त

**हिरणपुर (एप्र)।** पत्थर चिप्स के अवैध परिवहन को लेकर बीते रविवार रात को स्थानीय प्रशासन ने औचक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक पत्थर चिप्स लोड हाइवा को जब्त कर थाना में सुरक्षित रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी टीम में शामिल अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में बीडीओ टुडू दिलीप, थाना प्रभारी नवीन कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे। इस छापेमारी के क्रम में पत्थर चिप्स लोड हाइवा संख्या जेएच 16 जी 3529 को हिरणपुर बाजार में रविवार रात करीब 9:30 बजे रोककर जांच की गई। इसमें चालक के द्वारा माइनिंग चालान गोपालगंज उत्तर प्रदेश के नाम पर बीते 18 अक्टूबर 2024 समय सुबह 5:44 बजे समय निर्गत दिखाया गया। इस बावत सीओ ने बताया कि संभवत एक माइनिंग चालान पर आसपास में कई ट्रिप पत्थर चिप्स की परिवहन की जा रही होगी। चालक के द्वारा पिछले तारीख की चालान प्रस्तुत किया गया। हाइवा को जब्त कर इसकी लिखित शिकायत जिला खनन पदाधिकारी को कर दी गई है।

## तीन साल से ज्यादा समय से जमे अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग

**पाकुड़ (एप्र)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने तीन साल से अधिक समय से जमें पदाधिकारियों की सूची तैयार कर उनके स्थानांतरण करने की मांग की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से प्रार्थना किया है कि जिले के विभागों में तीन साल से अधिक समय से जो पदाधिकारी जमे हुए हैं, उनकी सूची तैयार कर उन्हें स्थानांतरित किया जाए। ताकि 2024 विधानसभा आम चुनाव को प्रभावित न कर सकें। राजमहल लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग का यह निर्देश आया था कि लोकसभा के जिलों में एक दूसरे जिलों में स्थानांतरण हुई है, वैसे भी पदाधिकारी की सूची भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मांगी गई थी। परंतु जिन-जिन पदाधिकारी का तीन साल पूर्ण हो चुका हैं एवं राजमहल लोकसभा क्षेत्र के जिलों से पाकुड़ जिले में पदस्थापित हुए हैं, वह पदाधिकारी अपना प्रभाव से स्थानांतरण को स्थगित करवा लिए हैं और पाकुड़ में पदस्थापित हैं। इन सब पदाधिकारियों की सूची बनाकर अभिलंब स्थानांतरण करवाने की कृपा की जाए। ताकि विधानसभा आम चुनाव में अपने चहेते राजनीतिक पार्टियों को फायदा ना पहुंचाएं और चुनाव को प्रभावित न कर सके।


"सम्पूर्ण एवं गुणात्मक भागीदारी"
कार्यालय
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, दुमका(झारखंड)
(निर्वाचन शाखा)

**ELECTION MOST URGENT**

आदेश

भारत निर्वाचन आयोग के ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत आर्दश आचार संहिता प्रभावी हो गया है। आयोग के पत्रांक 437/6I/INST/ECI/FUNCT/MCC/2024 दिनांक 15.10.2024 द्वारा आर्दश आचार संहिता के अनुपालन एवं प्रभावी ढंग से लागु करने हेतु चुनाव घोषणा के 24 घंटे के अन्दर Complaint Minitoring System क्रियान्वयन के लिये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाना है। उक्त के आलोक में दुमका जिला अंतर्गत Complaint Minitoring System के प्रभावी अनुपालन हेतु जिला नियंत्राण कक्ष, दुमका में कंट्रोल रूम (24X7) की स्थापना एवं निर्वाचन हेल्पलाईन 1950 कार्यरत है।

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित सभी सूचनाएँ, शिकायत का निष्पादन, एवं अन्य जानकारी हेतु मो0 सं0– 9508250080 एवं हेल्पलाईन 1950 अधिष्ठापित है।

विश्वासभाजन,
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, दुमका

PR 339347 (Election)24-25*D



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर।
(कार्मिक–सह–कम्प्यूटर कोशांग)
दूरभाष संख्या :– (06432-232680) फैक्स– 06432–232967 ई–मेल–(edcdeoghar@gmail.com)

प्रेस विज्ञप्ति

विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों / पीठासीन पदाधिकारियों / मतदान पदाधिकारियों 1, 2 एवं 3 द्वारा अपने पुत्र, पुत्री एवं स्वयं की शादी एवं अन्य कार्यों से निर्वाचन कार्य से मुक्त करने हेतु अभ्यावेदन सीधे अद्योहस्ताक्षरी को समर्पित किया गया है।

निदेशानुसार, उक्त सभी अभ्यावेदनों की जाँच के लिए जाँच टीम का गठन निम्न प्रकार से किया जाता है :–

1. श्री नवीन कुमार, वरीय पदाधिकारी–सह–उप विकास आयुक्त, कार्मिक कोषांग, देवघर – अध्यक्ष
2. श्री मनोज कुमार, स्थापना उप समाहर्त्ता, देवघर – सदस्य
3. श्री विनोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, देवघर– सदस्य
4. श्रीमती सरिता भारती, सहायक निदेशक, सा0सु0, देवघर– सदस्य
5. श्री अभय कु0 परासर, जिला सू0वि0पदा0–सह–प्र0पदा0, कार्मिक कोषांग, देवघर – सदस्य।

इस प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा वैसे कर्मियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.11.2024 को देवघर समाहरणालय के भूतल स्थित गठित कार्मिक कोषांग, देवघर में पूर्वाह्न 11:00 बजे गठित जाँच टीम के समक्ष अपने कागजातों के साथ उपस्थित रहेंगे। जाँच टीम के द्वारा वैसे पदाधिकारी एवं कर्मी जिनका अभ्यावेदन असत्य पाया जायेगा तो वैसे पदाधिकारी एवं कर्मी को निर्वाचन जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में उनके विरूद्ध लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत् नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

दिनांक 30.10.2024 के उपरान्त अपने पुत्र एवं पुत्री की शादी एवं अन्य कार्यों से मुक्ति हेतु दिये गये अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। वैसे पदाधिकारी / कर्मी जो चुनाव कार्य से मुक्त करने हेतु अभ्यावेदन समर्पित किये हैं उनके अभ्यावेदन पर जबतक जाँच टीम के अनुशंसा पर कार्मिक कोषांग, देवघर से मुक्ति संबंधी आदेश निर्गत नहीं होता है तबतक वे चुनाव कार्य से कदापि मुक्त नहीं समझे जायेंगे।

ह0/–
वरीय पदाधिकारी,
कार्मिक कोषांग–सह–
उप विकास आयुक्त, देवघर।

PR 339375 Deoghar(24-25)D



**Vidhan Sabha General Election-2024**
**Training Cell Godda**

**1st Training Programme for Polling Personal at District Level**
**Venue - Mahilla College Godda**
**Date & Batchwise No of Polling Personal**

| Sl. No | Room No | Time | 22.10.2024 (Tuesday) Sl.No of P.P | 22.10.2024 (Tuesday) No of P.P | 23.10.2024 (Wednesday) Sl.No of P.P | 23.10.2024 (Wednesday) No of P.P | 24.10.2024 (Thursday) Sl.No of P.P | 24.10.2024 (Thursday) No of P.P | 25.10.2024 (Friday) Sl.No of P.P | 25.10.2024 (Friday) No of P.P | 26.10.2024 (Saturday) Sl.No of P.P | 26.10.2024 (Saturday) No of P.P |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Room No-1 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-01 to 50 | 50 | P1-01 to 50 | 50 | P2-01 to 50 | 50 | P3-01 to 50 | 50 | Pr-01 to 12 | 12 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-801 to 850 | 50 | P1-801 to 850 | 50 | P2-801 to 850 | 50 | P3-801 to 850 | 50 | | |
| 2 | Room No-2 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-51 to 100 | 50 | P1-51 to 100 | 50 | P2-51 to 100 | 50 | P3-51 to 100 | 50 | P1-01 to 42 | 42 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-851 to 900 | 50 | P1-851 to 900 | 50 | P2-851 to 900 | 50 | P3-851 to 900 | 50 | | |
| 3 | Room No-3 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-101 to 150 | 50 | P1-101 to 150 | 50 | P2-101 to 150 | 50 | P3-101 to 150 | 50 | P2-01 to 50 | 50 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-901 to 950 | 50 | P1-901 to 950 | 50 | P2-901 to 950 | 50 | P3-901 to 950 | 50 | | |
| 4 | Room No-4 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-151 to 200 | 50 | P1-151 to 200 | 50 | P2-151 to 200 | 50 | P3-151 to 200 | 50 | P2-51 to 100 | 50 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-951 to 1000 | 50 | P1-951 to 1000 | 50 | P2-951 to 1000 | 50 | P3-951 to 1000 | 50 | | |
| 5 | Room No-5 (Ground Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-201 to 250 | 50 | P1-201 to 250 | 50 | P2-201 to 250 | 50 | P3-201 to 250 | 50 | P2-101 to 111 P3-01 to 36 | 11 36 |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1001 to 1050 | 50 | P1-1001 to 1050 | 50 | P2-1001 to 1050 | 50 | P3-1001 to 1050 | 50 | | |
| 6 | Room No-6 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-251 to 300 | 50 | P1-251 to 300 | 50 | P2-251 to 300 | 50 | P3-251 to 300 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1051 to 1100 | 50 | P1-1051 to 1100 | 50 | P2-1051 to 1100 | 50 | P3-1051 to 1100 | 50 | | |
| 7 | Room No-7(1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-301 to 350 | 50 | P1-301 to 350 | 50 | P2-301 to 350 | 50 | P3-301 to 350 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1101 to 1150 | 50 | P1-1101 to 1150 | 50 | P2-1101 to 1150 | 50 | P3-1101 to 1150 | 50 | | |
| 8 | Room No-8 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-351 to 400 | 50 | P1-351 to 400 | 50 | P2-351 to 400 | 50 | P3-351 to 400 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1151 to 1200 | 50 | P1-1151 to 1200 | 50 | P2-1151 to 1200 | 50 | P3-1151 to 1200 | 50 | | |
| 9 | Room No-9 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-401 to 450 | 50 | P1-401 to 450 | 50 | P2-401 to 450 | 50 | P3-401 to 450 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1201 to 1250 | 50 | P1-1201 to 1250 | 50 | P2-1201 to 1250 | 50 | P3-1201 to 1250 | 50 | | |
| 10 | Room No-10 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-451 to 500 | 50 | P1-451 to 500 | 50 | P2-451 to 500 | 50 | P3-451 to 500 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1251 to 1300 | 50 | P1-1251 to 1300 | 50 | P2-1251 to 1300 | 50 | P3-1251 to 1300 | 50 | | |
| 11 | Room No-11 (2nd Flor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-501 to 550 | 50 | P1-501 to 550 | 50 | P2-501 to 550 | 50 | P3-501 to 550 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1301 to 1350 | 50 | P1-1301 to 1350 | 50 | P2-1301 to 1350 | 50 | P3-1301 to 1350 | 50 | | |
| 12 | Room No-12 (2nd Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-551 to 600 | 50 | P1-551 to 600 | 50 | P2-551 to 600 | 50 | P3-551 to 600 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1351 to 1400 | 50 | P1-1351 to 1400 | 50 | P2-1351 to 1400 | 50 | P3-1351 to 1400 | 50 | | |
| 13 | Room No-13 (2nd Flo0r) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-601 to 650 | 50 | P1-601 to 650 | 50 | P2-601 to 650 | 50 | P3-601 to 650 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1401 to 1450 | 50 | P1-1401 to 1450 | 50 | P2-1401 to 1450 | 50 | P3-1401 to 1450 | 50 | | |
| 14 | Room No-14 (2nd Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-651 to 700 | 50 | P1-651 to 700 | 50 | P2-651 to 700 | 50 | P3-651 to 700 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1451 to 1500 | 50 | P1-1451 to 1500 | 50 | P2-1451 to 1500 | 50 | P3-1451 to 1500 | 50 | | |
| 15 | Room No-15 (2nd Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-701 to 750 | 50 | P1-701 to 750 | 50 | P2-701 to 750 | 50 | P3-701 to 750 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1501 to 1550 | 50 | P1-1501 to 1550 | 50 | P2-1501 to 1550 | 50 | P3-1501 to 1550 | 50 | | |
| 16 | Room No-16 (1st Floor) | 10.00 am 01.00 pm | Pr-751 to 800 | 50 | P1-751 to 800 | 50 | P2-751 to 800 | 50 | P3-751 to 800 | 50 | | |
| | | 02.00 pm 05.00 pm | Pr-1551 to 1600 | 50 | P1-1551 to 1600 | 50 | P2-1551 to 1600 | 50 | P3-1551 to 1600 | 50 | | |

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गोड्डा

PR 339374 Election(24-25).D

## एक नजर

### नि:शुल्क शिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**गिद्धौर (निंस)।** प्रखंड अंतर्गत के पतसंडा, कोल्हुआ एवं कुंधुर पंचायत में समग्र सेवा जमुई द्वारा 14 से 23 वर्ष की किशोरियों और युवतियों को बीबीओएसई मैट्रिक की परीक्षा की तैयारी करवाने एवं नि:शुल्क नामांकन व परीक्षा दिलवाने के उद्देश्य से शिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसे लेकर गिद्धौर हरिजन टोला के सामुदायिक भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ समग्र सेवा जमुई के रवि रंजन,शिक्षक अरुण कुमार सिंह,पतसंडा पंचायत की पूर्व सरपंच अनंदिता शर्मा एवं प्रेरक निवेदिता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया।इस बारे में बताया गया कि गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में कुल 12 शिक्षण केंद्र संचालित हो रहे हैं, जिनमें 245 शिक्षार्थी नामित हैं। जिसके तीन नए केंद्रों का सोमवार को पतसंडा, कोल्हुआ एवं कुंधुर पंचायत में शुभारंभ किया गया।

### योग शिविर का आयोजन



**जमुई(निंस)।** गांव को समृद्ध बनाने के लिए संकल्पित नेचर विलेज के द्वारा सोमवार को सीबीएसई से मान्यता प्राप्त ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके विद्यालय के निदेशक डॉ मनोज कुमार सिन्हा,विद्यालय की सचिव श्रीमती कुसुम सिन्हा,नेचर विलेज के प्रमुख अंचल अधिकारी निर्भय प्रताप सिंह एवं विद्यालय की एकेडमिक इंचार्ज सीमांतनी हाजरा ने दीप प्रज्वलित कर किया।नेचर विलेज के प्रमुख निर्भय प्रताप सिंहअपने योग अभ्यास से पूर्व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन को स्वस्थ बनाना है तो योग का निरंतर अभ्यास करें।उन्होंने बारी-बारी से शिविर में उपस्थित छात्राओं को ताड़ासन,कटी चक्रासन, भ्रामरी प्राणायाम,वृक्षासन,नवासन इत्यादि का बारी-बारी से अभ्यास कराया।उपस्थित विद्यालय की छात्राओं ने भी उत्साह पूर्वक योग अभ्यास में भाग लिया।शिविर के अंत में विद्यालय के निदेशक डॉक्टर मनोज कुमार सिन्हा ने शांति पाठ कराकर छात्राओं को निरंतर योग करने को कहा। मौके पर शिविर में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नहर में डूबने से बच्चे की मौत



**सोनो(निंस)।** बटिया थाना क्षेत्र के चंद्रा गांव के ठाकुरकुरा छिलका नहर में सोमवार को 8 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चंद्रा गांव निवासी अब्दुल लतीफ का 8 वर्षीय पुत्र सरफराज अंसारी के रूप में की गई है।यह हादसा नहर में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने की वजह से हुआ है। हालांकि साथ में नहा रहे बच्चे ने बचाने की काफी कोशिश की। लेकिन वो डूब गया। जबतक बाहर निकला गया तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर सरफराज घर के तथा बगल के ही कुछ बच्चों के साथ नहाने के लिए गांव के दक्षिण ठाकुरकुरा छिलका आहर में गया था। जहां उसकी मौत हो गई। वहीं, मृतक के बड़ा भाई की 10 साल पहले बिजली की तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। उसके बाद सरफराज की मौत से सभी का रो रोकर बुरा हाल है। मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। बटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।बता दें कि ढाई महीने में जिले में गड्ढे ,नहर और नदी तालाब में डूबने से 26 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। जिसमें ज्यादातर बच्चे शामिल हैं। कई बार जिला प्रशासन ने गड्ढे और गहरे तालाब,नदी में नहाने से लोगों को मना करने का भी निर्देश दिया था। लेकिन आय दिन यह घटना सामने आ रहा है।बटिया थानाध्यक्ष नीतू कुमारी ने बताया कि नहाने के दौरान नहर में डूबने से एक बच्चे की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की तैयारी की जा रही है। ताकि आगे की प्रक्रिया की जा सके।

### सबको औकात बताएंगे: पप्पू यादव



**पटना(एजेंसी)।** मुंबई में एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी थी। हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब इससे जुड़ा सवाल पूछा गया तो पप्पू यादव भड़क गए थे। अब इस पर सफाई देते हुए पप्पू यादव ने एक बार फिर कहा है कि मुंबई आ रहा हूं, सबको औकात बताएंगे। पप्पू यादव ने सोशल मी?डिया पर लिखा, देखिए मैं किसी ट्रॉलर को जवाब नहीं देता हूं, हां उन्हें बेनकाब जरूर करता हूं। बिहार में 100 लोग जहरीली शराब से मारे गए, 50 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, मीडिया खामोश है तो मैं भी उन पर बात न कर अपराधियों पर चर्चा करता? आ रहा हूं मुंबई, सबको औकात बताएंगे! दरअसल पप्पू यादव से लॉरेंस बिश्नोई को लेकर जो बयान दिया था, उसको लेकर सवाल पूछा गया था। इस पर वो भड़क गए थे। पत्रकारों से उन्होंने कहा कि मैंने आपको पहले ही कहा था न कि आप ये सब फालतू सवाल यहां मत करिएगा। हमको जो बोलना था हम ट्वीट से बोल दिए हैं, अब जो बोलना होगा, बंबई में बोलेंगे। जा रहे हैं 24 तारीख को बोलेंगे। आप पप्पू यादव को मत सिखाइए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आपा खोने का पप्पू यादव का ये वीडियो खूब वायरल हुआ। बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी थी। पप्पू यादव ने कहा था कि अगर कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा।

# पुलिस अधीक्षक ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि





**बरहट(एप्र)।** सोमवार को पुलिस लाईन केंद्र मलयपुर में संस्मरण दिवस मनाया गया। इस दौरान पुलिस लाइन केंद्र में स्थित स्मारक स्थल पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन सहित कई पुलिस पदाधिकारीयों शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर राज्य और देश की रक्षा करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि नमन किया।तथा पिछले साल शहीद हुए 214 पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद किया गया। जिसमें 14 बिहार राज्य के शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं पिछले साल शहीद हुए जिला के गरही थाना में पदस्थापित एसआई प्रभात रंजन की पत्नी पुजा कुमारी को अंग वस्त्र और मोमेंटो के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारी व जवानों को संबोधित करते हुए कहा की देश में अमन चैन, भाईचारा एवं सामाजिक सदभाव बनाए रखने के दौरान कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों के प्रति हम सभी इनके बलिदान के समक्ष नतमस्तक हैं। शहीद पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह दिन उन बहादुर पुलिसकर्मियों को याद करने और सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने देश में अमन चैन, भाईचारा और शांति बहाल को लेकर अपने प्राणों की आहुति दी थी।वहीं उन्होंने बिहार समेत अलग-अलग राज्यों के शहीद जवानों के आकड़े को बताया। इस दौरान एसपी ने सभी जवानों को अपने शहीद साथियों से प्रेरणा लेते हुए उनके द्वारा स्थापित आदर्शों पर चलने एवं शौर्यपूर्ण भाव से कर्तव्य निर्वहन की प्रतिज्ञा लेने को कहा।

इधर पुलिस लाइन केंद्र मलयपुर में बिहार विशेष सशस्त्र बल 11वीं समादेष्टा हिमांशु शंकर त्रिवेदी ने शहीद स्मारक स्थल पर अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए जीवन की आहुति देने वाले जांबाज पुलिसकर्मियों को पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। मौके पर उन्होंने कहा की आज के ही दिन था जब लद्दाख के हॉट-स्प्रिंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की पेट्रोलिंग पार्टी के तीन ऑफिसर्स को भारत-तिब्बत बॉर्डर पर चीनी सैनिकों ने अपनी हिरासत में ले लिया। अगले दिन जब उनकी तलाश में सीआरपीएफ की टीमें गईं तो उन पर पहले से घात लगाकर बैठे चीनी सैनिकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सीआरपीएफ के जवानों ने भी उस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया लेकिन उस अचानक हुए हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान बलिदान हो गए। यह दिन हमें कर्तव्यपरायण्ता व असीम निष्ठा की प्रेरणा देता है। इससे पूर्व पुलिस पदाधिकारी व जवानों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को याद किया। पुलिस कर्मियों ने राइफल उल्टी कर शोक सलामी देते हुए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर सार्जेंट मेजर अमित कुमार, मलयपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विकास कुमार ,बरहट थानाध्यक्ष कुमार संजीव सहित सैकड़ों जवानों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या जंगलराज का प्रमाण



**पटना(एजेंसी)।** पप्पू यादव ने एक्स पर लिखा था कि वाय सिक्योरिटी सुरक्षा में सरकार समर्थक पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या महाराष्ट्र में महाजंगलराज का शर्मनाक प्रमाण है। बिहार के बेटे बाबा सिद्दीकी की हत्या अत्यंत दुःखद है। भाजपा गठबंधन सरकार अपने दल के इतने रसूख वाले नेताओं की रक्षा न कर पा रही है तो आम लोगों का क्या होगा? महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की रात मुंबई के बांद्रा इलाके में जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। बिश्नोई गैंग ने सलमान खान और दाऊद गैंग के करीबियों को धमकी भी दी थी। उसने कहा कि ऐसे लोग अपना हिसाब-किताब रखना। बाबा सिद्दीकी का राजनीति के साथ-साथ बॉलीवुड के लोगों से काफी करीबी रिश्ता था। उनकी इफ्तार पार्टियों में बड़ी-बड़ी हस्तियां शामिल होती थीं। वह हाल ही में कांग्रेस पार्टी छोड़कर एनसीपी (अजीत पवार) में शामिल हुए थे।

## बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का ४३वाँ महाधिवेशन हुआ संपन्न




**पटना(एजेंसी)।** हिन्दी को भारत की राष्ट्रभाषा घोषित किए जाने तक अनवरत संघर्ष के संकलप के साथ, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के १०६ठे स्थापना दिवस समारोह और दो दिवसीय ४३वें महाधिवेशन का समापन हो गया। इस अवसर पर, समारोह के उद्घाटनकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डा सी पी ठाकुर तथा मुख्य अतिथि बिहार के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने ७३ हिन्दी सेवियों को विविध अलंकरणों से सम्मानित भी किया गया। प्रदेश के विश्रुत विद्वान प्रो महेंद्र मधुकर को सम्मेलन की सर्वोच्च मानद उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लेखक डा ओम् प्रकाश पाण्डेय की पुस्तक भारतीय संस्कृति के विविध आयाम तथा लेखिका डा नम्रता कुमारी की पुस्तक थारु जनजाति की धार्मिक मान्यताएँ का लोकार्पण भी किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि, हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा बनायी जाए, इसलिए उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री एवं अन्य मंत्रियों को भी पत्र लिखे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय से पत्र प्राप्ति की पुष्टि भी हुई है और यह भी बताया गया है कि यह प्रस्ताव सकारात्मक है। किंतु इसे कब तक लागु किया जाएगा, इस संबंध में कोई सूचना अभी तक नहीं दी गयी है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हिन्दी शीघ्र देश की राष्ट्रभाषा घोषित होगी। डा सुलभ ने सभा में यह प्रस्ताव रखा की जब तक हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा घोषित नहीं होती, तबतक यह संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। पूरी सभा ने करतल-ध्वनि के साथ इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया। ख्यातिलब्ध गीतकार पं बुद्धिनाथ मिश्र, मेरठ विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रवींद्र कुमार, चंडीगढ़ के विद्वान साहित्यकार डा जसबीर चावला, अयोध्या के सुविखात साहित्यकार विजय रंजन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन डा मधु वर्मा ने किया। मंच का संचालन अनुपमा सिंह ने किया।

**चतुर्थ वैचारिक सत्र**

आज महाधिवेशन के दूसरे दिन का आरंभ चौथे सत्र के साथ हुआ, जिसका विषय था- विश्व बंधुत्व की अवधारणा और भारत। इस सत्र का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अध्यक्ष प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि जाति, संप्रदाय, वर्ण, लिंग, क्षेत्रीयता आदि संकीर्ण विचारों से विश्व-बंधुत्व की भारतीय अवधारणा खंडित होती है। सभी अपनी आस्थाओं, उपासना-पद्धतियों, मान्यताओं और विचारों के अनुसार चलें यह उचित है, किंतु इससे किसी अन्य की स्वतंत्रता पर आघात नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम विश्व-बोध से जुड़े हुए हैं। हिन्दी में यह यह भावना समग्र विश्व में प्रकट हुई है।

सत्र के मुख्य वक्ता डा जसबीर चावला ने कहा कि १०वें गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने कहा- ह्लमानस की जात सभै एक ही पहचानबो। यह भारत के विश्व-बंधुत्व की प्राचीन अवधारणा की ही अभिव्यक्ति है। हमारी इस धारणा में मानवता और मानव-प्रेम ही मुख्य स्वर है।

विशिष्ट वक्ता डा विपिन कुमार ने कहा कि बिहार ने ही संसार को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया। भारत से ही विश्व को शांति का पाठ और ज्ञान प्राप्त हुआ। इसीलिए संसार भारत को विश्व-गुरु मानता है।

सत्राध्यक्ष प्रो महेंद्र मधुकर ने कहा कि भारत चाहता है कि वह संपूर्ण विश्व में व्याप्त हो। यह मेरा है, यह तेरा है की समझ एक संकीर्ण भावना है। यह भारतीय दृष्टि नहीं है। हिन्दी संतों और सिद्धों की भाषा है। जबलपुर के साहित्यकार अमरेन्द्र नारायण के आलेख का पाठ डा पुष्पा जमुआर ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रो सुशील कुमार झा ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सत्र का संयोजन डा रेखा भारती ने किया।

पंचम वैचारिक सत्र

आज के अंतिम और वैचारिक सत्र का विषय था साहित्य के नए प्रश्न, जिसकी अध्यक्षता बिहार सरकार में विशेष सचिव रहे साहित्यकार डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने किया। इस सत्र में डा वंदना बाजपेयी, डा रत्नेश्वर सिंह, तथा विजय रंजन ने अपने आलेख पढ़े। स्वागत चित्तरंजन भारती ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कुमार अनुपम ने किया।

वैचारिक- सत्रों के पश्चात देहरादून से पधारे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के गीतकार पं बुद्धिनाथ मिश्र की अध्यक्षता में एक विराट राष्ट्रीय कवि-सम्मेलन आहूत हुआ, जिसमें साहित्य अकादमी से पुरस्कृत कवयित्री संस्कृति मिश्र, रमेश कँवल, कुसुम सिंह लता, आराधना प्रसाद, आदित्य रहबर, चिदाकाश सिंह मुखर, सिपाही पाण्डेय मनमौजी, महेश्वर ओझा महेश, आरपी घायल, श्री भगवान पाण्डेय, लक्ष्मी सिंह, माला कुमारी,दिव्या मणिश्री, तलत परवीन, ई अशोक कुमार, नीलम श्रीवास्तव, कुमारी स्मिता, ऋता शेखर मधु, सुनील चंपारणी समेत पचास से अधिक कवियों और कवयित्रियों ने अपने काव्य-पाठ से सम्मेलन को सारस्वत ऊँचाई प्रदान की।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दरभंगा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण तथा विकास के कामों का किया शिलान्यास




**पटना(एजेंसी)।** बिहार का दरभंगा हवाईअड्डा हर रोज नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अब सरकार ने इसके विस्तारीकरण का फैसला लिया। इसी के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दरभंगा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण तथा विकास को लेकर शुरू होने वाले कामों का शिलान्यास किया। 912 करोड़ रुपए से होने वाले इस विस्तारीकरण के बाद दरभंगा हवाईअड्डा पर यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। दरभंगा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए प्रधानमंत्री मोदी जब शिलान्यास कर रहे थे तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना से ऑनलाइन जुड़े हुए थे। उनके अलावा इस कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, जिला के प्रभारी मंत्री मंगल पांडेय, जदयू सांसद संजय झा आदि मौजूद थे। बताया गया है कि हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के बाद यहाँ एक साथ 14 विमान की पार्किंग की जा सकेगी। इसके लिए 78 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया गया है। विशाल टर्मिनल भवन को एक साल में करीब 43 लाख यात्रियों की आवाजाही के मद्देनजर डिजाइन किया गया है। जदयू सांसद संजय झा ने सोशल मीडिया एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि आज मिथिला के लिए बहुत ही खुशी का दिन है। दरभंगा एयरपोर्ट के नये टर्मिनल बिल्डिंग का आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शिलान्यास किया जा रहा है। दरभंगा एयरपोर्ट के विकास में मुख्यमंत्री नितीश कुमार जी की शुरू से व्यक्तिगत अभिरुचि रही है। कोरोना काल में भी उन्होंने दरभंगा जाकर एयरपोर्ट पर हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया था। भविष्य में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाने के लिए भी राज्य सरकार हर तरह से सहयोग के लिए तैयार है। हमलोग प्रयास कर रहे हैं दरभंगा एयरपोर्ट से दूसरी कंपनियों की सेवा भी शुरू हो। हमें विश्वास है, दरभंगा एयरपोर्ट का विकसित स्वरूप आनेवाले समय में पूरे मिथिला के लिए गेम चेंजर साबित होगा।

## सेना का जवान गिरफ्तार

**समस्तीपुर(एजेंसी)।** राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) ने शराब पीकर राजधानी एक्सप्रेस में हंगामा कर रहे सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान सेना के जवान के बैग से शराब की चार बोतलें भी रेल पुलिस ने बरामद की है। इस दौरान सेना के जवान ने जीआरपी के जवानों तथा दरोगा के साथ हाथापाई करने का भी प्रयास किया। गिरफ्तार जवान का नाम देवेन्द्र दत्त है और वह असम राइफल्स में दीमापुर असाम में कार्यरत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली के बीच चलने वाली 20503 राजधानी एक्सप्रेस के एसी कोच बी-9 में सेना का जवान देवेन्द्र दत्त सफर कर रहा था। वह कटिहार से ही नशे में धुत्त होकर ट्रेन में भारी हंगामा करते हुए यात्रियों से बदतमीजी भी कर रहा था। इतना ही नहीं वह ट्रेन में ही शराब पी रहा था। ट्रेन के यात्रियों ने इसकी सूचना ट्रेन में चल रहे आरपीएफ और टीटी को दी।

## महागठबंधन के चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा

**पटना(एजेंसी)।** आगामी 20 नवंबर को बिहार की चार सीटों पर विधानसभा उपचुनाव हो रहे हैं। इसके लिए महागठबंधन ने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में महागठबंधन ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। जहाँ बताया गया कि गया के इमामगंज से रोशन कुमार मांझी उर्फ राजेश मांझी राजद के उम्मीदवार होंगे। जबकि बेलागंज से विश्वनाथ सिंह (यादव) तथा रामगढ़ से अजीत कुमार सिंह आरजेडी के उम्मीदवार होंगे। वहीं तरारी सीट सीपीआई एमएल के खाते में गई है जहां से राजू यादव उम्मीदवार होंगे। आपको बता दें कि रामगढ़ से अजित सिंह उम्मीदवार बनाए गए हैं जो राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र हैं। इनके एक पुत्र सुधाकर सिंह के सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई थी। जबकि बेलागंज सीट से विश्वनाथ यादव उम्मीदवार हैं। विश्वनाथ यादव सांसद सुरेन्द्र यादव के पुत्र हैं जो जहानाबाद से लोकसभा चुनाव जीते थे। वहीं तरारी सीट से राजू यादव उम्मीदवार बनाए गए हैं। ज्ञात को कि इससे पहले जदयू ने भी बेलागंज से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी थी। बेलागंज से जदयू ने मनोरमा देवी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। जबकि बीजेपी ने तरारी से विशाल प्रशांत को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं रामगढ़ से अशोक कुमार सिंह को बीजेपी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है। मालूम हो कि विशाल प्रशांत जदयू के पूर्व विधायक सुनील पांडे के बेटे हैं। जबकि अशोक कुमार सिंह पूर्व विधायक हैं। वहीं, एक सीट जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के खाते में गई है। यहां से दीपा मांझी उम्मीदवार हैं।

# लेट्स इंस्पायर बिहार के जिला मुख्य समन्वयक बने डा.विभूति भूषण



**जमुई (निंस)।** जिले के खैरा प्रखंड के निजुआरा निवासी डा.विभूति भूषण को लेट्स इंस्पायर बिहार के मुख्य कर्ताधर्ता आईपीएस विकास वैभव के निदेर्शानुसार जिला मुख्य समन्वयक (डिस्ट्रिक्ट चीफ कॉर्डिनेटर) की जवाबदेही सौंपी गई है। जानकारी देते हुए जिला समन्वयक विकास कुमार ने बताया कि इस अभियान के सिद्धांतों को द्रुत गति से लोगों के बीच प्रसारित करने को लेकर झाझा नगर क्षेत्र के सोहजाना में कार्यालय का शुभारंभ किया गया है।इस दौरान कार्यालय में जिला कोर कमेटी की बैठक की गई।13 अप्रैल 2025 को एलआईबी और रत्नम के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तर पर वृहद युवा संवाद कार्यक्रम करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। आईपीएस विकास वैभव के इस अभियान से जुड़ी परिकल्पना शिक्षा,समता और उद्यमिता को युवाओं के समर्थन से ही मूर्त रूप दिया जा सकता है। इस अभियान में जिला के अधिक से अधिक युवाओं के अलावा अलग-अलग क्षेत्र में विशेष योग्यता रखने वाले लोगों को अभियान का हिस्सा बनाने को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही साधन संपन्न कोचिंग संचालकों से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने और शिक्षा का अधिकार अधिनियम का समुचित तरीके से पालन कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। दीपावली त्यौहार को लेकर महादलित टोलों के बच्चों के बीच मिठाई,मोमबत्ती,दिया आदि सामग्री का वितरण करने को लेकर सहमति जताई गई।उद्यमिता सृजन में सहयोग करके युवाओं को जोड़ने को लेकर चर्चा किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक विवेक कुमार सिंह,अभिषेक कुमार झा,जलज राय,लव किशोर मिश्रा,विकास रंजन, रुकमणी कुमारी,कुमार हर्ष,अनुज सूर्या,पीयूष राज आदि मौजूद थे।

## दिवाली से पहले ही बिहार के कई जिलों में हवा की गुणवत्ता हुई खराब

**पटना(एजेंसी)।** दिवाली से पहले ही बिहार में पटना सहित कई जिलों में हवा की गुणवत्ता खराब हो गई है। बताया गया है कि पटना का एक्यूआई 219, हाजीपुर का 259 तथा कटिहार का 206 दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो-तीन दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। बिहार में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन सुबह के समय नमी की वजह से कई जिलों में कोहरा दिख सकता है। मौसम विभाग ने ठंड को लेकर कोई सटीक जानकारी फिलहाल साझा नहीं किया है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार ठंड कैसी होगी यह देखने के लिए मौसम वैज्ञानिक पश्चिमी विक्षोभ पर नजर रखे हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ ही ठंड के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस बीच दिवाली से पहले ही हवा की गुणवत्ता (एक्यूआई) कई जिलों में चिंता का विषय बन गई है। पटना में एक्यूआई 219, हाजीपुर में 259 और कटिहार में 206 दर्ज किया गया है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। मौसम विभाग पटना के अनुसार, असम के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है, जिसके कारण बिहार के उत्तर पूर्वी हिस्सों में बादल छाए रह सकते हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार में मौसम शुष्क रहा।

## एक नजर

### अल्ट्राटेक सीमेंट के दूसरी तिमाही में 25 नतीजों में 36 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई(एजेंसी)।** भारत की सबसे बड़ी सीमेंट निमार्ता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने सितंबर 2024 में समाप्त तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 36 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। इसका कारण ऑपरेशन से कम राजस्व बताया जा रहा है। इस अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 820 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 36 प्रतिशत कम है। कंपनी की आय में भी गिरावट आई है, क्योंकि राजस्व 2.4 प्रतिशत घटकर 15,634.73 करोड़ रुपये हो गया। 16 जानकारों ने अल्ट्राटेक के राजस्व का अनुमान 15,711 करोड़ और 18 जानकारों ने नेट प्रॉफिट का अनुमान 1,032 करोड़ रुपये लगाया था। कंपनी ने राजस्व के मामले में अपेक्षाएं पूरी की, लेकिन लाभ में कमी आई। तिमाही आधार पर शुद्ध लाभ 52 प्रतिशत और 13 प्रतिशत राजस्व गिरा। कंपनी ने कहा कि ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले का लाभ (पीबीडीआईटी) 2,239 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले के 2,718 करोड़ रुपये से कम है। कैपासिटी और बिक्रीः सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी की कैपासिटी में 68 प्रतिशत का उपयोग हो सका, जबकि घरेलू बिक्री में 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि देशभर में लगातार बारिश के बावजूद हुई है। कंपनी ने ऊर्जा लागत में एक साल पहले की तुलना में 14 प्रतिशत की गिरावट देखी, जबकि कच्चे माल की लागत में फ्लाई ऐश और स्लैग की बढ़ी हुई कीमतों के कारण 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### ब्रोकरेज फर्मों ने एचडीएफसी बैंक का टारगेट प्राइस बढ़ाया

**मुंबई(एजेंसी)।** एचडीएफसी बैंक ने जुलाई-सितंबर तिमाही में उम्मीद से बेहतर नतीजे दर्ज किए, इसके बाद ब्रोकरेज फर्मों ने बैंक के शेयर का टारगेट प्राइस बढ़ाया है। अब, जानकारों ने एचडीएफसी बैंक के शेयर का टारगेट प्राइस अगले एक साल में 1,900 रुपये से 2,150 रुपये के बीच होने का अनुमान जताया है, जो अक्टूबर 2025 तक 27.8 प्रतिशत की अधिकतम बढ़ोतरी का संकेत है। जानकारों ने बैंक के दूसरे तिमाही 25 नतीजों को कोविड-पूर्व अर्निंग के समान बताया, जिसमें न तो कोई बड़ा सकारात्मक असर देखने को मिला और न ही कोई नकारात्मक। बैंक का मार्जिन लगभग फ्लैट रहा और क्रेडिट लागत में सुधार देखा गया, जिससे बैंक को सेक्टर-वाइड समस्याओं से कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने स्टॉक पर आउटपरफॉर्म रेटिंग बनाए रखी और टारगेट प्राइस को 2,100 रुपये पर तय किया। एचडीएफसी बैंक के दूसरे तिमाही 25 नतीजों में शुद्ध लाभ 5.3 प्रतिशत सालाना आधार पर बढ़कर 16,820 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्केट के अनुमानों से बेहतर था। ऑपरेशनल रूप से, बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 10 प्रतिशत सालाना बढ़कर 30,110 करोड़ रुपये हो गई। नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) दूसरे तिमाही 25 में 3.46 प्रतिशत रही, जो पहली तिमाही में 3.47 प्रतिशत थी।

### रॉयल इनफिल्ड की इलेक्ट्रिक बाइक का टीजर जारी

**नई दिल्ली(एजेंसी)** । हाल ही में रॉयल एनफील्ड कंपनी ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल का आधिकारिक टीजर जारी किया है। बाइक की 4 नवंबर, 2024 को वैश्विक शुरूआत इटली के ईआईसीएमए 2024 इवेंट में होने की जानकारी दी गई है। इस नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल के लिए रॉयल एनफील्ड ने एक इंस्टाग्राम अकाउंट और अपनी वेबसाइट पर एक विशेष सेक्शन भी लॉन्च किया है, जिससे ग्राहकों को इस नए सेगमेंट की जानकारी मिल सकेगी। यह बाइक शहरी परिवहन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है, और इसमें एडवांस कनेक्टिविटी फीचर्स, बेहतर एर्गोनॉमिक्स और आरामदायक राइडिंग अनुभव की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, कंपनी इसे तुरंत लॉन्च करने की योजना में नहीं है। पहले इलेक्ट्रिक मॉडल की उम्मीद 2025 में की जा रही है। रॉयल एनफील्ड अपनी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों के लिए दो प्लेटफॉर्म्स पर काम कर रही है। एक प्लेटफॉर्म कंपनी के अंदर विकसित किया जा रहा है, जबकि दूसरा यूरोपीय स्टार्टअप स्टार्क फ्यूचर के साथ सहयोग से तैयार हो रहा है। रॉयल एनफील्ड की पेट्रोल बाइक्स अपने सिग्नेचर ह्यथम्पह्ल के लिए जानी जाती हैं, जो इलेक्ट्रिक बाइक्स में मौजूद नहीं होगा। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि वे इलेक्ट्रिक बाइक्स में नकली साउंड इफेक्ट्स के लिए स्पीकर्स का उपयोग नहीं करेंगी, क्योंकि यह असली अनुभव के खिलाफ होगा। हालांकि, रॉयल एनफील्ड पेट्रोल इंजनों की बाइक का उत्पादन बंद नहीं करेगी, और यह राइडर्स की पहली पसंद बनी रहेगी।

### उड़ान के तहत 601 मार्ग, 71 हवाई अड्डे शुरू हुएः नागर विमानन मंत्रालय

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि आठ साल पहले शुरू की गई क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान के तहत 601 मार्ग और 71 हवाई अड्डे चालू हो गए हैं। उड़ान का उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना और हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर मार्गों सहित 601 मार्गों को चालू कर दिया गया है और इनमें से लगभग 28 प्रतिशत मार्ग सबसे दूरदराज के स्थानों के लिए सेवा देते हैं। बयान के मुताबिक कुल 86 एयरोड्रोम झ्र जिसमें 71 हवाई अड्डे, 13 हेलीपोर्ट और दो जल एयरोड्रोम शामिल हैं झ्र चालू हो गए हैं। इससे 2.8 लाख से अधिक उड़ानों के जरिये 1.44 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ हुआ। इस बीच देश में चालू हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से दोगुनी होकर 2024 में 157 हो गई है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक इनकी संख्या को बढ़ाकर 350-400 तक करना है।

### अगस्त में नई औपचारिक नियुक्तियां चार महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगस्त महीने में फॉर्मल हायरिंग में गिरावट दर्ज की गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की तरफ से जारी ताजा पेरोल डेटा के मुताबिक फॉर्मल लेबर मार्केट में मंदी के संकेत मिले हैं। अगस्त में नए मासिक सब्सक्राइबर्स (नए सदस्य) की संख्या करीब 11 फीसदी घटकर 9.30 लाख रह गई, जो जुलाई में 10.5 लाख थी। यह संख्या चार महीनों के निचले स्तर पर है। ईपीएफओ डेटा को अहम माना जाता है क्योंकि केवल फॉर्मल वर्कफोर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभ मिलते हैं और वे श्रम कानूनों द्वारा संरक्षित होते हैं। अगस्त में 9.30 लाख नए ईपीएफ सब्सक्राइबर्स में 18-25 आयु वर्ग के युवाओं की हिस्सेदारी मामूली रूप से घटकर 59.26 फीसदी (5.51 लाख) हो गई, जो जुलाई में 59.4 फीसदी (6.25 लाख) थी। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इस आयु वर्ग के सब्सक्राइबर्स आमतौर पर पहली बार लेबर मार्केट में प्रवेश करते हैं, जो बाजार की स्थिति का संकेत देते हैं। इसके अलावा, नई महिला सब्सक्राइबर्स की हिस्सेदारी भी घटकर 27.2 फीसदी (2.53 लाख) हो गई, जो पिछले महीने 29 फीसदी (3.05 लाख) थी। यह कार्यबल में महिला भागीदारी की गिरावट को दशार्ता है। वहीं अगस्त में नेट पेरोल ऐडिशन 18.5 लाख रही। हालांकि ये नेट पेरोल आंकड़े प्रारंभिक होते हैं और अगले महीने में आमतौर पर संशोधित किए जाते हैं, इसलिए नए ईपीएफ सब्सक्राइबर्स की संख्या को अधिक विश्वसनीय माना जाता है।

# सियांग घाटी में विशालकाय बांध बना रहा भारत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश से लगा हुए चीन के इलाके में चीन की बड़ी जल परियोजना को देखते हुए केंद्र ने ऊपरी सियांग घाटी में विशालकाय बांध बनाने के काम को तेजी से शुरू कर दिया है। यह देश का सबसे बड़ा बांध होगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल में सियांग ऊपरी घाटी बांध की शुरूआती परियोजना प्रबंधन के उद्देश्य से वित्तीय मदद देने की घोषणा की थी। इस प्रस्तावित परियोजना के तीन एजेंडे हैं झ्र बाढ़ प्रबंधन, जल प्रवाह को दुरुस्त करना और बिजली पैदा करना। सरकार की पनबिजली की प्रमुख कंपनी एनएचपीसी को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफपीआर) विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकारियों के अनुसार इस बांध की क्षमता 10-12 गीगावॉट



(जीडब्ल्यू) पनबिजली की होगी और यह भारत का सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना होगी। इस परियोजना की लागत 1 लाख करोड़ रुपये होगी। एनएचपीसी के अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में विभिन्न सरकारी मंत्रालयों जैसे ऊर्जा, जल शक्ति और अरुणाचल प्रदेश से विचार-विमर्श हुआ था। हाल में केंद्र के राशि जारी करने से इस परियोजना को गति मिली है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल अगस्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में 15 जीडब्ल्यू की पनबिजली परियोजना के लिए 4,136 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। मंत्रिमंडल ने बीते महीने आगामी जल परियोजनाओं के लिए ह्यसक्षम बुनियादी ढांचाह्ल और पंप्ड स्टोरेज परियोजना (पीएसपी) के लिए 12,461 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। अधिकारियों ने संकेत दिया कि इन दो निगमों से कोष सियांग घाटी परियोजना के पीएफआर के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे और स्थानीय लोगों को जागरूक किया जाएगा। एनएचपीसी के प्रवक्ता को ईमेल प्रश्नावली भेजी गई थी लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका जवाब नहीं मिला था। चीन जनवादी गणराज्य ने 2021 में यारलुंग त्सांगपो में 60 गीगावॉट की मोटोंग जल परियोजना स्टेशन को मंजूरी दी थी और यह क्षेत्र तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) में आता है। यारलुंग नदी भारत में ब्रह्मपुत्र (अरुणाचल के सियांग) में आकर मिलती है। एनएचपीसी और राज्य सरकार के शुरूआती अध्ययन के मुताबिक चीन की इस परियोजना के कारण भारत में जल का प्रवाह 80 प्रतिशत तक घट सकता है। अधिकारियों ने हालिया प्रस्तुतियों में संकेत दिया कि इसे चीन ह्यपानी के बमह्ल की तरह इस्तेमाल कर सकता है और इस बांध से पानी छोड़ने पर भारतीय क्षेत्र में बाढ़ भी आ सकती है।

### एनएसई और बीएसई 1 नवंबर को स्पेशल मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन आयोजित करेंगे




**मुंबई(एजेंसी)।** हर साल की तरह इस साल भी पूरा देश दिवाली के अवसर पर स्टॉक मार्केट में होने वाली मुहूर्त ट्रेडिंग का इंतजार कर रहा है। इसकी तारीख और टाइमिंग को लेकर कंफ्यूजन दूर हो गया है। दरअसल, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने दिवाली के शुभ अवसर पर आयोजित विशेष मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन के टाइमिंग की घोषणा की है। एनएसई और बीएसई 1 नवंबर को एक घंटे का स्पेशल मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन आयोजित करेंगे। स्टॉक एक्सचेंजों ने अलग-अलग सर्कुलर में यह ऐलान किया है। सर्कुलर में कहा गया है कि ट्रेडिंग सेशन शुक्रवार 1 नवंबर 2024 को शाम 6 बजे से 7 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। दिवाली पर शेयर बाजार रेगुलर ट्रेडिंग के लिए बंद रहेगा, लेकिन शाम को एक घंटे के लिए स्पेशल ट्रेडिंग विंडो खुली रहेगी। एक्सचेंजों ने घोषणा की कि प्री-ओपनिंग सेशन शाम 5:45 बजे से शाम 6:00 बजे तक होगा। बता दें कि मुहूर्त ट्रेडिंग एक पारंपरिक प्रतीकात्मक ट्रेड होता है। यह एक शुभ दिन होता है और इस दिन निवेशक सौभाग्यशाली वर्ष की कामना के साथ कुछ देर की ट्रेडिंग करते हैं। पिछले साल 12 नवंबर को निफ्टी और सेंसेक्स ने विशेष दिवाली मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र में अच्छी बढ़त देखी थी। शाम 6:15 बजे से शाम 7:15 बजे तक मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए ओपन हुआ था। सेंसेक्स 354.77 अंक की तेजी के साथ 65,259.45 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 100.20 अंक की तेजी रही, ये 19,525.55 के स्तर पर बंद हुआ था।

### रुपया एक पैसे बढ़कर 84.06 प्रति डॉलर पर

**मुंबई (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिकी मुद्रा में नरमी के बीच रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में अपने निचले स्तर से उबरता हुआ एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.06 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.25 पर रहा।

### वारी एनर्जीज आईपीओ के जरिए 4,321 करोड़ रुपए जुटाएगी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सोमवार को शेयर बाजार में वारी एनर्जीज लिमिटेड का आईपीओ का प्रदर्शन जोरदार रहा है। यह सौलर पैनल या सोलर मॉड्यूल बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी है। इसमें निवेशक 23 अक्टूबर तक निवेश कर सकेंगे। कंपनी की योजना आईपीओ के जरिये 4,321 करोड़ रुपए जुटाने की है। कंपनी का आईपीओ ग्रे मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। मुंबई की कंपनी वारी इस आईपीओ में 3,600 करोड़ रुपए के 2.39 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। इसी के साथ कंपनी के प्रोमोटर्स और शेयरधारक 48 लाख शेयरों का ऑफर फोर सेल या ओएफएस लेकर आ रहे हैं। ओएफएस के जरिये 721.44 करोड़ रुपए जुटाने की कोशिश है। इस आईपीओ में बड़े (एंकर) निवेशक ने 18 अक्टूबर को ही बोली लगा ली है। सोमवार से इसमें रिटेल समेत अन्य श्रेणी के निवेशक बोली लगाएंगे। वारी एनर्जीज के एक शेयर का प्राइस बैंड 1,427 रुपए से 1503 रुपए तय किया गया है। इसके लिए मिनिमम लॉट साइज 9 शेयरों का तय किया गया है। यानी कि रिटेल इनवेस्टर्स को कम से कम 13,527 रुपए का निवेश करना होगा। इस आईपीओ में 50 फीसदी शेयर क्वालिफाइड इंस्टीटयूशनल बॉयर्स यानी क्यूआईबी निवेशकों के लिए आरक्षित है। इसका 15 फीसदी हिस्सा नॉन-इंस्टीटयूशनल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व है जबकि 35 फीसदी हिस्सा रिटले इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व है। 1990 में स्थापित वारी एनर्जीज इस आईपीओ से प्राप्त राशि का उपयोग ओडिशा में 6 गीगावाट की इंगट वेफर, सोलर सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए करेगी। इसके अलावा एक हिस्सा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए रखा जाएगा। इस समय कंपनी के पास 12 गीगावाट्स के सोलर मॉड्यूल बनाने की इंस्टाल्ड कैपिसिटी है। साथ ही इसका 20 फीसदी बाजार पर कब्जा है। कंपनी के पास इस समय गुजरात में चार मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट्स हैं।

### दिवाली से पहले पेट्रोल-डीजल के बढ़े भाव, नए भाव के अनुसार महाराष्ट्र में पेट्रोल 46 और डीजल 37 पैसे महंगा हुआ

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हाल ही में सामने आए रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आगामी दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट आ सकती है। इस रिपोर्ट के बाद जनता की उम्मीद और बढ़ गई है। वहीं पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से 21 अक्टूबर 2024 को ईंधन का नया भाव जारी कर दिया गया है। पेट्रोल कंपनियों की ओर से जारी किए गए भाव के अनुसार सरकार ने महाराष्ट्र चुनाव से पहले आम जनता को एक बार फिर झटका दिया है। नए भाव के अनुसार महाराष्ट्र में पेट्रोल 46 और डीजल 37 पैसे महंगा हो गया है। महंगा होने के बाद अब यहां एक लीटर पेट्रोल के लिए 104.83 और डीजल के लिए 93.5 रुपए देना होगा। वहीं दिल्ली में



पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपए और डीजल की कीमत 87.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपए और डीजल की कीमत 89.97 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपए और डीजल की कीमत 91.76 रुपए प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपए और डीजल की कीमत 92.34 रुपए प्रति लीटर है। वहीं देश के अन्य अन्य प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल का भाव इस प्रकार हैं। नोएडा में0 पेट्रोल 94.83 रुपए प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपए प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपए प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.86 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपए प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपए प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपए प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपए प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपए प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपए प्रति लीटर और पटना में पेट्रोल 105.18 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपए प्रति लीटर है। महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 46 पैसे बढ़कर 104.83 रुपए प्रति लीटर और डीजल 37 पैसे बढ़कर 93.05 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। यूपी में पेट्रोल 33 पैसे बढ़कर 94.70 रुपए प्रति लीटर और डीजल 38 पैसे बढ़कर 87.79 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।

### अमेरिकी कंपनी बिसेल ने छह साल बाद भारतीय बाजार में प्रवेश किया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मिशिगन, अमेरिका के घरेलू समाधान प्रदाता बिसेल ने छह साल के बाद अपने वैक्यूम क्लीनर्स की श्रंखला के साथ भारत में फिर से प्रवेश किया है। कंपनी ने उम्मीद जताई है कि यह देश ह्यभविष्य में एक बहुत महत्वपूर्ण बाजारह्ल होगा। बिसेल के अध्यक्ष (वैश्विक बाजार) मैक्स बिसेल ने बताया, हालांकि भारत वैश्विक स्तर पर फर्श की देखभाल वाले उत्पादों के लिए अपेक्षाकृत छोटा बाजार है, लेकिन इसकी जनसांख्यिकी और बढ़ती अर्थव्यवस्था को देखते हुए यह भविष्य के लिए एक निवेश है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि भारत भविष्य में एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार होगा। अगर हम सिर्फ जनसंख्या और हमारे सामने मौजूद अवसरों को देखें, तो यह भविष्य के लिए एक निवेश है। बिसेल ने भारत में वितरण के लिए कैविटक ग्लोबल कॉमर्स के साथ साझेदारी की है और वह अपने अस्थायी गीले और सूखे वैक्यूम क्लीनिंग सिस्टम जैसे ह्यस्पॉटक्लीन हाइड्रोस्टीमह्ल और ह्यस्पॉटक्लीन प्रोहीटह्ल को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो पहले से ही ई-कॉमर्स मंच अमेजन पर उपलब्ध हैं। बिसेल ने कहा कि यह अगली पीढ़ी के लिए एक निवेश है, जहां हम यह जानते हुए बाजार में प्रवेश कर सकते हैं कि यह बहुत बड़ा नहीं होने वाला है, लेकिन यह वास्तव में ऐसे बीज बोएगा जो भविष्य के लिए पेड़ के रूप में विकसित होंगे।

# दिवाली से पहले ही सोने-चांदी के भाव में आई तेजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। आज दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। इसके साथ ही दोनों के वायदा भाव अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए। सोने के वायदा भाव 78,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 98,100 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 328 रुपये की तेजी के साथ 78,077 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 452 रुपये की तेजी के साथ 78,201 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 78,201 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 78,076 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल आज ही 78,201 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 1,788 रुपये की तेजी के साथ 97,190 रुपये पर खुला। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 2,698 रुपये की तेजी के साथ 98,100 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 98,224 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,190 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस साल चांदी के वायदा भाव ने आज ही 98,224 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,736.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,730 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 13.60 डॉलर की तेजी के साथ 2,743.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.90 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.23 डॉलर था। इस समय यह 0.94 डॉलर की तेजी के साथ 34.18 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## गुटखे की पीक से रेलवे को लगती है 1200 करोड़ की चुना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वच्छ भारत अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के बावजूद कुछ लोगों में सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की आदत में बदलाव लाना कठिन साबित हो रहा है। लोग शायद यह नहीं समझते कि इससे कितना नुकसान होता है। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेलवे हर साल पान-गुटखा के दाग साफ करने के लिए करीब 12,000 करोड़ रुपए खर्च करता है। अब रेलवे इससे निपटने के लिए नया प्लान लेकर आई है, जिससे खर्च में कमी आएगी। हालांकि, रेलवे इस समस्या से निपटने के लिए एक नया समाधान लेकर आया है। योजना के तहत स्टेशन परिसर में स्पिटर कियोस्क लगाए जाएंगे, जिन्हें आम जनता उपयोग कर सकेगी। रेलवे देश भर के 42 स्टेशनों में ऐसे कियोस्क लगाने जा रहा है। इन कियोस्क में थूकने के लिए स्पिटून पाउच उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 5 से 10 रुपए के बीच होगी। रेलवे को उम्मीद है कि लोग इन स्पिटून का उपयोग करेंगे, जिससे दाग साफ करने के खर्च में कमी आएगी।

### रिलायंस इंफ्रा को 6,000 करोड़ जुटाने की मंजूरी

**मुंबई(एजेंसी)।** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरधारकों ने शेयरों के तरजीही निर्गम और योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) मार्ग के माध्यम से 6,000 करोड़ रुपये जुटाने की कंपनी की योजना को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि दोनों प्रस्तावों को शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है, जिसमें डाक मतपत्र के माध्यम से प्रस्तावों के पक्ष में 98 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के निदेशक मंडल ने 6,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को मंजूरी दी थी। इसमें से 3,014 करोड़ रुपये शेयरों या परिवर्तनीय वारंट के तरजीही आवंटन के जरिए जुटाए जाने थे, जबकि 3,000 करोड़ रुपये क्यूआईपी के जरिए जुटाए जाएंगे। पहले चरण में रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर 240 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 12.56 करोड़ इक्विटी शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी करके 3,014 करोड़ रुपये का तरजीही नियोजन शुरू कर रहा है।

## टाटा ग्रुप के 3 शेयरों ने दिया ऐतिहासिक रिटर्न

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** टाटा ग्रुप का इतिहास लगभग सवा 100 साल पुराना है। जमशेदजी टाटा ने इस विशाल व्यापारिक साम्राज्य की नींव रखी और हर दशक में अगली पीढ़ियों ने इस बिजनेस समूह को आगे बढ़ाया। रतन टाटा की अगुवाई में टाटा ग्रुप की कंपनियों ने जोरदार तरक्की की। खास बात है कि इसका फायदा ना सिर्फ टाटा ग्रुप को बल्कि टाटा के शेयरों में निवेश करने वाले लोगों को भी मिला। टाटा ग्रुप की तीन कंपनियों ने टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाइटन ने निवेशकों को पिछले कुछ सालों में जोरदार रिटर्न दिया है। टाटा ग्रुप के इन 3 शेयरों ने महज 5 साल में निवेशकों का पैसा पांच गुना तक कर दिया है। जैसे टाटा मोटर्स के शेयर 5 साल पहले अक्टूबर 2019 में 137 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे लेकिन, आज इनकी कीमत 900 रुपये प्रति शेयर है। इस अवधि में टाटा मोटर्स के शेयरों ने 550 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया। टाइटन के




शेयरों ने 5 साल की अवधि में 164 फीसदी का रिटर्न दिया है। अक्टूबर 2019 में कंपनी के शेयर 1300 रुपये के भाव पर थे और आज प्रति शेयर की कीमत 3430 रुपये से ज्यादा है। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील ने 5 सालों में निवेशकों का पैसा तीन गुना से ज्यादा कर दिया है। अक्टूबर 2019 में इस कंपनी के शेयर 36 रुपये के भाव पर मिल रहे थे और अब इनकी कीमत 153 रुपये है। इस अवधि में टाटा स्टील के शेयरों ने 325 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है।

# 'सूखे' अक्टूबर ने खराब की दिल्ली की हवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पिछले 30 दिनों से बारिश नहीं हुई है। इस कारण हवा में धूल की मात्रा पांच गुना से ज्यादा बढ़ गई है। राजधानी में 19 सितंबर को आखिरी बार बारिश हुई थी। उस समय दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का स्तर 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक आ गया था। अब बारिश नहीं होने पर यह सवा दो सौ बना हुआ है। धूल को प्रदूषण की बड़ी वजह माना जाता है। धूल निर्माण स्थलों, टूटी-फूटी सड़कों और फुटपाथ से उड़ती है। नाले से निकली गाद भी अगर समय से नहीं उठाई जाए तो यह भी सूखकर धूल में तब्दील होने लगती है।

दिल्ली की हवा दिनोंदिन खराब होती जा रही : राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है। रविवार को 12 इलाकों में एक्यूआई 300 के ऊपर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 91 प्रतिशत रहा। बारिश नहीं होने से हवा में मौजूद नमी भी गायब हो गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े बताते हैं कि 20 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे हवा में पीएम 10 का स्तर 225 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। यानी बारिश नहीं होने के चलते हवा में धूल के स्तर में पांच गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।

**अक्टूबर में सामान्य से सौ फीसदी कम बारिश:** दिल्ली में इस बार मॉनसून काफी अच्छा रहा। खासतौर से जून, अगस्त और सितंबर में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई, लेकिन 19 सितंबर के बाद दिल्ली में हल्की-फुल्की बूंदाबांदी भी नहीं हुई। दिल्ली में 20 अक्टूबर तक आमतौर पर 13.8 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए, लेकिन इस बार एक बूंद पानी नहीं गिरा है। यानी बारिश का आंकड़ा सामान्य से सौ फीसदी कम है। अगले एक सप्ताह में बारिश होने की कोई संभावना नहीं दिख रही है।

**दिल्ली में हवा की धीमी गति से गहरा सकता है सांसों पर संकट:** हवा की रफ्तार सुस्त पड़ने से प्रदूषण के स्तर में इजाफा होने का अंदेशा है। इस बीच, रविवार को दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। दिल्ली की हवा दशहरे के



बाद से ही खराब श्रेणी में चल रही है, लेकिन अब यह परेशानी और बढ़ने वाली है। दिल्ली में अगले तीन दिनों के बीच हवा की रफ्तार ज्यादातर समय 12 किलोमीटर प्रति घंटे से नीचे रहने की संभावना है। धीमी गति से चलने वाली इस हवा के चलते प्रदूषक कण ज्यादा समय तक वायुमंडल में बने रहेंगे और उनका बिखराव धीमा हो जाएगा। खासतौर पर रात के समय हवा शांत पड़ रही है। इसके चलते प्रदूषण के स्तर में और इजाफा होने की संभावना है।

**12 इलाकों का सूचकांक 300 के ऊपर रहा:** रविवार को दिल्ली के 12 इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 से ज्यादा यानी बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। इसमें वजीरपुर, आनंद विहार, जहांगीरपुरी, मुंडका और रोहिणी जैसे इलाके शामिल हैं।

## खेतों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने से खराब वायु गुणवत्ता का दौर शुरू

देर शाम राजधानी की वायु गुणवत्ता में गिरावट देखी गई, जब रात 11 बजे एक्यूआई 300 को पार कर गया। साथ ही पंजाब और हरियाणा में खेतों में आग लगने की घटनाओं में लगातार वृद्धि के कारण प्रदूषण और भी बढ़ गया। नासा के फायर इंफॉर्मेशन फॉर रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम से प्राप्त आंकड़ों से पता चला है कि पिछले सप्ताह दोनों कृषि प्रधान राज्यों में औसतन 90 आग लगने की घटनाएं दर्ज की गईं। हालांकि यह संख्या पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम है, जब इसी अवधि में औसतन 600 या उससे अधिक आग लगने की घटनाएं दर्ज की गई थीं, लेकिन किसानों और अधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में फसल अवशेष जलाने की घटनाएं बढ़ेंगी। सोमवार से बुधवार तक दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी के निचले स्तर पर रहने की संभावना है। रविवार को वायु प्रदूषण पर जारी प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) के पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले छह दिनों के लिए एक्यूआई 'बहुत खराब' और 'खराब' के बीच रहने की संभावना है। इस गिरावट के लिए शांत हवाओं और पराली या अपशिष्ट जलाने को जिम्मेदार ठहराया गया है। राजधानी में बढ़ रहे वायु एवं यमुना में प्रदूषण के लिए मुख्यमंत्री आतिशी ने हरियाणा और यूपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। आतिशी ने रविवार को कहा कि राजनीति के तहत भाजपा शासित दोनों राज्य दिल्लीवासियों को परेशान कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली सरकार पहले भी प्रदूषण से निपटने के लिए काम कर रही थी और आगे भी प्रदूषण कम करने में जुटी हुई है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। वायु के साथ यमुना में प्रदूषण भी पिछले कुछ दिनों में बढ़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नस काटने के बाद गर्लफ्रेंड ने भेजा वीडियो, हालत देख युवक की बिगड़ी तबीयत, गिरा और मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आनंद विहार इलाके में शनिवार को एक युवती ने अपने हाथ की नस काटकर वीडियो बनाई और दोस्त को व्हाट्सऐप पर भेज दी। वीडियो देखकर अस्पताल पहुंचे युवक की सदमा लगने से मौत हो गई। चिकित्सकों ने संभावना जताई कि महिला मित्र को गंभीर हालत में देखकर युवक को सदमा लगा होगा, जिसके चलते उसकी हृदय गति रुकने से मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा। पुलिस ने रविवार को युवक के शव के पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि मृतक की पहचान 30 वर्षीय अरुण नंदा के रूप में हुई है। वह सब्जी मंडी, कृष्णा नगर के चंदू पार्क स्थित ई-81 में परिवार के साथ रहता था। इसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक, मामले में आनंद विहार थाने में शनिवार तड़के 3ः34 बजे कैलाश दीपक अस्पताल से पीसीआर कॉल मिली थी। मामले की छानबीन में पता चला कि अरुण की जगतपुरी निवासी महिला मित्र कैलाश दीपक अस्पताल में भर्ती थी। उसने अपने हाथ की नस काट ली थी और घायल हालत की एक वीडियो बनाकर अरुण को भेज दी। वीडियो देखने के बाद अरुण पहले युवती के घर गया, इसके बाद अस्पताल पहुंचा। दोस्त को घायल हालत में देखने के बाद वह अचेत होकर गिर गया। चिकित्सकों ने तत्काल उसे अस्पताल में भर्ती किया और जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के दौरान मृतक का विसरा जांच के लिए सुरक्षित रखवा लिया है। चिकित्सकों के अलावा पुलिस भी युवक के मौत के कारणों की गहनता से जांच कर रही है। वहीं, चिकित्सकों का कहना है कि मौत का वास्तविक कारण अंतिम पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा।

### बहन से करता था बात, भाई ने दोस्तों के साथ मिलकर पीट-पीटकर मार डाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक युवक को सिर्फ इसलिए पीट-पीटकर मार डाला गया, क्योंकि वह एक लड़की से बात करता था। लड़की के भाई को उसका बात करना इतना बुरा लगा कि उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे इतना मारा कि अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी दिल्ली के जगतपुरी इलाके में एक लड़की के भाई ने अपने आधा दर्जन दोस्तों के साथ 21 साल के लड़के को बुरी तरह पीटा। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला के भाई समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को पीड़ित अर्पित उर्फ गोलू को शाहदरा इलाके में करीब 6-7 लोगों ने बुरी तरह पीटा था। उसे हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि रात करीब 4 बजे अर्पित ने पेट में दर्द की शिकायत की। उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अर्पित के साले की शिकायत पर कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जो मारपीट वाली जगह पर मौजूद थे। अधिकारी ने कहा कि ध्रुव, निशु और रवींद्र कुमार रजक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और अमन, राघव और अंकित की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि अर्पित की पिटाई इसलिए की गई क्योंकि वह ध्रुव की बहन से बात करता था।

### दिल्ली के सदर बाजार में अवैध कब्जा मामले में ऐक्शन, 12 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में उत्तरी दिल्ली के सदर बाजार में कथित तौर पर अवैध कब्जे के मामले में सदर बाजार थाने के 12 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस संबंध में शनिवार शाम को आदेश जारी किए गए। सदर बाजार थाने में दर्ज की गई जनरल डायरी एंट्री के अनुसार, 12 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर जिला पुलिस लाइन में भेज दिया गया है। लाइन हाजिर किए गए इन सभी पुलिस कर्मियों को इसकी सूचना भी दे दी गई है।

## एनसीआर में 50 ईवी चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले कुछ महीनों में ई-बसें और अन्य बिजली से संचालित वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ने का अनुमान है। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण ने शहर में करीब 50 ई-चार्जिंग स्टेशन खोलने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार चार्जिंग स्टेशन खुद प्राधिकरण तैयार कराएगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जिन जगह ई-चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, उसे लेकर एक बार सर्वे हो चुका है। एक बार और सर्वे कर लोकेशन को अंतिम रूप दिया जाएगा। ये स्टेशन सभी मेट्रो स्टेशन, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे सहित मुख्य सड़कों पर बनाए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों में इसको लेकर बैठक होगी। इसके बाद एक डीपीआर तैयार कर आला अधिकारियों को दिखाकर मंजूरी ली जाएगी। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि अगले कुछ महीनों में नोएडा में 100 से अधिक ई-बसें चलने लगेंगी।

## दिल्ली ब्लास्ट केस की नई सीसीटीवी फुटेज आई सामने, धमाके से एक रात पहले सफेद टी-शर्ट में दिखा संदिग्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रोहिणी के प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर हुए ब्लास्ट मामले में घटनास्थल का एक और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला है। इस फुटेज में धमाके से एक रात पहले एक संदिग्ध व्यक्ति सफेद टी-शर्ट पहने मौके पर देखा जा सकता है। दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार, विस्फोटक को पॉलीथीन बैग में लपेटकर आधे से एक फुट गहरे गड्ढे में छुपाया गया था। विस्फोटक लगाने के बाद उस गड्ढे को कूड़े से ढक दिया गया था।

दिल्ली पुलिस ने आसपास और सामने के बाजार के सभी सीसीटीवी डीवीआर को अपने कब्जे में ले लिया है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने घटनास्थल के पास 2 संदिग्ध लोगों की हरकत देखी है, हालांकि पुलिस अभी इस बात की पुष्टि कर रही है कि इस धमाके में उनकी कोई भूमिका है या



नहीं। दिल्ली पुलिस ने इस धमाके के संबंध में प्रशांत विहार पुलिस थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि वे मोबाइल नेटवर्क का डेटा जुटा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि धमाके के समय आसपास कौन-कौन मौजूद थे। फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स को घटनास्थल पर एक संदिग्ध सफेद पाउडर मिला है और उन्होंने इसे जांच के लिए लैब में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि टीम ने घटनास्थल से मिट्टी के नमूने भी एकत्र किए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सफेद पाउडर अमोनियम नाइट्रेट और क्लोराइड का मिश्रण हो सकता है। विस्फोट के बाद रसायनों की दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय निवासियों और वहां पहुंचे पुलिस अधिकारियों को भी यही महसूस हुआ। हमारी टीम पूरे मामले की जांच कर रही हैं। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह किसी प्रकार का विस्फोटक है या कुछ और, इसका पता तभी चल सकेगा जब हम इसकी गहन जांच करेंगे। हमें संदेह है कि विस्फोट का कारण देशी बम हो सकता है। बता दें कि, रविवार सुबह धमाके के बाद घटना के कथित वीडियो में घटनास्थल से धुएं का गुबार निकलता दिखाई दे रहा है।

## पाकिस्तान सीनेट ने रात भर बहस के बाद विवादास्पद संविधान संशोधन विधेयक किया पारित, मच गया बवाल



**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान की 'नेशनल असेंबली ) ने रविवार रात भर चली बहस के बाद सोमवार को विवादास्पद 26वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित कर दिया। विधेयक में मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल तीन वर्ष तक सीमित करने का प्रावधान है। पाकिस्तान की मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। 'नेशनल असेंबली ने संशोधन विधेयक को सुबह पांच बजे पारित कर दिया। विधेयक को लेकर विपक्षी दलों का आरोप है कि इसका उद्देश्य स्वतंत्र न्यायपालिका की शक्तियों को कम करना है। 336 सदस्यीय सदन में 225 सदस्यों ने विधेयक का समर्थन किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और सुन्नी-इत्तेहाद काउंसिल ने संशोधन विधेयक का विरोध किया, लेकिन पीटीआइ के समर्थन से सीट जीतने वाले छह निर्दलीय सदस्यों ने विधेयक का समर्थन किया। सरकार को विधेयक पारित करने के लिए 224 मतों की आवश्यकता थी।

संशोधन को मंजूरी देने के लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक होता है और सीनेट में रविवार को संशोधन को मंजूरी देने के लिए चार के मुकाबले 65 वोट पड़े। सत्तारूढ़ गठबंधन को संसद के ऊपरी सदन में 64 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी। संसद के दोनों सदनों में विधेयक के पारित होने के बाद इसे अब पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद-75 के तहत राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा और उनके हस्ताक्षर के बाद यह कानून लागू हो जाएगा। इस विधेयक में सर्वोच्च न्यायालय के तीन वरिष्ठतम न्यायाधीशों में से एक को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने के लिए एक विशेष आयोग का गठन करने समेत कई संवैधानिक संशोधन शामिल हैं। सीनेट के इस सत्र में विधेयक पेश करते हुए कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा कि 'नए चेहरे वाले आयोग में मुख्य न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश, दो सीनेटर और नेशनल असेंबली के दो सदस्य शामिल होंगे। सीनेट और नेशनल असेंबली के दो-दो सदस्यों में से एक-एक विपक्षी दल से होगा।

इस संशोधन से अब वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के सेवानिवृत्त होने के बाद उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश के मुख्य न्यायाधीश के पद पर स्वतः पदोन्नति पर रोक लग गई है। 'स्पीकर अयाज सादिक ने 'नेशनल असेंबली में कार्यवाही की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, कैबिनेट बैठक से पहले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन पर विस्तृत चर्चा के लिए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात कर उन्हें जानकारी दी और उनसे परामर्श किया। विधेयक पारित होने के बाद शहबाज ने संसद में कहा, ''आज संविधान का यह 26वां संशोधन सिर्फ एक संशोधन नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय एकजुटता और आम सहमति का एक उदाहरण है। एक नया सूरज उगेगा, जो पूरे देश में चमकेगा।

## पाकिस्तान में 64 साल बाद एक करोड़ रुपए से होगा हिंदू मंदिर का जीर्णोद्धार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का बजट आवंटित किया गया है जिससे इस मंदिर के जर्जर होने के 64 साल बाद इसके जीर्णोद्धार का पहला चरण शुरू होगा। मीडिया में आयी एक खबर में सोमवार को यह जानकारी दी गयी। 'डॉन न्यूज की खबर के अनुसार, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखरेख करने वाली संघीय संस्था 'इवेक्यूई ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) ने पंजाब में रावी नदी के पश्चिमी तट पर स्थित नारोवाल शहर के जफरवाल नगर में बावली साहिब मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है।



यह मंदिर 1960 में जर्जर हो गया था। अभी नारोवाल जिले में कोई हिंदू मंदिर नहीं है जिससे हिंदू समुदाय को धार्मिक अनुष्ठान घर पर ही करने पड़ते हैं या उसके लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों में जाना पड़ता है। पाक धर्मस्थान कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल आर्या ने कहा कि बावली साहिब मंदिर पर ईटीपीबी के नियंत्रण के कारण वह जर्जर हो गया और नारोवाल में 1,453 से अधिक हिंदू पूजा स्थल से वंचित हो गए। पाकिस्तान के गठन के बाद नारोवाल जिले में 45 मंदिर थे लेकिन उनमें से सभी मरम्मत न होने के कारण जर्जर होते चले गए। आर्या ने कहा कि पिछले 20 साल से पाक धर्मस्थान कमेटी बावली साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार की पैरवी करती आ रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हिंदू समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए मंदिर की मरम्मत के लिए कदम उठाए हैं।

उच्चतम न्यायालय के 'वन मैन कमीशन के अध्यक्ष शोएब सिद्दल और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य मंजूर मसीह ने इस मरम्मत के प्रयास में अहम भूमिकाएं निभायी हैं। पाक धर्मस्थान कमेटी के अध्यक्ष सावन चंद ने कहा कि बावली साहिब मंदिर की मरम्मत से हिंदू समुदाय की दीर्घकालीन मांग पूरी होगी, जिससे उन्हें प्रार्थना स्थल पर धार्मिक अनुष्ठान करने की अनुमति मिलेगी। पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, पाकिस्तान में 75 लाख से अधिक हिंदू रहते हैं। हालांकि, समुदाय के मुताबिक, देश में 90 लाख से अधिक हिंदू हैं।

## क्यूबा में तीसरे दिन भी बिजली संकट बरकरार

### पूरे देश में ब्लैकआउट; तूफान ऑस्कर को लेकर जारी चेतावनी

**हवान एजेंसी।** लैटिन अमेरिकी देश क्यूबा इन दिनों भयंकर बिजली संकट से गुजर रहा है। क्यूबा के मुख्य एनर्जी प्लांट एंटोनियो गिटारस पावर प्लांट में खराबी आ गई जिसके कारण क्यूबा के करोड़ों लोग तीसरे दिन भी देशव्यापी ब्लैकआउट का सामना कर रहे हैं। रॉयटर के मुताबिक, 24 घंटे ज्यादा बीत जाने के बाद भी अभी तक समस्या जस के तस है। हालांकि ग्रिड को तीन बार ठीक किया जा चुका है लेकिन बार-बार खराबी आ रही है।

19 अक्टूबर 2024 को हवाना में राष्ट्रव्यापी ब्लैकआउट हुआ इसके दूसरे दिन लोग कार की लाइट का उपयोग करते हुए अपने दिनचर्या के काम करते देखे गए। क्यूबा के ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक



इलेक्ट्रिक ग्रिड बंद होने से द्वीप के प्रमुख बिजली संयंत्रों में से एक एंटोनियो गुइटरस पावर प्लांट ठप हो गया, जिससे देश में ब्लैकआउट हो गया, मंत्रालय का कहना है कि समस्या को जल्द ठीक करा लिया जाएगा। क्यूबा के शीर्ष विद्युत अधिकारी लाजारो गुएरा ने कहा कि ग्रिड ऑपरेटर यूएनई, कई विद्युत संयंत्रों को शुरू करने और देश के बड़े हिस्से में बिजली बहाल करने के लिए सिस्टम में पर्याप्त क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। गुएरा ने कहा कि तकनीशियन समस्या को हल करने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने इस बात की कोई समयसीमा नहीं बताई कि क्षेत्र में बिजली कब बहाल होगी।

क्यूबा का विद्युत ग्रिड शुक्रवार को दोपहर के समय पहली बार फेल हुआ था और प्लांट के तीन विद्युत संयंत्रों में से एक बंद हो गया। ग्रिड के ध्वस्त होने से पहले ही, शुक्रवार को बिजली की कमी के कारण कम्युनिस्ट सरकार को गैर-जरूरी सरकारी कर्मचारियों को घर भेजना पड़ा था और बच्चों की स्कूल की छुट्टियां करनी पड़ी। हालांकि शुक्रवार शाम को द्वीप के कुछ हिस्सों में रोशनी देखी गई जिससे यह उम्मीद जगी कि बिजली बहाल हो जाएगी। लेकिन रविवार आते आते ग्रिड एक बार फिर फेल गए और करोड़ों लोग अंधेरे में डूब गए। वहीं, क्यूबा के शीर्ष विद्युत अधिकारी लाजारो गुएरा ने एक टीवी समाचार प्रसारण में कहा कि मैं आपको यह आश्वासन नहीं दे सकता कि हम सिस्टम को कब तक बहाल कर पाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने कहा कि डोमिनिकन गणराज्य के उत्तर में तूफान ऑस्कर के कारण आने वाले दिनों में क्यूबा के उत्तर-पूर्वी भागों में भारी बारिश और तेज हवाएं चलने का खतरा है।

## विश्व के सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के 8वें राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने ली शपथ

**जकार्ता, एजेंसी।** प्रबोवो सुबियांतो ने विश्व के सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति के रूप में रविवार को शपथ ली। पूर्व रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो (73) ने देश के सांसदों और अन्य देशों से आमंत्रित किए गए गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष मुस्लिमों के पवित्र धर्म ग्रंथ 'कुरान पर हाथ रखकर राष्ट्रपति पद की शपथ ली, जिसके बाद सड़कों पर मौजूद हजारों समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में 40 से अधिक देशों के नेता और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, सऊदी अरब, रूस, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश सम्मिलित हैं।सुबियांतो लंबे समय से बेहद लोकप्रिय राष्ट्रपति जोको विडोडो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं और उन्होंने इससे पहले दो बार 2014 और 2019 में उनके खिलाफ राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों ही मौकों पर जोको विडोडो ने अपनी हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। हालांकि, विडोडो ने पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद सुबियांतो को रक्षा प्रमुख नियुक्त किया था।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

## फिडे वर्ल्ड एमेच्योर चेस चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे नितिन



**चंडीगढ़, एजेंसी।** जीरकपुर के नीतिन राठौड़ 26 अक्तूबर से 5 नवंबर तक ग्रीस स्थित रोड्स में आयेजित होने वाले फिडे वर्ल्ड एम्योच्योर चेस चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगें। यह चैम्पियनशिप वैश्विक स्तर पर चेस गवर्निंग बाडी - वर्ल्ड चेस फेडरेशन फिडे द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें भाग लेने की स्वीकृति आल इंडिया चैस फेडरेशन द्वारा दी गई। नितिन का चयन इसी वर्ष 13 से 17 फरवरी तक आल इंडिया चेस फेडरेशन के अधीन राजस्थान चैस एसोसिएशन द्वारा जयपुर में आयोजित की गई नेशनल चेस चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुई है। गत वर्ष मस्कट (ओमान) में आयोजित की फिडे वर्ल्ड एमेच्योर चेस चैम्पियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वर्तमान में फिडे नियुक्त आर्बिटर और चैस डिवलपमेंट इंस्ट्रक्टर है जो कि चैस मंत्रा ऐकेडमी के अंतर्गत कई नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के प्लेयर्स को कोचिंग दे चुके हैं।नितिन के परिवार के सदस्य पिता बैनजाथ, माता अनीता राठौड़, बहन श्वेता राठौड और बेटा नित्यांक्ष भी कई नेशनल और इंटरनेशनल स्तर में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इसी खेल समर्पण को देखते हुए जाने माने टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 9 में पूरा परिवार अमिताभ बच्चन के समक्ष हाट सीट तक आए थे।

## वॉशिंगटन सुंदर दूसरे-तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड में बदलाव हुआ है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। ब्चष्टद्ब ने रविवार को यह जानकारी दी। सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। न्यूजीलैंड टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आई है। दूसरा मैच 24 अक्टूबर से पुणे में और तीसरा 1 नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा। वाशिंगटन सुंदर का टेस्ट करियर 25 साल के सुंदर ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक अपने करियर में कुल 4 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 265 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए। सुंदर चौथे ऑलराउंडर के रूप में टीम से जुड़े 16 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में अब 4 ऑलराउंडर्स हैं। सुंदर से पहले टीम में रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल शामिल थे।

# न्यूजीलैंड ने पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीता

### साउथ अफ्रीका को फाइनल में 32 रन से हराया




**दुबई, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में साउथ अफ्रीका को 32 रन से हराकर पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ कीवी टीम ने 14 साल बाद फाइनल में अपनी जगह बनाई, जिसमें उन्होंने पहले भी 2009 और 2010 में रनर-अप का खिताब हासिल किया था। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में, साउथ अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर केवल 126 रन ही बना सकी।

### अमेलिया केर का शानदार प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने एक बार फिर अपने अद्वितीय प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने 43 रन बनाए और साथ ही 3 विकेट भी लिए। केर को उनकी इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में ब्रुक हैलीडे ने 38 और सूजी बेट्स ने 32 रन बनाए।

### साउथ अफ्रीका की चुनौती

साउथ अफ्रीका की शुरुआत काफी अच्छी रही। कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट और तजमिन ब्रिट्स ने पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। हालांकि, वोल्वार्ड्ट 27 बॉल पर 33 रन बनाकर टीम की टॉप स्कोरर रहीं, और उनकी पारी के बाद टीम विकेट खोने लगी। साउथ अफ्रीका की टीम के लिए नॉनकुलुलेको म्लाबा ने 2 विकेट लिए, जबकि क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लार्क और अयाबोंगा खाका ने 1-1 विकेट लिया।

### फाइनल में साउथ अफ्रीका की निराशा

यह साउथ अफ्रीका के लिए लगातार दूसरी बार फाइनल हारने का मौका था, क्योंकि उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी फाइनल गंवाया था।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

न्यूजीलैंडः सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर, अमेलिया केर, ब्रुक हैलीडे, मैस्त्रस्त्रद्ध ग्रीन, इसाबेला गेज, रोजमेरी मैयर, ली ताहुहु, ईडन कार्सन और फ्रान जोनास।

साउथ अफ्रीकाः लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, एनेके बॉश, मारिजान कैप, क्लो ट्रायॉन, सुने लुस, एनेरी डर्कसेन, नादिन डी क्लार्क, सिनालो जाफ्ता, अयाबोंगा खाका और नॉनकुलुलेको म्लाबा।

इस जीत के साथ, न्यूजीलैंड ने अपने क्रिकेट इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है और अब वे टी-20 विश्व कप विजेता के रूप में एक नई पहचान बनाने के लिए तैयार हैं।

### सुल्तान जोहोर कप

## भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया जोहोर



**बाहरू (मलेशिया), एजेंसी।** दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के 2-2 गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। मोहम्मद कोनैन दाद (7वें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने गोल किए। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया। ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने 2-2 गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत ने शनिवार को जापान को हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने अपनी वही लय बनाए रखी। लेकिन वह ब्रिटेन था जिसने पहला गोल किया। उसकी तरफ से खेल के दूसरे मिनट में ही पेनरोज ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। भारत ने हालांकि इसके कुछ देर बाद ही दाद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बराबरी कर ली। ब्रिटेन ने 15वें मिनट में फिर से बढ़त हासिल कर ली जब पेनरोज ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।भारत ने हालांकि दूसरे क्वार्टर में अपना दबदबा बनाया और लगातार तीन गोल किए। स्ट्राइकर दिलराज ने 17वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर किया। शारदा नंद ने इसके बाद दिलराज की मदद से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई। उन्होंने 26वें मिनट में मनप्रीत की भी गोल करने में मदद की जिससे भारत 4-2 से आगे हो गया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीम को पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वह उनका नहीं उठा पाए। ब्रिटेन ने चौथे क्वार्टर के शुरू में रॉयडेन के गोल की मदद से वापसी की कोशिश की। भारत को 50वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। फॉर्म में चल रहे ड्रैगफ्लिकर शारदा नंद ने मौका नहीं गंवाया और गोल कर दिया। इसके कुछ सेकेंड बाद दिलराज ने मैदानी गोल करके स्कोर 6-3 से भारत के पक्ष में कर दिया।

## रबाडा ने सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट का कीर्तिमान हासिल किया, वकार यूनिस का रिकॉर्ड तोड़ा



**ढाका, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने सोमवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने 12,000 से कम गेंदों में 300 टेस्ट विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज बन गए। तेज गेंदबाज ने मीरपुर के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। दिन के पहले सत्र में मुशफिकुर रहीम का विकेट लेने के साथ ही रबाडा ने दिग्गज तेज गेंदबाज वकार यूनिस (12,602 गेंद) को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने पूर्व प्रोटियाज तेज गेंदबाज डेल स्टेन (12,605 गेंद) को भी पीछे छोड़ दिया। रबाडा लाल गेंद के प्रारूप में 300 विकेट पूरे करने वाले छठे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बन गए। वह इस सूची में स्टेन, शॉन पोलक, मखाया एंटिनी, एलन डोनाल्ड और मोर्ने मोर्कल के साथ शामिल हो गए।

मैचों के लिहाज से भारत के रविचंद्रन अश्विन 54 मैचों में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। इस बीच रबाडा का 39.3 का स्ट्राइक रेट 300 या उससे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले सभी गेंदबाजों में सबसे ज्यादा है। अपना 65वां टेस्ट खेल रहे रबाडा ने 3-26 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि वियान मुल्डर और केशव महाराज ने भी तीन-तीन विकेट चटकाए और बांग्लादेश को पहली पारी में 106 रन पर समेट दिया।

# दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे ऋषभ पंत!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को बेंगलुरु टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के हाथों 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है. अब दूसरा टेस्ट मैच 24 अक्टूबर से शुरू होना है, जो पुणे में खेला जाएगा. मगर दूसरा मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय टीम के लिए ऋषभ पंत की चोट चिंता का विषय बनी हुई है. पंत, जिन्हें पहले टेस्ट मैच में दायें घुटने में गेंद लगने से चोट आई थी. इसी कारण वो दूसरे दिन के बाद विकेटकीपिंग करते नहीं दिखे थे.

अब एक मीडिया रिपोर्ट अनुसार चयनकर्ताओं ने ऋषभ पंत को खिलाने या ना खिलाने का फैसला पूरी तरह टीम मैनेजमेंट पर छोड़ दिया है. चूंकि पहले टेस्ट मैच में दूसरे दिन के बाद ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करते दिखाई दिए थे. इसलिए यदि दूसरे टेस्ट मैच में पंत नहीं खेल पाते हैं तो ध्रुव जुरेल की प्लेइंग इलेवन में वापसी तय हो जाएगी. जुरेल जिन्होंने अब तक भारत के लिए 3 टेस्ट मैचों में 63.33 के बढ़िया औसत से 190 रन बनाए



हैं. उन्होंने इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ 90 रन की महत्वपूर्ण पारी खेल भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी.

यह भी दावा किया गया है कि टीम मैनेजमेंट द्वारा ध्रुव जुरेल की परीक्षा लेना टीम इंडिया के हित में हो सकता है. क्योंकि वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में एक बढ़िया विकल्प साबित हो सकते हैं. दूसरी ओर बीते रविवार ऋषभ पंत ने कहा था कि जिंदगी और करियर में उतार-चड़ाव आते रहेंगे, लेकिन उन्हें हर बार उनका डटकर सामना करना होगा.

बेंगलुरु टेस्ट में टीम इंडिया की पहली पारी महज 46 रन पर ऑलआउट हो गई थी. दूसरी ओर जवाब में न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 356 रनों की विशाल बढ़त हासिल कर ली थी. ऐसे में भारत को दूसरी पारी में जीत की राह तय करने के लिए कीवी टीम से भी बडा स्कोर खड़ा करने की जरूरत थी. पंत ने भारत की दूसरी पारी में 99 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली और 150 रन बनाने वाले सरफराज खान के साथ मिलकर 177 रन की पार्टनरशिप भी की. मगर पंत-सरफराज की ये पारियां टीम इंडिया को जीत दिलाने में नाकाम साबित हुई.

# शतक पर शतक ठोक रहे चेतेश्वर पुजारा, लारा से निकले आगे, ये बड़ी उपलब्धि भी हासिल की

**नइदिल्ली, एजेंसी।** चेतेश्वर पुजारा ने राजकोट में छत्तीसगढ़ के खिलाफ सौराष्ट्र के लिए दूसरे दौर में अपना 25वां रणजी ट्रॉफी शतक लगाया। पुजारा ने सोमवार (21 अक्टूबर) को बल्लेबाजी करते हुए 197 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। छत्तीसगढ़ ने पहली पारी में 7 विकेट पर 578 रन बनाए हैं। पुजारा ने इस साल सौराष्ट्र और काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स के लिए 16 प्रथम श्रेणी मैचों में अब तक छह शतक लगाए हैं।

पुजारा ने अपना 66वां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा। इससे वह इस प्रारूप में ब्रायन लारा के शतकों की संख्या से आगे



निकल गए। भारतीय क्रिकेटर्स में पुजारा प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और शतक बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह केवल लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर,मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ से पीछे हैं।

पुजारा ने अपनी 273वीं पारी के दौरान फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 21,000 रन भी पूरे किए। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवल में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद से टेस्ट टीम से बाहर रहने के बावजूद पुजारा ने रेड बॉल सर्किट में रन बनाना जारी रखा है। 36 वर्षीय पुजारा ने पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में आठ मैचों में 69.08 की औसत से 829 रन बनाए थे।

2024 में पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में सौराष्ट और ससेक्स के साथ 16 प्रथम श्रेणी मैचों में अब तक छह शतक लगाए हैं। पुजारा के 25 शतकों से रणजी ट्रॉफी में सक्रिय खिलाड़ियों में केवल पारस डोगरा (30) ही आगे हैं। सीतांशु कोटक के बाद पुजारा लगभग 7500 रनों के साथ सौराष्ट्र के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।



# मां बनने के बाद हुआ खत्म दीपिका का 6 साल का इंतजार, वर्ल्ड कप में लगाया पेरिस ओलंपिक के जख्मों पर मरहम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जब भी कोई औरत मां बनती है तो अकसर लोगों को लगने लगता है कि उसका करियर खत्म हो गया है। चाहे वह कोई एक्ट्रेस हो, कोई बिजनेसवुमेन हो या फिर खिलाड़ी हो। हालांकि भारत की तीरंदाज दीपिका ने यह साबित किया की मां बनना जिंदगी में एक अल्पविराम तो हो सकता है लेकिन पूर्णविराम नहीं है। मां बनने से जिंदगी में सफलता हासिल करने की हिम्मत और बढ़ जाती है और प्रेरणा मिलती है। इसी हिम्मत और प्रेरणा के दम पर दीपिका ने वह कर दिखाया जो पेरिस ओलंपिक में नहीं कर पाई।

### दीपिका ने जीता मेडल

दीपिका ने रविवार देर रात को तीरंदाजी वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल जीता। दीपिका को फाइनल में चीन की लि जियामान के हाथों मिली लेकिन वह सिल्वर अपने नमा करने में कामयाब रही। इससे पहले सेमीफाइनल में उन्होंने मेक्सिको की टोक्यो ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अलेजेंड्रा वेलेंसिया को 6-4 से मात दी थी। वहीं क्वार्टर फाइनल में में चीन की यैंग को 6-0 से मात दी थी।

### बेटी के जन्म के 15 दिन बाद ट्रेनिंग करने लगी थीं दीपिका

दीपिका ने आर्चरी वर्ल्ड कप में पिछ्ला मेडल साल 2018 में जीता था। इसके बाद से दीपिका संघर्ष कर रही थीं। उन्हें किसी भी वर्ल्ड कप में कोई मेडल नहीं मिला। हालांकि दो साल पहले दीपिका मां बनी और अब मेडल का उनका छह साल का इंतजार खत्म हो गया। दीपिका ने इस टूर्नामेंट में छठा मेडल हासिल किया। दीपिका ने दिखाया कि मां बनना उनकी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत है और वह देश के लिए मेडल जीतने क लिए प्रतिबद्ध हैं। पेरिस ओलंपिक के ट्रायल्स में हिस्सा लेने के लिए दीपिका ने बेटी के जन्म के 15 दिन बाद ही ट्रेनिंग शुरू कर दी थी।

### पेरिस में हाथ लगी थी निराशा

भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक में सफलता नहीं मिली थी। टीम इवेंट में उनकी टीम क्वार्टर फाइनल मुकाबला हारी थीं। वहीं व्यक्तिगत इवेंट में साउत कोरिया की नाम सुहयोन से 2-6 से क्वार्टरफाइनल में हार मिली थी। इसके बाद दीपिका को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था।